✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक




पटना में बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में आयोजित व्यावसायिक समागम का उद्घाटन करते सीएम सम्राट चौधरी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 355 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 25 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## प्रधानमंत्री मोदी की अपील से युवाओं की लाइफस्टाइल का हिस्सा बनने लगी साइकिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के लिए की गई राष्ट्रव्यापी अपील का असर अब देशभर के नागरिकों और युवाओं में दिखाई देने लगा है और साइकिल प्रयोग के बढ़ते क्रेज से इस असर को महसूस किया जा सकता है। महानगरों से लेकर छोटे शहरों और कस्बों तक युवाओं के बीच साइकिल चलाने का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सुबह और शाम सड़कों, पार्कों तथा प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में युवा साइकिलिंग करते नजर आ रहे हैं। इसका सीधा असर साइकिल के बाजार पर भी पड़ा है, जहां इनकी बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में देश में फिटनेस की तरफ जो सकारात्मक माहौल बना है, उसमें प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट और स्वस्थ जीवनशैली संबंधी संदेशों की बड़ी भूमिका रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार देशवासियों से छोटी दूरी तय करने के लिए साइकिल का उपयोग करने, ईंधन की बचत करने तथा पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की है। अब साइकिल केवल बच्चों या ग्रामीण इलाकों तक सीमित नहीं रह गई है बल्कि यह शहरी युवाओं की आधुनिक लाइफस्टाइल का हिस्सा बनती जा रही है। कॉलेज जाने वाले छात्र, नौकरीपेशा युवा, फिटनेस प्रेमी और वरिष्ठ नागरिक भी नियमित रूप से साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं। बिहार की राजधानी पटना, गया, मुजफ्फरपुर, औरंगाबाद, सासाराम, भागलपुर और दरभंगा जैसे शहरों में सुबह के समय साइकिल चालकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पटना के गांधी मैदान, मरीन ड्राइव और इको पार्क के आसपास सुबह-शाम युवाओं के कई समूह सामूहिक 'साइकिल चालन' का आयोजन कर रहे हैं। साइकिल कारोबारियों के अनुसार युवाओं के बीच सामान्य साइकिलों की तुलना में स्पोर्ट्स, गियर और माउंटेन बाइक की मांग तेजी से बढ़ी है। पटना के स्टेशन रोड स्थित एक प्रमुख शोरूम संचालक ने बताया कि पिछले एक वर्ष में साइकिलों की बिक्री में करीब 30



प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। बाजार में सबसे अधिक मांग 10 हजार से 35 हजार रुपये तक की प्रीमियम और स्पोर्ट्स साइकिलों की है। व्यापारियों का मानना है कि कोरोना महामारी के बाद लोग जिम और महंगे फिटनेस उपकरणों की जगह प्राकृतिक और आसान व्यायाम के रूप में साइकिलिंग को अपना रहे हैं। औरंगाबाद के प्रमुख शिक्षण संस्थान सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्र बताते हैं कि प्रधानमंत्री की अपील के बाद साइकिल से कॉलेज आने वाले छात्रों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। छात्र राजेश कुमार ने बताया कि पहले वह बाइक से कॉलेज जाते थे लेकिन अब साइकिल का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे शरीर फिट रहता है और ट्रैफिक की समस्या से भी राहत मिलती है। वहीं कंकड़बाग की रहने वाली छात्रा नेहा सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया और फिटनेस वीडियो से प्रेरित होकर उन्होंने साइकिल चलाना शुरू किया। अब वह रोजाना करीब 10 किलोमीटर साइकिल चलाती हैं। बिहार के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ, डायबिटोलॉजिस्ट एवं योग परामर्शी डॉ. ए. के. गुप्ता का कहना है कि साइकिल पर्यावरण के अनुकूल सबसे सस्ता और स्वस्थ साधन है। प्रतिदिन 30 से 45 मिनट साइकिल चलाने से हृदय मजबूत होता है, रक्त संचार बेहतर होता है और मोटापा, मधुमेह व उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। पर्यावरणविद प्रोफ़ेसर विद्या नाथ झा ने सुझाव दिया कि यदि शहरों में सुरक्षित 'साइकिल ट्रैक' विकसित किए जाएं तो अधिक लोग इसे अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव डॉ. कौशल किशोर सिंह ने बताया कि आगामी 'विश्व साइकिल दिवस' 3 जून के अवसर पर राज्य के 14 जिलों (पटना, नालंदा, नवादा, लखीसराय, बेगूसराय, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, सारण, रोहतास, जमुई, शेखपुरा और मुजफ्फरपुर) में 1 जून से 15 जून तक भव्य साइकिल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक विश्लेषकों का मानना है कि साइकिल अब केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का वैश्विक प्रतीक बनती जा रही है, जो आने वाले समय में एक बड़े सामाजिक और पर्यावरणीय बदलाव का स्पष्ट संकेत है।

### संक्षिप्त समाचार

#### जाली नोट के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी चंपारण स्थित भारत-नेपाल सीमा पर जाली नोटों के अंतरराष्ट्रीय कारोबार पर सुरक्षा एजेंसियों ने करारा प्रहार किया है। आर्मी इंटेलिजेंस लखनऊ और बिहार एसटीएफ की संयुक्त टीम ने जाली नोट गिरोह के मुख्य सरगना सुशील तिवारी उर्फ दया तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले छह महीने से फरार था। सुशील तिवारी भारत, नेपाल और बांग्लादेश में फैले जाली नोट के नेटवर्क का संचालन कर रहा था। अधिकारियों का कहना है कि इस गिरफ्तारी से अंतरराष्ट्रीय जाली करेंसी गिरोह की कमर टूट गई है।

#### सीआइडी पीसी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अरवल(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में तैनात सीआईडी पीसी सिपाही सुरेश कुमार सिंह को रविवार को पुलिस केंद्र में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद पुलिस अधिकारियों और जवानों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। हेडक्वार्टर डीएसपी हरीश कुमार सिंह ने बताया कि सुरेश कुमार सिंह के पार्थिव शरीर को अंतिम सलामी देने के बाद उनके पैतृक गांव गोपालगंज, बिहार भेज दिया गया है।

#### उगाही करने वाला दारोगा निलंबित

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में बीपीएससी परीक्षा पास करने वाली एक छात्रा से प्रोत्साहन राशि में से 20 हजार रुपये जबरन उगाहने का मामला सामने आया है। छात्रा ने आईजी मगध को शिकायत की जिसके बाद तुरंत कार्रवाई हुई। आईजी विकास वैभव ने शिकायत पर तुरंत संज्ञान लिया और मामले की जांच एसडीपीओ टिकारी को सौंपी। जांच में सभी आरोप सही पाए गए। इसके बाद आईजी ने दारोगा मनोज कुमार को सस्पेंड कर दिया।

#### 17 नक्सलियों के खिलाफ प्राथमिकी

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के कराईकेला थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 नामजद और 10 अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली असीम मंडल उर्फ आकाश भी शामिल है। पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी में असीम मंडल के अलावा मंगल सिंह सरदार, सालुका कायम, पिंकी, कोलेमुनी, सीता और बुड़ई बोदरा को नामजद आरोपी बनाया गया है।

#### दिनदहाड़े 22 लाख की ज्वेलरी की लूट

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** तरैया थाना क्षेत्र के तरैया बाजार में दिनदहाड़े बदमाशों ने गोल्ड कारोबारी से 22 लाख रुपए की ज्लेवरी, कैश और मोबाइल लूट ली है। बताया जा रहा है कि सुबह 10 बजे गोल्ड कारोबारी बाइक की डिक्की में आभूषण रखकर दुकान जा रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने गन पॉइंट पर बाइक रुकवाई। इसके बाद सोना-चांदी के आभूषण, कैश और मोबाइल लूटकर फरार हो गए।

मुख्यमंत्री ने किया बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित व्यवसायिक समागम का उद्घाटन

## बिहार को विकसित और समृद्ध बनाने में उद्योग जगत की भूमिका सबसे अहम : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार अब बड़े स्तर पर काम करने की तैयारी में है। बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित व्यवसायिक समागम के अंतिम दिन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उद्योग, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर कई बड़ी घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में उद्योग लगाने वाले कारोबारियों की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए सरकार पूरी तरह गंभीर है। इसके लिए हर तीन महीने पर जिला स्तर पर बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में डीएम, एसपी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे ताकि व्यापारियों की समस्याओं का जल्दी समाधान हो सके। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार में उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया जा रहा है। राज्य सरकार ने औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति-2025 लागू की है और उद्योग संगठनों से सुझाव



लेकर इसमें लगातार सुधार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर उद्योग जगत को किसी नीति में बदलाव की जरूरत महसूस होती है तो वे सीधे उद्योग मंत्री से मिल सकते हैं। सरकार कारोबारियों के सुझावों के आधार पर नई नीतियां बनाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचना को तेजी से मजबूत किया जा रहा है। गंगा और सोन नदी के किनारे करीब 126 किलोमीटर लंबा मरीन ड्राइव बनाया जा रहा है जो दिघवारा से शेरपुर तक विकसित होगा। इसके अलावा जेपी सेतु और महात्मा गांधी सेतु के समानांतर नए पुलों का निर्माण भी किया जा रहा है। राघोपुर पुल का उद्घाटन भी जल्द होने की बात कही गई। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार को 'लैंड लॉक्ड स्टेट' की समस्या से बाहर निकालने के लिए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, सड़क नेटवर्क और नई टाउनशिप पर तेजी से काम हो रहा है। सरकार अब तक 14 हजार एकड़ जमीन अधिग्रहित कर चुकी है। वहीं टाउनशिप नीति के तहत करीब साढ़े छह लाख एकड़ क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं तैयार की जा रही हैं। इससे लगभग 6 लाख करोड़ रुपये के निवेश का रास्ता खुल सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार 14 करोड़ लोगों का बड़ा बाजार है। राज्य में (शेष पृष्ठ 11 पर)

## कानून व्यवस्था पर 29 मई से समीक्षा बैठक करेंगी डीजीपी तदाशा मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड डीजीपी तदाशा मिश्रा 29 और 30 मई को लगातार राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी, रेंज आईजी, डीआईजी समेत मुख्यालय के सीनियर आईपीएस अफसरों के साथ कानून व्यवस्था पर समीक्षा बैठक करेंगी। समीक्षा बैठक के लिए पुलिस मुख्यालय के द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए है। साथ ही मीटिंग का एजेंडा भी तय कर दिया गया है। झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा पहली बार राज्य के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ आमने-सामने बैठकर कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगी। 29 और 30 मई को झारखंड पुलिस मुख्यालय में सभी जिलों के एसएसपी, एसपी सहित तमाम वरीय अफसर मौजूद रहेंगे। दो दिनों तक चलने वाली समीक्षा बैठक का एजेंडा समेत मिनट टू मिनट कार्यक्रम भी तय कर दिया गया है। बैठक को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी किए गए पत्र में बताया गया है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय के सभागार में कानून



व्यवस्था से जुड़े तमाम एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में कानून व्यवस्था से संबंधित पीपीटी का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। राज्य के मुख्य अपराध से संबंधित पीपीटी का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। एराज्य के वर्तमान नक्सल परिदृश्य से संबंधित पीपीटी प्रेजेंटेशन स्पेशल ब्रांच के द्वारा किया जाएगा। नए कानून से संबंधित पीपीटी का प्रस्तुतीकरण पुलिस उप महानिरीक्षक जैप के द्वारा किया जाएगा। डीजीपी की बैठक में आगामी श्रावणी मेले को लेकर भी विशेष रणनीति तैयार की जाएगी।

## शिक्षकों को एक्स्ट्रा क्लास पर मिलेगा इंसेंटिव : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले नियोजित और प्रारंभिक शिक्षकों को सम्राट सरकार ने खुशखबरी दी है। बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने शिक्षकों को भरोसा दिलाते हुए घोषणा की कि एक सप्ताह के भीतर शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारियों और शिक्षक संघ के मुख्य नेताओं के बीच पटना में हाई लेवल मीटिंग कराई जाएगी। इस बैठक में शिक्षकों की हर छोटी-बड़ी समस्या और मांगों पर चर्चा होगी और उनका हमेशा के लिए एक परमानेंट समाधान निकाला जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री को शिक्षकों ने मांग पत्र भी सौंपा। इस पर मंत्री मिथिलेश तिवारी ने मुस्कुराते हुए कहा कि अगर मुझे पहले से अंदाजा होता कि शिक्षकों की तरफ से इतना मोटा मांग पत्र मिलने वाला है तो मैं अपने साथ सचिवालय से पूरा शिक्षा मंत्रालय ही उठाकर यहां ले आता। उन्होंने कहा कि सरकार हर सही मांग पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों की पढ़ाई को बेहतर करने के लिए स्कूलों में अतिरिक्त समय देकर एक्स्ट्रा क्लास लेंगे, उन्हें सरकार अब इंसेंटिव के रूप में एक्स्ट्रा पैसे देगी और इसके लिए बहुत जल्द एक नई नियमावली लाई जा रही है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों से कहा कि बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चे किसी भी हाल में मजबूरी में प्राइवेट स्कूलों की तरफ न भागें। इसका पक्का संकल्प राज्य के हर एक शिक्षक को अपने दिल में लेना होगा। उन्होंने प्राइवेट कोचिंग संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि पूरे बिहार में जब तक सरकारी स्कूलों की टाइमिंग रहेगी, उस दौरान कोई भी निजी कोचिंग संस्थान नहीं चलाया जा सकेगा।

## मंत्री विजय सिन्हा ने देवघर में की पूजा अर्चना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** बिहार सरकार के कृषि एवं खान-भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। देवघर पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्हें मंदिर परिसर स्थित प्रशासनिक भवन तक पहुंचाया गया। यहां पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उनका संकल्प कराया। मंदिर परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी लगातार व्यवस्था की निगरानी करते नजर आए। मंदिर में प्रवेश से पहले मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शिवगंगा तालाब में पवित्र स्नान और आचमन किया। इसके बाद वे बाबा मंदिर पहुंचे और पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न की। पूजा के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने बाबा बैद्यनाथ धाम से अपने विशेष आध्यात्मिक जुड़ाव का जिक्र



किया। उन्होंने बताया कि जब बिहार और झारखंड एक ही राज्य थे, उस समय उनका उपनयन संस्कार भी देवघर में ही संपन्न हुआ था। उन्होंने इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण आध्यात्मिक स्थल बताते हुए कहा कि यहां आकर उन्हें विशेष आत्मिक शांति का अनुभव होता है। मंत्री ने बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना की कि बिहार और झारखंड दोनों राज्यों का मान-सम्मान देशभर में बढ़े और समाज अराजकता व अशांति से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि बिहार अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और संस्कारों के लिए पूरे देश में जाना जाता है। आने वाले समय में राज्य एक बार फिर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। इस अवसर पर भाजपा के कई स्थानीय कार्यकर्ता और समर्थक भी उनके साथ मौजूद रहे, जिन्होंने मंदिर परिसर में मंत्री का स्वागत किया और पूजा-अर्चना में भाग लिया।

## बोलेरो-ट्रक ने तीन को रौंदा, दो की मौत

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी चंपारण जिले के लिए रविवार का दिन हादसों भरा रहा। जिले के संग्रामपुर और कोटवा थाना क्षेत्रों में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला और एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के मंगलापुर के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार दंपति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। मठिया गांव निवासी रामपुकार यादव अपनी पत्नी रमिता देवी (26 वर्ष) का इलाज कराने डॉक्टर के पास जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रमिता देवी ने अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं कोटवा थाना क्षेत्र के बेलवा माधवपुर चौक के समीप एनएच पर एक अनियंत्रित ट्रक ने साइकिल सवार 18 वर्षीय युवक रामभरोस को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

## नई गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन पर लगेगा एक प्रतिशत सेस : विजय चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने रविवार को जदयू कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमत, बिहार में बढ़ते तापमान, पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था को लेकर बयान दिया। विजय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार एनवायरनमेंट फंड यानी क्लाइमेट फंड बनाया जाएगा। राज्य सरकार के सभी विभागों में 0.25 प्रतिशत सेस लगाया जाएगा। इसके अलावा नई गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन पर भी एक प्रतिशत सेस लिया जाएगा। यह राशि क्लाइमेट फंड में जमा होगी और इसका इस्तेमाल पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए किया जाएगा। इसके अवाला कहा कि पेट्रोल-डीजल की खपत कम करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लोगों से इसकी खपत कम करने की अपील कर चुके हैं। कई देशों की तुलना




में भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें नियंत्रित हैं। जब कोई व्यक्ति बिहार में नई गाड़ी खरीदेगा और उसका रजिस्ट्रेशन करवाएगा तब सरकार उससे रजिस्ट्रेशन फीस के अलावा अतिरिक्त पैसे भी लेगी। इसी अतिरिक्त पैसे को सेस कहा जाता है। डिप्टी सीएम के मुताबिक नई गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन पर एक प्रतिशत सेस लगाया जाएगा। यानी अगर किसी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन अमाउंट 10 लाख रुपए है तो उसके ऊपर 10 हजार रुपए अतिरिक्त देने पड़ सकते हैं। सरकार का कहना है कि यह पैसा सीधे क्लाइमेट फंड में जाएगा। बिहार में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। डिप्टी सीएम ने कहा कि पटना का तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। दिन के समय ऐसी गर्म हवा चल रही है जैसे आग बरस रही हो। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के एक जिले में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। ऐसे में बिहार के लोगों को अभी से सतर्क होने की जरूरत है। विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अगर जलवायु परिवर्तन को लेकर अभी से गंभीर कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में बिहार में भी हालात और खराब हो सकते हैं। डिप्टी सीएम ने बिहार के लोगों और उद्योगपतियों से पर्यावरण बचाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी कहते थे कि पृथ्वी का उतना ही उपयोग करना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए भी संसाधन बचे रहें। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना होगा।




C M Y K

# राष्ट्र प्रथम की भावना से सशक्त संगठन ही विकसित बिहार और विकसित भारत का आधार : सम्राट चौधरी

## भाजपा संगठन राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम, कार्यकर्ता इसकी सबसे बड़ी ताकत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना सिटी में संगठनात्मक जिला पटना महानगर द्वारा आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' के समापन सत्र में सहभागिता करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक वैचारिक संगठन है जो समर्पित कार्यकर्ताओं की शक्ति पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांत भाजपा की कार्यशैली का मूल आधार है। ऐसे प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से समृद्ध करने के साथ-साथ संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाते हैं। उन्होंने संगठनात्मक यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं के संघर्ष, संगठन विस्तार की यात्रा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए जनकल्याणकारी कार्यों एवं बिहार में डबल इंजन सरकार के विकासात्मक प्रयासों को प्रभावशाली तरीके से प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है तथा गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल विकास एवं युवाओं के लिए अवसर सृजन जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों और विचारों को समाज के बीच ले जाकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें तथा विकसित बिहार एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। 'राष्ट्र प्रथम' की भावना, सेवा का संकल्प और संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में 41 लाख परिवारों ने बनाया पक्का मकान : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री श्रवण कुमार सह जदयू विधायक दल के नेता ने कहा कि सूबे के ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण का लक्ष्य लगभग पूरा होने की ओर है। इस योजना के अंतर्गत 2016-17 से अब तक 49 लाख 18 हजार 758 लक्ष्य के मुकाबले कुल 49 लाख 9 हजार 797 लाभुकों को आवास की स्वीकृति दी गई है। इनमें से 41 लाख 12 हजार 565 लाभुकों ने आवास निर्माण पूरा कर लिया है। इस अवधि में 48 लाख 57 हजार 308 लाभुकों को पहली किश्त, 45 लाख 97 हजार 397 लाभुकों को दूसरी किश्त व 42 लाख 5 हजार 864 लाभुकों को तीसरी किश्त की राशि दी जा चुकी है।

**पहले चरण में शानदार उपलब्धि**

मंत्री ने बताया कि पहला चरण लगभग पूरा हो चुका है जबकि दूसरे चरण में भी अच्छी प्रगति दर्ज की गई है। पहले चरण (2016-17 से 2021-22) में 37 लाख 1 हजार 138 आवास निर्माण का लक्ष्य था जिसके विरुद्ध 37 लाख 571 लाभुकों को स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें से 36 लाख 99 हजार 636 लाभुकों को प्रथम किश्त, 36 लाख 70 हजार 490 को दूसरी किश्त और 36 लाख 54 हजार 709 लाभुकों को तीसर किश्त का भुगतान किया जा चुका है। 36 लाख 62 हजार 143 लाभुकों ने आवास निर्माण पूर्ण कर लिया है। मंत्री श्री कुमार ने आगे बताया कि दूसरे चरण में वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए प्राप्त लक्ष्य 12 लाख 17 हजार 620 के विरुद्ध 12 लाख 9 हजार 226 लाभुकों को आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 11 लाख 57 हजार 672 लाभुकों को प्रथम किश्त, 9 लाख 26 हजार 907 को द्वितीय किश्त व 5 लाख 51 हजार 155 लाभुकों को तृतीय किश्त की राशि जारी कर दी गई है। 4 लाख 50 हजार 422 लाभुकों ने आवास निर्माण पूरा कर लिया है। योजना पर अब तक 55,66,080.05 लाख रुपये (लगभग 5.57 लाख करोड़) खर्च किए जा चुके है। शेष निर्माण के लिए 4,27,528.80 लाख (लगभग 42,753 करोड़) अतिरिक्त राशि की जरूरत है। वित्तीय वर्ष 2026-27 से सभी लाभार्थियों को सहायता राशि एसएनए-स्पर्श के माध्यम से दी जाएगी। फिलहाल राज्य नोडल खाते में राशि समाप्त हो चुकी है। इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय से 1,600 करोड़ रुपये के मदर सैंक्शन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2016-17 से इन्दिरा आवास योजना को पुर्नगठित कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) चल रहा है। इस योजना के तहत प्रति लाभुक को आवास निर्माण के उद्देश्य से 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि दी जा रही है।

# एलजीइ इंडिया ने किया सबसे अधिक तिमाही राजस्व दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा की। इस तिमाही में एलजीई इंडिया ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ तिमाही प्रदर्शन दर्ज किया-चौथी तिमाही वित्त वर्ष 26 में संचालन से 80.54 बिलियन का राजस्व प्राप्त किया जबकि चौथी तिमाही वित्त वर्ष 25 में यह 74.48 बिलियन था। साथ ही चौथी तिमाही वित्त वर्ष 26 में एबिटडा मार्जिन 11.7 प्रतिशत रहा। यह मजबूत तिमाही प्रदर्शन सभी श्रेणियों में व्यापक मांग में हुए सुधार और लार्ज-पैनल टीवी, फ्रेंच-डोर रेफ्रिजरेटर, फुली ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन और 5-स्टार रेटेड एयर कंडीशनर के नेतृत्व में प्रीमियम उत्पादों की निरंतर बढ़ती मांग से प्रेरित था। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर होंग जू जियोन ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने चौथी तिमाही वित्त वर्ष 26 में अपना अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व दर्ज किया है जो हमारे ब्रांड की मजबूती और हमारे बिजनेस मॉडल के लचीलता का प्रमाण है।

# एनटीपीसी बाढ़ में बालिका सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बाढ़।** एनटीपीसी बाढ़ द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026 का उद्घाटन समारोह सौहार्द भवन, ओजस नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरेकृष्ण जेना, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एनटीपीसी बाढ़ एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनटीपीसी गीत एवं जीइएम छात्राओं के स्वागत गीत से हुई। बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026 के अंतर्गत परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से चयनित 55 बालिकाओं को 28 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास के माध्यम से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को गणित, अंग्रेजी, हिंदी, कंप्यूटर शिक्षा एवं सामान्य ज्ञान के साथ-साथ योग, कराटे, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा नेतृत्व क्षमता से संबंधित विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अपने संबोधन में हरेकृष्ण जेना ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण बालिकाओं के सपनों को नई उड़ान देने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बालिकाएं ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम के दौरान पिछले वर्ष की जीइएम छात्राओं एवं बाल भवन के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही जीइएम छात्राओं द्वारा अपने अनुभव भी साझा किए गए। इसी क्रम में जीइएम फिल्म का प्रदर्शन एवं छात्राओं के बीच शिक्षण सामग्री किट का वितरण भी किया गया। उद्घाटन समारोह के साथ ही बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026 की औपचारिक शुरुआत हुई जो आगामी चार सप्ताह तक विभिन्न शिक्षाप्रद एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में अजीत कुमार सिंह, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम), अरुण कुमार सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं ईंधन प्रबंधन), मंदाकिनी क्लब की वरिष्ठ सदस्याएं, विभिन्न विभागाध्यक्षगण, एसोसिएशन एवं यूनियन के पदाधिकारीगण, जीइएम -2026 में सहभागी बालिकाएं, उनके अभिभावक, प्रशिक्षण एजेंसी के प्रतिनिधिगण तथा अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हर थाली में बिहारी तरकारी, अभियान को मिलेगा बड़ा मंच, पटना में जुटेंगे देशभर के खरीदार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हर थाली में बिहारी तरकारी अभियान को गति देने के लिए 25 मई को डी.एन.एस., क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पटना में राज्यस्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न संस्थागत खरीदार, सब्जी उत्पादक समूह, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), विभिन्न सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि और कृषि विशेषज्ञ भाग लेंगे। सम्मेलन का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव करेंगे। सहकारिता विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फेडरेशन लिमिटेड (वेजफेड) द्वारा इस एक दिवसीय राज्यस्तरीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन 2026 का आयोजन किया जा रहा है। सहकारिता विभाग राज्य के सब्जी उत्पादक किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने और इसके लिए सशक्त बाजार व्यवस्था विकसित करने के लिए यह पहल कर रहा है। बिहार सब्जी उत्पादन एवं बागवानी के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।

# संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी संगठन जिला ढाका द्वारा मोतिहारी के रामसन प्लाजा, बरियारपुर में आयोजित दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' जिला स्तरीय कार्यशाला के दूसरे दिन बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लिए संगठन सर्वोपरि है और कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास की सोच को पहुंचाने के लिए समर्पित है। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं में वैचारिक चेतना, संगठनात्मक अनुशासन और सेवा भाव को मजबूत करने का एक व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल दर्शन अंत्योदय और एकात्म मानववाद पर आधारित है जिसमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और बिहार में एनडीए सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज देश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन इसके साथ अनेक राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियां भी सामने हैं। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन इसलिए बनी है क्योंकि यहां कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं और संगठन की विचारधारा ही पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा, समर्पण और अनुशासन के साथ समाज के बीच सक्रिय रहने का आग्रह किया।

# होटल में घुसकर युवती से छेड़खानी, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रूपसपुर थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में युवती से छेड़खानी का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बेगूसराय से आए एक व्यक्ति अपनी पुत्री के साथ होटल हिडेन विला में ठहरे हुए थे। इसी दौरान देर रात नशे की हालत में एक युवक उनके कमरे में घुस गया और युवती के साथ छेड़खानी करने लगा। घटना के दौरान पिता के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भागने लगा। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रूपसपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छापेमारी कर आरोपी सतेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बिहार के जंगलों और झीलों में निवेश का बड़ा मौका, सरकार ने निवेशकों को दिया न्योता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से रविवार को अरण्य भवन में निवेशकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों एवं निवेशकों ने भाग लिया। बैठक में बिहार में इकोटूरिज्म की अपार संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा राज्य में विश्वस्तरीय पर्यटन अवसंरचना विकसित करने की दिशा में विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में विभाग के पीसीसीएफ हॉफ अरविंदर सिंह ने बताया कि भीमबांध परियोजना का आरएफपी पहले ही सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके साथ ही विभाग द्वारा ईओआई भी जारी किया गया है जिसमें 27 डैम साइट्स तथा 247 तालाब एवं पोखर स्थलों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग इन स्थलों पर निजी निवेशकों को आमंत्रित करना चाहता है, ताकि बड़े पैमाने पर इकोटूरिज्म को विकसित किया जा सके। उन्होंने बताया कि विभाग की योजना इन स्थलों को मानकों के अनुरूप विश्वस्तरीय अवसंरचना के साथ विकसित करने की है। इसके लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा और परियोजनाओं को 'बिल्ड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर' मॉडल पर संचालित किया जाएगा। बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में अपलोड किए गए आरएफपी एवं ईओआई के संबंध में निवेशकों और संबंधित पक्षों को जानकारी उपलब्ध कराना था। साथ ही आगामी 9 जून को आयोजित होने वाली बैठक के लिए उद्योग एवं व्यापार संगठनों, चैंबर ऑफ कॉमर्स, सीआईआई तथा बड़े निवेशकों को आमंत्रित करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। विभाग ने निजी

# के.वाई.पी. में भारी अव्यवस्था से छात्रों का भविष्य संकट में, मिशन निदेशक और स्कूलनेट पर उठे गंभीर सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी कुशल युवा कार्यक्रम योजना अब गंभीर विवादों में घिरती जा रही है। बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित इस योजना में पूरे बिहार से छात्रों एवं प्रशिक्षण केंद्र संचालकों द्वारा लगातार तकनीकी गड़बड़ी, परीक्षा बाधित होने, प्रमाणपत्र लंबित रहने और भुगतान अटकने की शिकायतें सामने आ रही है। छात्रों का आरोप है कि महीनों तक नियमित प्रशिक्षण लेने के बावजूद उनका ऑनलाइन एग्जाम समय पर नहीं हो पा रहा है। कई छात्रों का कोर्स अंतिम चरण में पहुंचकर भी अधूरा दिखाया जा रहा है जिसके कारण उन्हें न प्रमाणपत्र मिल रहा है और न ही सिक्योरिटी डिपॉजिट वापस हो पा रहा है।

वहीं दूसरी ओर के.वाई.पी. केंद्र संचालकों का कहना है कि प्रशिक्षण पूरा कराने के बावजूद महीनों से उनकी राशि लंबित है। संचालकों का आरोप है कि पोर्टल की खराब व्यवस्था, सर्वर की तकनीकी समस्याएं और गलत नीतियों ने पूरे सिस्टम को अव्यवस्थित कर दिया है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि इस संबंध में बिहार कौशल विकास मिशन के निदेशक मनीष शंकर से संपर्क करने पर केवल 'टालमटोल' किया जाता है। संचालकों का कहना है कि समस्याओं के समाधान के बजाय लगातार आश्वासन देकर मामले को टाल दिया जाता है। इसके साथ ही योजना के संचालन से जुड़े स्कूलनेट के कर्मियों पर भी सही और वास्तविक जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया गया है। केंद्र संचालकों का कहना है कि परीक्षा बाधित होने, कोर्स अधूरा रहने एवं तकनीकी गड़बड़ियों को लेकर स्पष्ट जवाब नहीं दिया जाता जिससे छात्रों और प्रशिक्षण केंद्रों में भारी असंतोष है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये स्वतंत्रता सेनानी वैद्यनाथ ओझा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रविवार को स्वतंत्रता सेनानी एवं आयुर्वेद के महान चिकित्सक स्वर्गीय वैद्य नाथ ओझा की पुण्यतिथि पर वैद्यनाथ जानकी सामाजिक सेवा संस्थान के प्रधान कार्यालय पटना में तथा उनके पैतृक गांव कर्जा में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पटना में संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ ओझा की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था 'पाश्चात्य चिकित्सा प्रणाली और आयुर्वेद'। अपने अध्यक्षीय भाषण में संस्था के अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ ओझा ने बताया कि पश्चिमी देशों के सोची समझी साजिश और मैकाले की शिक्षा व्यवस्था ने हमारे संस्कृति के साथ-साथ आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को भी बहुत नुकसान पहुंचाया। पर आयुर्वेद की दिशा में हो रहे अध्ययन और शोध से यह साबित हो रहा है कि यह चिकित्सा प्रणाली बहुत से क्षेत्रों में एलोपैथ और अन्य चिकित्सा प्रणालियों से काफी आगे है।

# भगवानपुर कांड में कांग्रेस जांच दल ने किया घटनास्थल का दौरा, पीड़ित परिवार को दिलाया न्याय का भरोसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित जांच प्रतिनिधिमंडल ने आज भगवानपुर में हुई अपराधिक घटना के संबंध में घटनास्थल का दौरा किया तथा पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और उनकी आवाज को मजबूती से उठाने का भरोसा दिया। पीड़ित परिवार ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि घटना के बाद जब वे थाना पहुंचे तो उनकी कोई समुचित सुनवाई नहीं हुई और केवल आवेदन लेकर मामले को टालने की कोशिश की गई। परिवार का आरोप है कि पुलिस जांच के लिए पहुंची जरूर, लेकिन वहां भी उनके साथ अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौज किया गया। इससे यह प्रतीत होता है कि मामले को दबाने और पीड़ित पक्ष की आवाज को कमजोर करने का प्रयास किया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। घटना स्थल पर मौजूद मीडिया कर्मी को संबोधित करते हुए प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता मिन्नत रहमानी ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करे तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराए। प्रतिनिधिमंडल में मिन्नत रहमानी के अलावा प्रेमचंद सिंह, प्रो. कुमारी अनिता, रणजीत वाल्मीकि, रीता सिंह, एडवोकेट नीलम प्रवीण, नंद किशोर सिंह, सुधीर शर्मा समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# तर्कशास्त्रकार अन्नमभट्ट की स्मृति में संस्कृत शिक्षण शिविर सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना द्वारा आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित तर्कसंग्रहकार अन्नमभट्ट स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य समापन समारोह संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह लगातार 44 वां संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर रहा जिसमें देश-विदेश के अनेक विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के प्राचार्य, आचार्य तथा प्रतिभागी जुड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि संस्कृत भाषा को जन -जन तक पहुंचाकर ही तर्कसंग्रहकार अन्नमभट्ट को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। उन्होंने संस्कृत को भारतीय संस्कृति और ज्ञान परम्परा की आधारशिला बताते हुए इसके प्रसार में सभी भारतीयों को सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने तर्कसंग्रहकार अन्नमभट्ट के योगदानों की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि न्याय एवं वैशेषिक दर्शन को सरल रुप से समझने के लिए तर्कसंग्रह ग्रंथ का अध्ययन अति आवश्यक है। पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा पदाधिकारी उत्तर प्रदेश अमरनाथ उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में उपस्थित होना अति आवश्यक है।

# बिहार एआई समिट में जीएनएसयू के छात्रों ने प्रस्तुत किया 'एग्री हेल्थ एआई' प्रोजेक्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** ऊर्जा भवन में 23 और 24 मई को आयोजित 'बिहार एआई समिट 2026' में गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी, जमुहार के बीटेक (सीएस एंड ई) छठे सेमेस्टर के छात्रों ने किसानों के लिए अपना एआई आधारित प्रोजेक्ट 'एग्री हेल्थ एआई' प्रस्तुत किया। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य किसानों की खेती से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना और उन्हें तकनीक के माध्यम से बेहतर सहायता उपलब्ध कराना है। छात्रों द्वारा तैयार किए गए इस प्लेटफॉर्म में कई आधुनिक फीचर जोड़े गए हैं जिनमें 'माय फील्ड्स', 'क्रॉप स्कैन', 'फार्मर एआई असिस्टेंट', 'स्कीम्स एंड अलर्ट्स', 'मंडी मार्केट', 'न्यूज एंड एफएक्यू', 'कम्युनिटी', 'रिपोर्ट एंड एनालिटिक्स' और 'सेटिंग्स' जैसे सेक्शन शामिल हैं। 'माय फील्ड्स' फीचर के जरिए किसान अपनी जमीन की जानकारी एपीआई स्कैन के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद सिस्टम मिट्टी की गुणवत्ता, उसकी कमी, जरूरी पोषक तत्व, उपयुक्त फर्टिलाइजर और किस फसल के लिए जमीन बेहतर है, इसकी जानकारी देता है।

वहीं 'क्रॉप स्कैन' फीचर में किसान फसल की तस्वीर अपलोड कर सकते हैं। एआई तकनीक उस तस्वीर का विश्लेषण करके बीमारी, उसके लक्षण, उपचार, जरूरी दवाइयों और बचाव के तरीकों की जानकारी देता है। प्रोजेक्ट में मंडी बाजार का भी विशेष फीचर जोड़ा गया है। इसमें मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म के जरिए फसलों के बाजार भाव का अनुमान लगाया जाता है। इससे किसान यह समझ सकेंगे कि उन्हें अपनी फसल कब बेचनी चाहिए और कब रोककर रखना फायदेमंद हो सकता है।

इसके अलावा प्लेटफॉर्म पर सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई है। किसान पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं की पूरी जानकारी, जरूरी दस्तावेज और आवेदन प्रक्रिया इसी प्लेटफॉर्म के जरिए देख सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म हिंदी, अंग्रेजी और भोजपुरी सहित कई भाषाओं में उपलब्ध है, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान इसका उपयोग कर सकें। प्रोजेक्ट में एक स्मार्ट फर्टिलाइजर गाइड फीचर भी जोड़ा गया है जिसमें किसान अपनी जमीन का आकार और फसल चुनकर यह जान सकते हैं कि कितनी मात्रा में यूरिया, डीएपी और पोटाश का उपयोग करना चाहिए। छात्रों ने आईओटी आधारित सेंसर भी प्रदर्शित किए जो मिट्टी की नमी, तापमान और ह्यूमिडिटी की लाइव जानकारी देते हैं। इससे किसानों को खेत की स्थिति की रियल टाइम जानकारी मिल सकेगी।

# बिहार की तीन विभूतियों को पद्मश्री सम्मान, कला और कृषि विज्ञान में मिला राष्ट्रीय गौरव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों में बिहार की तीन विभूतियों को पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। लोक नृत्य, भोजपुरी लोक संगीत और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रपति भवन में 25 मई 2026 को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पद्म पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष बिहार के प्रसिद्ध लोक नृत्याचार्य विश्व बंधु को मरणोपरांत पद्मश्री सम्मान दिया जाएगा। वहीं भोजपुरी लोक संगीत के संरक्षण और संवर्धन में अहम योगदान देने वाले भरत सिंह भारती को भी पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि विज्ञान और प्रसार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ. गोपाल जी त्रिवेदी को मरणोपरांत पद्मश्री सम्मान प्रदान किया जाएगा। 23 नवंबर 1930 को जन्मे विश्व बंधु बिहार के प्रमुख सांस्कृतिक व्यक्तित्वों में गिने जाते थे। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय, लोक एवं रचनात्मक नृत्य परंपराओं को नई पहचान दिलाई। एक नर्तक, कोरियोग्राफर और गुरु के रूप में उन्होंने बिहार के आधुनिक नृत्य आंदोलन को दिशा दी और लोक नृत्य को सामाजिक जागरूकता के प्रभावी माध्यम के रूप में स्थापित किया। भोजपुर जिले के नोनौर गांव में 20 नवंबर 1936 को जन्मे भरत सिंह भारती भोजपुरी लोक संगीत की दुनिया का बड़ा नाम है। सात दशकों से अधिक समय तक उन्होंने लोक संगीत के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# रोहतास में सड़क जाम की समस्या दूर होगी : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री इं. कुमार शैलेंद्र रविवार को मंत्री बनने के बाद पहली बार रोहतास जिले के डिहरी पहुंचे। तरारी विधायक विशाल प्रशांत के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने जिले की सड़क, पुल-पुलिया एवं जाम की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का भरोसा दिया। मंत्री ने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद से वे लगातार बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं, ताकि विभाग से जुड़ी समस्याओं को जमीनी स्तर पर समझा जा सके। इसी क्रम में उनका डिहरी आगमन हुआ। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ जिले की प्रमुख समस्याओं की समीक्षा करते हुए कहा कि आवश्यकतानुसार नई योजनाएं शुरू की जाएगी तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिहरी एवं आसपास के क्षेत्रों में बढ़ती जाम की समस्या के समाधान के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी जिससे लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। साथ ही रोहतास जिले में सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों में तेजी लाने का आश्वासन भी दिया। मंत्री ने स्वीकार किया कि जिले में पुल-पुलियों की कमी और लगातार लगने वाला जाम आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है जिसे चरणबद्ध तरीके से दूर किया जाएगा। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मंत्री ने स्पष्ट कहा कि बिहार सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। राज्य में पुल-पुलियों के गिरने की घटनाओं की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी। डिहरी शहर की स्थानीय समस्याओं पर भी मंत्री ने ध्यान दिया। उन्होंने मुख्य पथ पर अतिक्रमण हटाने, फुटपाथ निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण की मांग पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। डिहरी पहुंचने पर मंत्री ने भाजपा एवं जनसंघ से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने पार्टी द्वारा आयोजित दीनदयाल पंडित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि संगठन एवं कार्यकर्ताओं के सुझावों से सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने में मदद मिलती है। इस मौके पर तरारी विधायक विशाल प्रशांत, भाजपा कार्यकर्ता, विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय नेता उपस्थित रहे।



## पिकअप-ऑटो में टक्कर, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास जिला के नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत सतर बिगहा गांव में एक पिकअप वैन तथा ऑटो में टक्कर हो गई जिससे ऑटो के ड्राइवर मनोज यादव की मौत हो गई। मनोज की उम्र 45 वर्ष थी। वह नोखा के बरांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि टक्कर इतना जोरदार था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने किसी तरह मनोज को ऑटो से बाहर निकाला। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल लाया है। वह बरांव के राम आशीष सिंह का पुत्र था। हादसे के बाद मृतक के परिजन के घर मातम छा गया है।

## सड़क किनारे मृत मिले युवक का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम, परिजनों को लू लगने की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** शहर के अटल बिहारी सिंह हाई स्कूल के समीप रविवार को एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान भभुआ शहर के नई बस्ती सेमरिया वार्ड-1 निवासी स्व. राजेंद्र राम के 34 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई रवि राम ने बताया के रौशन सुबह खाना खाकर घर से निकला था। कुछ देर बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने सूचना दी कि वह सड़क किनारे अचेत पड़ा है जब परिजन मौके पर पहुंचे तो रौशन मृत पाया गया। परिजनों ने भीषण गर्मी और लू के कारण मौत होने की आशंका जताई है। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल प्रशासन द्वारा पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है ताकि मौत के सटीक कारणों का पता चल सके।

## कार की चपेट में आने से बच्ची घायल

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा थाना क्षेत्र अंतर्गत पडुहार में डिहरी-नासरीगंज मुख्य सड़क पर रविवार को स्विफ्ट कार जो कि डिहरी से नासरीगंज की ओर जा रही थी और बच्ची पानी लेने के लिए सड़क पार कर रही थी तभी बच्ची चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार का औद्योगिक पुनर्जागरण 'विकसित बिहार' की ओर सशक्त कदम : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के दूरदर्शी सोच से राज्य औद्योगीकरण, तकनीकी नवाचार और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के स्वर्णिम युग में प्रवेश कर चुका है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में 'सुशासन से समृद्धि' के मंत्र को साकार करते हुए सम्राट जी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकास कार्यों की जो श्रृंखला शुरू की है, वह हर बिहारी के लिए गौरव का विषय है। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक वर्ष में 5 लाख करोड़ रुपये का निवेश बिहार में लाने का ऐतिहासिक संकल्प लिया है। 8000 एकड़ औद्योगिक भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है और अगले चरण में 10 हजार एकड़ अतिरिक्त भूमि तैयार होगी। इससे टेक्सटाइल, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटो सेक्टर के बड़े उद्योग स्थापित होंगे। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में बिहार आज देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो रहा है। बिहार मक्का, मखाना, केला और लीची का सबसे बड़ा उत्पादक है। इसी क्षमता को पहचानते हुए सरकार 5 मेगा फूड पार्क और 100 एमएसएमई पार्क स्थापित कर रही है। बिहटा में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी सेंटर का शुभारंभ हो चुका है, इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा वहीं प्रदेश में किसान की आय दोगुनी हो रही है। श्री पांडेय ने कहा कि पटना, गया और भागलपुर के दबाव को कम करने के लिए 11 नए सैटेलाइट व ग्रीनफील्ड टाउनशिप का रोडमैप तैयार है। नागरिक उड्डयन को नई उड़ान देते हुए पटना-गया से अंतरराष्ट्रीय सेवाएं शुरू होंगी। प्रमुख हवाई अड्डों के पास एरोसिटी, लॉजिस्टिक पार्क और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनेंगे। सुल्तानगंज में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट की योजना से सीमांचल और कोसी क्षेत्र सीधे वैश्विक मानचित्र पर आएगा। 'अर्बन नक्शा' को पूरी तरह डिजिटल कर पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज और मॉडल स्कूल खोलकर तकनीकी शिक्षा के संकल्प को जमीन पर उतारा जा रहा है। इससे गांव का बच्चा भी ग्लोबल तकनीक से जुड़ेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने साबित किया है कि बिहार अब 'बीमारू' नहीं, 'बेमिसाल' राज्य है।

# सासाराम में अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक

## शिक्षा, संस्कार और आत्मनिर्भरता से समाज की कुरीतियों को मिटाएंगी आज की वीरांगनाएं : कुमकुम सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिला मुख्यालय सासाराम की ऐतिहासिक धरती पर रविवार को स्थानीय मंगलम होटल के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा की बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। महासभा की जिलाध्यक्ष कुमकुम सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. एम.एस. सिंह मानस (संस्थापक), डॉ. प्रीति कश्यप (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), वंदना रघुवंशी (राष्ट्रीय सचिव), शिवानी सिंह (संयुक्त सचिव), रश्मी सिंह (अध्यक्ष) तथा कुमकुम सिंह (जिलाध्यक्ष) ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों के स्वागत और मनोरंजन के लिए दो नन्हीं बच्चियों अविका सिंह और सताक्षी सिंह ने मनमोहक स्वागत गान और गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह की खूब वाह-वाही बटोरी। इसके बाद टाटा, पटना, वाराणसी सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आईं वीरांगना सदस्यों को शाल और महासभा का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बैठक के दरम्यान वीरांगना की अतिथि महिलाओं ने कहा कि आज की क्षत्राणी वीरांगना को तलवार उठाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि उसे शिक्षा, संस्कार, आत्मनिर्भरता और वैचारिक चेतना की ढाल से समाज की कुरीतियों का वध करना है। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने हुंकार भरी और कहा कि यह महासभा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि रानी लक्ष्मीबाई, हाड़ी रानी और माता पद्मिनी जैसी वीरांगनाओं के संस्कारों और बहादुरी की आधुनिक विरासत है। अतीत में जब-जब देश और संस्कृति पर संकट आया, क्षत्राणियों ने अपनी वीरता से इतिहास लिखा है।



वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि जब तक समाज की आधी आबादी सशक्त और संस्कारित नहीं होगी, तब तक एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना अधूरी है। यह मंच महिलाओं को सशक्त बनाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और युवा पीढ़ी में अपनी संस्कृति के प्रति गौरव जगाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में रीना सिंह, सुनीता सिंह, किरण सिंह, ऊषा परिहार, सविता सिंह, कुमुद सिंह, रिंकी सिंह, रविता सिंह, प्रतीमा सिंह, सुजाता सिंह, संध्या सिंह, चंदन देवी, सरिता सिंह, विभा सिंह, आरोही सिंह एवं अनीता देवी के अलावा अतेन्द्र सिंह, चितरंजन सिंह, विनोद सिंह उज्जैन एवं विजय सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच का कुशल संचालन सुनंदा सिंह ने किया जबकि आए हुये सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन सत्या सिंह द्वारा किया गया।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सम्पन्न

## भाजपा का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना : प्रमोद चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा का प्रशिक्षण सेवा, समर्पण, सांस्कृतिक चेतना और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प को जगाता है। भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि उसका लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। भाजपा नेता व खनन मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी ने स्टेशन रोड स्थित झुनझुनवाला वाटिका में आयोजित पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दूसरे दिन रविवार को संबोधन में उक्त बातें कही। उन्होंने भाजपा का इतिहास, वैचारिक आधार एवं विकास यात्रा विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कहा कि सीमित संसाधन और समय चुनौतियों के बावजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने विचारधारा से समझौता नहीं किया। संगठन को लोगों तक पहुंचाने, आमजनता के जीवन स्तर को सुधार करने के लिए इसको महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओं ने किया, लेकिन राष्ट्रहित और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक क्षमता और राष्ट्र सेवा के संकल्प को और मजबूत बनाने का अवसर है। उन्होंने संगठन और सरकार में समन्वय एवं कार्यकर्ता की जिम्मेदारी विषय पर संबोधित किया। प्रदेश सह संयोजक सोशल मीडिया शिवनारायण उपाध्याय ने सोशल मीडिया, ए आई व नई तकनीक से सकारात्मक परसेप्शन निर्माण विषय पर प्रशिक्षण दिया। कहा कि हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने देश के समक्ष राजनीतिक व सामाजिक चुनौतियां पर चर्चा की। कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला वैचारिक संगठन है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना, संगठनात्मक दक्षता विकसित करना और सेवा, समर्पण तथा राष्ट्र हित की भावना को और मजबूत करना है। सह क्षेत्रीय प्रभारी अशोक भट्ट ने मीडिया विमर्श पर विचार रखे। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कार्यकर्ता विकास-गुण, आचरण और अपेक्षाएं विषय पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग, अनुशासित और समर्पित रहे, यही इस प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य है। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संतोष पटेल व संचालन जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा ने किया। प्रशिक्षण वर्ग में एमएलसी निवेदिता सिंह, पूर्व विधायक ललन पासवान, राजेश्वर राज, प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक राजू गुप्ता, बलराम मिश्र, हिमांशु चतुर्वेदी, सुशील चंद्रवंशी, शरत चंद संतोष समेत जिला से लेकर मंडल तक के भाजपा के पदाधिकारी मौजूद थे।



# बाल श्रम पर श्रम विभाग की कड़ी कार्रवाई, नाबालिग मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र बिक्रमगंज के दावथ प्रखंड में बाल श्रम के खिलाफ श्रम विभाग ने सख्त कदम उठाया है। शनिवार को बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत धावा दल ने मलियाबाग स्थित रुदल मोटरसाइकिल रिपेयरिंग सेंटर पर अचानक छापेमारी की। इस कार्रवाई से इलाके के कई व्यवसायियों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। छापेमारी के दौरान रिपेयरिंग सेंटर पर 13 वर्षीय एक नाबालिग बच्चा काम करता मिला। टीम ने तत्काल उसे काम से मुक्त कराया। बाल श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी निक्की कुमारी ने बताया कि मुक्त कराए गए बच्चे को बाल कल्याण समिति, सासाराम को सौंप दिया गया है। समिति अब बच्चे की काउंसलिंग करेगी और पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू करेगी। साथ ही बच्चे के परिजनों का पता लगाकर उन्हें भी नियमानुसार कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी। निक्की कुमारी ने कहा कि दोषी नियोजक के खिलाफ बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम के तहत दावथ थाना में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। नियोजक को नोटिस जारी कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है। बाल श्रम कराना गंभीर अपराध है जिसमें जुर्माना और जेल दोनों का प्रावधान है।

धावा दल की टीम में बाल श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के अलावा बबलू कुमार, रितेश कुमार और राहुल शुक्ला समेत अन्य सदस्य शामिल थे। विभाग ने स्पष्ट किया कि बाल श्रम उन्मूलन अभियान लगातार जारी रहेगा। होटल, ढाबा, गैरेज, दुकानों और ईंट-भट्ठों पर औचक निरीक्षण किया जाएगा। श्रम विभाग ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं बाल श्रम होता दिखे तो तुरंत सूचना दें। 14 साल से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन अपराध है।

# भू-मापी नहीं होने से परेशान भूमि स्वामी ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

## गलत प्रतिवेदन देने वाले अमीन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के डिहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मकराईन निवासी संतोष कुमार सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री को आवेदन भेजकर अंचल अकोढ़ीगोला पर भू-मापी एवं सीमांकन में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि निर्धारित शुल्क जमा करने के बावजूद महीनों बाद भी उनकी जमीन की भू-मापी नहीं कराई गई है जिससे निर्माण कार्य बाधित है। आवेदन में संतोष कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में ग्राम बराढ़ी स्थित खाता संख्या-340, प्लॉट संख्या-1223 की व्यवसायिक भूमि क्रय की थी। वहीं वर्ष 2023 में इसी भूमि से संबंधित अन्य हिस्से को उनके पुत्र आशीष आनंद के नाम से खरीदा गया। दोनों भूमि का जमाबंदी एवं लगान रसीद उनके नाम से निर्गत है तथा वर्षों से उक्त भूमि पर उनका दखल-कब्जा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भूमि विक्रेता के रिश्तेदार अजीत कुमार सिंह एवं अमित कुमार सिंह द्वारा निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाई जा रही है तथा भू-मापी एवं सीमांकन भी नहीं होने दिया जा रहा है। इसको लेकर उन्होंने अंचलाधिकारी अकोढ़ीगोला कार्यालय में कई बार आवेदन दिया तथा निर्धारित शुल्क भी जमा किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। संतोष कुमार सिंह के अनुसार 27 एवं 28 फरवरी 2025 को भू-मापी के लिए आवेदन देकर 9 मार्च 2025 को एक-एक हजार रुपये शुल्क जमा किया गया। इसके बाद 18 अप्रैल 2025 को पुनः आवेदन देकर 17 मई 2025 को 500-500 रुपये शुल्क जमा किया गया। बावजूद इसके अंचल कार्यालय द्वारा भू-मापी नहीं कराई गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एक बार अंचल अमीन स्थल पर पहुंचा, लेकिन बिना विधिवत मापी किए ही लौट गया तथा बाद में गलत प्रतिवेदन समर्पित कर दिया जिसमें उनके दखल-कब्जे से इनकार किया गया जबकि उनका कहना है कि पिछले करीब 25 वर्षों से उक्त भूमि पर उनकी दुकान संचालित है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि अमीन द्वारा सिविल कोर्ट में वाद लंबित होने का हवाला दिया गया जबकि न्यायालय से भू-मापी रोकने संबंधी कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। पीड़ित ने बताया कि इस मामले को लेकर वे कई बार जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी के जनता दरबार में जा चुके हैं तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव को भी आवेदन दिया जा चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच कराते हुए अविलंब भू-मापी एवं सीमांकन कराने तथा गलत प्रतिवेदन देने वाले अमीन के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

# बकरीद को लेकर डिहरी नगर थाना में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर रविवार को डिहरी नगर थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष राहुल की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने का संकल्प लिया। बैठक में शामिल गणमान्य लोगों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने इलाके की समस्याओं को स्थानीय प्रशासन के समक्ष रखा। इस दौरान थानाध्यक्ष राहुल ने कहा कि थाना क्षेत्र के जामा मस्जिद बारह पत्थर सहित कई मस्जिदों में बकरीद के दिन सामूहिक नमाज अदा की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी उपद्रव या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के अवशेषों को जमीन में दफन करें तथा पर्व को सादगी एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। इससे समाज में अच्छा संदेश जाता है और अमन-चैन बना रहता है। बैठक में अधिवक्ता उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय ने नवपदस्थापित थानाध्यक्ष से क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्ती कराने का अनुरोध करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बेहतर होगी। बैठक में अपर थानाध्यक्ष संजय विकास त्रिपाठी, सब इंस्पेक्टर राजबलल्भ सिंह, नगर परिषद स्वच्छता पदाधिकारी प्रणव कुमार, बिजली विभाग के जेई प्रमोद कुमार, डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय, संजय सिंह उर्फ बाला जी, अधिवक्ता वैरिस्टर सिंह, वार्ड पार्षद आनंद चौधरी उर्फ पेड़ा, शाहनवाज खान, सुरेन्द्र सेठ, सरफुद्दीन अंसारी, अब्दुल कलाम, आजाद अख्तर अंसारी, मोनी चौधरी, शोभा चन्द्रवंशी, गंगा देवी, दिनेश निषाद, विनोद यादव, कुंवर सिंह, प्रभात शेखर सिंह, सुनीता सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।




# जर्जर पुल तोड़ नए पुल का निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के सरैया से तिलौथू जाने वाले पुराने एसबीआई बैंक मार्ग पर स्थित जर्जर पुल को पूरी तरह तोड़कर नए पुल निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई है। पुल निर्माण शुरू होने के कारण इस मार्ग से आवागमन फिलहाल बाधित हो गया है। प्रशासन एवं निर्माण एजेंसी द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि तिलौथू आने-जाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल निर्माण कार्य तेजी से कराया जाए ताकि आमजन को जल्द राहत मिल सके। वहीं दूसरी ओर निर्माण कार्य के चलते गांव में प्रवेश करने वाले मुख्य मार्ग एवं गलियों में भारी वाहनों और चार पहिया वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। कई स्थानों पर सड़क किनारे वाहन खड़ा कर लोडिंग-अनलोडिंग किए जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को तिलौथू पहुंचने के लिए कई लोगों को चार-चार चक्कर लगाना पड़ा। सरैया में जाम जैसी स्थिति के कारण करीब 2 किलोमीटर तक स्कूटी चलाकर निकलना पड़ा। इससे स्कूली बच्चों, मरीजों, बुजुर्गों एवं दैनिक यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आमजन ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि गांव के प्रवेश मार्गों का चौड़ीकरण कराया जाए तथा रास्ते में बने ठोकर, अवरोध एवं अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाए, ताकि आवागमन सुगम हो सके। साथ ही पुल निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मजबूत तरीके से कराया जाए जिससे भविष्य में पुल को दोबारा तोड़ने की आवश्यकता न पड़े। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जनहित को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य को प्राथमिकता देगा और जल्द ही लोगों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



# 42 बिहार बटालियन एनसीसी के एटीसी कैंप में डिहरी हाई स्कूल के 30 कैडेट रवाना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** 42 बिहार बटालियन एनसीसी सासाराम के तत्वावधान में आयोजित एटीसी-11 कैंप का शुभारंभ 24 मई को किया गया। यह कैंप 2 जून 2026 तक कैमूर जिले के कुदरा स्थित पैराडाइस चिल्ड्रन अकादमी, लालापुर में संचालित किया जाएगा। कैंप का आयोजन कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार के निर्देशन में किया जा रहा है। इस कैंप में विभिन्न विद्यालयों के कुल 600 कैडेट भाग ले रहे हैं। वहीं हाई स्कूल डिहरी ऑन सोन के 30 कैडेट भी कैंप में शामिल होने के लिए रवाना हुए। डिहरी स्कूल के एनसीसी पदाधिकारी फर्स्ट ऑफिसर विनय कुमार एवं फर्स्ट ऑफिसर अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी कैडेट्स कुदरा पहुंचे। कैंप के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, मैप रीडिंग, हथियार खोलना-जोड़ना, हथियार चलाने का प्रशिक्षण, सेना संबंधी जानकारी तथा सामाजिक गतिविधियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएगी। इसके अलावा अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने पर भी विशेष जोर रहेगा। डिहरी हाई स्कूल के सीनियर कैडेट अर्जुन कुमार के साथ राजा कुमार, झीस कुमार पासवान, पवन कुमार, संजय कुमार, साहिल कुमार, आकाश, कारण कुमार सहित कई अन्य कैडेट्स इस कैंप में शामिल हुए।

# रोहतास जिले का गौरव बने आरएसके पब्लिक स्कूल के कैडेट, एटीसी एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के लिए गर्व की बात है कि आरएसके पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर डिहरी ऑन-सोन के 25 छात्र-छात्राओं का चयन एटीसी एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। चयनित कैडेट उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति की भावना के साथ प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु कैमूर जिले के कुदरा स्थित पैराडाइज चिल्ड्रेन अकादमी के लिए रवाना हुए। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने सभी कैडेट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आरएसके पब्लिक स्कूल डिहरी ऑन-सोन का ऐसा प्रमुख विद्यालय है जहां विद्यार्थियों को एनसीसी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को परेड ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, अनुशासन, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं सामाजिक कार्यों से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने भी सभी चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं शिविर में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के इस प्रयास की अभिभावकों ने भी सराहना की है। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



# मलमास मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था का उपमुख्यमंत्री ने लिया जायजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजकीय राजगीर मलमास मेला के अवसर पर बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने राजगीर पहुंचकर मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं, विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन की ओर से उपमुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि मलमास मेला में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए व्यापक सुरक्षा एवं सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। ब्रह्मकुंड सहित पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने बताया कि विभिन्न आवासन स्थलों पर श्रद्धालुओं के ठहरने, सोने, पेयजल, शौचालय एवं साफ-सफाई की निःशुल्क व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वृद्ध एवं असहाय श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर के माध्यम से ब्रह्मकुंड तक पहुंचाने और स्नान कराने में आपदा मित्रों एवं विकास मित्रों की विशेष भूमिका रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए जिग-जैग कतारों में श्रद्धालुओं को लगातार पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही मिस्ट कूलर, मिस्ट फैन, मिस्ट स्प्रे एवं लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को गर्मी से राहत मिल सके। वहीं एलईडी स्क्रीन पर भक्ति गीतों का प्रसारण कर श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक माहौल बनाया गया है। प्रशासन की ओर से पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी रखी जा रही है। कंट्रोल रूम से भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा पर लगातार नजर रखी जा रही है। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह हेल्थ कैंप, एंबुलेंस, आवश्यक दवाइयों एवं निःशुल्क इलाज की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। मौके पर जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर सहित कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## नवादा डीएम-एसपी ने अमझर का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। पुलिस कप्तान लम्बे अरसे के बाद जिले के थाली थाना क्षेत्र के अमझर स्थित वाटर फॉल का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के बेल्धा गांव के धर्मराज की गहरे पानी में हुई संदिग्ध मौत का बारिकी से निरीक्षण किया। आईआईटी रुड़की का छात्र धर्मराज के संदिग्ध परिस्थिति में मौत के बाद नवादा एसपी अभिनव धीमान घटनास्थल पर पहुंचे। जरूरी जानकारी लेने के बाद उन्होंने मामले को गंभीरता पूर्वक समझा। इस दौरान उन्होंने परिवार वालों को भरोसा दिलाया कि पूरी निष्पक्षता के साथ केस का अनुसंधान किया जायेगा। वैसे परिवार अभी भी इसे सुनियोजित घटना बता रही है। आने वाले समय में मौत के कारणों का खुलासा होने की संभावना है ।

# अधिक से अधिक लोगों को डाकघर से जोड़ने को लेकर हुई विस्तृत चर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। भारतीय डाक विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 को लेकर टाउन हॉल में समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं की समीक्षा करते हुए आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं अधिक से अधिक लोगों को डाकघर से जोड़ने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाककर्मियों को सम्मानित भी किया गया। सर्वाधिक खाता खोलने के लिए इस्लामपुर उपडाकघर के संजय कुमार को प्रथम, हरनौत के संतोष कुमार को द्वितीय तथा राजगीर के सोमन कुमार बोस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए कुमार अभिषेक को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा दीपू कुमार, जितेंद्र कुमार, विशाल कुमार तथा डायरेक्ट एजेंट श्रेणी में कुमकुम कुमारी, सिमरन एवं विशाल कुमार को सम्मानित किया गया। पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस के क्षेत्र में प्रीति गुप्ता, रूबी कुमारी एवं अशोक कुमार को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सीमा कुमारी, आलोक कुमार प्रखर, मुन्ना कुमार, सिंकू कुमारी, मनोज कुमार एवं संजीव कुमार को भी सम्मानित किया गया। प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर मनीष कुमार आनंद को सर्वाधिक खाता खोलने के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे डाक विभाग की विभिन्न बचत योजनाओं, बीमा सेवाओं एवं डिजिटल सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा डाकघर से जुड़कर सुरक्षित और विश्वसनीय सेवाओं का फायदा लें। इस अवसर पर पोस्टमास्टर मनीष कुमार आनंद, डाक निरीक्षक रामाशीष कुमार, विकास राय, इंद्रेश विक्रांत, रंजीत रजक, डिप्टी पोस्टमास्टर अमलेश कुमार, मिथलेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार सहित मंडल के सभी डाककर्मी उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद दक्षिण बिहार प्रांत पूर्व क्षेत्र की प्रांतीय कार्यशाला संपन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। भारत विकास परिषद दक्षिण बिहार प्रांत पूर्व क्षेत्र की प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन पतासंग स्थित एलिजियम अर्क रिजॉर्ट्स में विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीरों पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यशाला में दक्षिण बिहार प्रांत की लगभग 25 शाखाओं से पहुंचे करीब 200 कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों का अभिनंदन बिहार श्री शाखा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् गान से हुई। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह एवं प्रांतीय सचिव डॉ. रंजन आशुतोष शरण ने परिषद की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं उड़ीसा से पहुंचे क्षेत्रीय संगठन सचिव पूर्ण चंद्र खुटिआ, क्षेत्रीय संयोजक डीके शर्मा, क्षेत्रीय संयोजिका रेनू वार्ष्णेय, डॉ. अमरनाथ प्रसाद, डॉ. शांति सिंह, राष्ट्रीय सदस्य डॉ. एच.एन. भारद्वाज, क्षेत्रीय महासचिव डॉ. बाल्मीकि कुमार, संयुक्त महासचिव मुकेश कुमार, पंकज कुमार तथा डॉ. रतन संथालिया ने परिषद के पांच मूल मंत्र संपर्क, सेवा, सहयोग, संस्कार और समर्पण को समाज एवं राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। वक्ताओं ने कहा कि समर्पण और त्याग की भावना के साथ कार्य कर भारत विकास परिषद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद की आयोजक बिहार श्री शाखा के रंजीत कुमार सिन्हा सहित सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महाविष्णु महायज्ञ को लेकर 521 कलशों के साथ निकाली गई शोभायात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)**। प्रखंड क्षेत्र के राजोबिघा गांव में शनिवार को उस समय एक अभूतपूर्व भक्तिमय दृश्य देखने को मिला, जब बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित होने वाले नौ दिवसीय नवदिवसीय अनुष्ठान यज्ञ की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। इस नौ दिवसीय महाविष्णु महायज्ञ में मुख्य प्रवचनकर्ता के रूप में मंथरा निवासी विद्वान प्रवीण दुबे पधारे हैं, जिनके मुखारविंद से आगामी नौ दिनों तक क्षेत्रवासी भक्ति और अध्यात्म की रसधार में सराबोर होंगे। कलश यात्रा में रजत के वरिष्ठ नेता सहमुख अतिथि रामबालक यादव शामिल होकर जग समिति एवं ग्रामीणों का धार्मिक मनोबल बढ़ाने का काम किया यज्ञ समिति के द्वारा मुक्ति थी रामबालक यादव एवं संजय यादव प्रकाश यादव उपेंद्र यादव तथा दर्जनों आगंतुकों को यज्ञ समिति का अध्यक्ष रामबली यादव एवं मिथिलेश यादव, दीपू यादव, नीतीश कुमार, संतराज यादव के द्वारा अंग वस्त्र देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। शनिवार की सुबह राजोबिघा गांव स्थित यज्ञ मंडप से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश यात्रा की शुरुआत हुई। इस शोभायात्रा में पारंपरिक परिधानों में 521 श्रद्धालुओं ने अपने माथे पर पवित्र कलश धारण किया। पूरे पकरीबरावां नगर का भ्रमण करते हुए यह विशाल जनसैलाब स्थानीय बड़ी तालाब के तट पर पहुंचा। जिसके बाद विधि-विधान से सभी 521 कलशों में पवित्र जल भरा गया। जलभरी के पश्चात कलश यात्रा पुनः मुख्य मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल पर लौट आई, जहां कलशों को स्थापित किया गया। इस दौरान राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा की विशालता और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पकरीबरावां थाने की पुलिस टीम लगातार मॉनिटरिंग करती रही। पुलिस के जवानों और अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने और कलश यात्रा को सुरक्षित मार्ग प्रदान करने में सराहनीय भूमिका निभाई।

बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ को सफल बनाने में राजोबिघा गांव सहित पूरे प्रखंड के लोग एकजुट नजर आ रहे हैं। इस मांगलिक अवसर पर मुख्य रूप से दीपु यादव, मिथलेश यादव, रंजीत यादव, प्रमोद सिंह, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरीय नेता रामबालक यादव, एमएलसी प्रतिनिधि दिनेश यादव, पुरुषोत्तम कुमार, रूपेश कुमार, संजय कुमार, रामबली यादव, अखिलेश यादव, कृष्ण यादव, जितेंद्र यादव, सिंटू सिंघानिया और नीतीश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और मातृशक्ति उपस्थित रही।

# नगरनौसा डिग्री कॉलेज के स्थान परिवर्तन को लेकर बढ़ा विवाद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)**। नगरनौसा प्रखंड में बहुप्रतीक्षित डिग्री कॉलेज की स्थापना तो हो गई है, लेकिन इसके स्थान चयन को लेकर अब विवाद गहराता जा रहा है। कॉलेज के संचालन को लेकर दो खेमे आमने-सामने हैं एक पक्ष जहां लोदीपुर स्थित मगध विद्यापीठ उच्च विद्यालय में ही पढ़ाई जारी रखने की मांग कर रहा है, वहीं दूसरा पक्ष कॉलेज को नगरनौसा बाजार स्थित बालिका उच्च विद्यालय में शिफ्ट कराने के लिए दबाव बना रहा है। स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों का एक बड़ा वर्ग लोदीपुर के पक्ष में खड़ा है। उनका तर्क है कि लोदीपुर स्थित स्कूल में कॉलेज के लिए पर्याप्त आधारभूत संरचना मौजूद है। स्थानीय निवासी कवीन्द्र पासवान ने बताया कि स्कूल के पास 4 एकड़ 63 डिसमिल जमीन है और कॉलेज संचालन हेतु 20 कमरे उपलब्ध हैं। उन्होंने अन्य प्रखंडों का उदाहरण देते हुए कहा कि कई जगहों पर प्रखंड मुख्यालय से दूर कॉलेज का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है, इसलिए सुविधा के लिहाज से लोदीपुर ही सबसे उपयुक्त स्थान है।कॉलेज को बाजार ले जाने के प्रस्ताव पर छात्राओं में भारी नाराजगी है। छात्रा चांदनी कुमारी और आरती कुमारी ने कहा कि बाजार में शोर-शराबे और यातायात की समस्या के कारण पढ़ाई बाधित होगी। उन्होंने सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बाजार में असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़खानी का डर बना रहता है, जबकि लोदीपुर का वातावरण सुरक्षित और शांत है, जो उच्च शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।" विद्यार्थियों का मानना है कि परीक्षा के दौरान भीड़ बढ़ने पर बाजार में जाम की समस्या भी विकराल रूप ले लेगी, जिससे आम लोगों और छात्रों को भारी परेशानी होगी।

# सहयोग शिविर का आयोजन कार्यक्रम शुरु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)**। सात निश्चय के तहत सबका सम्मान, जीवन आसान के तहत सहयोग शिविर का आयोजन कार्यक्रम शुरु हुआ है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि लोक सेवाओं का ससमय प्रदायगी सुनिश्चित करना और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में होने वाले बिलंब को दूर करना है। इस कार्यक्रम को लेकर नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित करने के लिए तिथि निर्धारित कर दी गई है। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने कहा नारदीगंज में पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित करने के लिए तिथि निर्धारित हुई है। उन्होंने कहा आगामी दो जून 2026 को ओड़ो पंचायत में,16 जून को परमा पंचायत में, सात जुलाई को इचुआकरना पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित होगी। इसके अलावा 21 जुलाई 2026 को पेश पंचायत में और 8 अगस्त 2026 को ननौरा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित कर कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही विलंब को दूर किया जाएगा।

# भाजपा का 'सेवा संकल्प, मेगा हेल्थ कैंप में उमड़ी भीड़



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के बीच रविवार को रोह प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र स्थित नजरडीह गांव में भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ की ओर से विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर संजीवन हॉस्पिटल के बैनर तले आयोजित की गई। इस मेगा हेल्थ कैंप में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ नवादा के जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में करीब 400 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई और सभी को मुफ्त दवा उपलब्ध कराई गई। शिविर में फिजिशियन एवं डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. मनोज कुमार, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. पिंकी बरनवाल और गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. सबा फिरदौश ने मरीजों का इलाज किया। महिलाओं और बुजुर्गों की संख्या सबसे अधिक रही। इस कार्यक्रम का उद्घाटन गोविंदपुर विधानसभा की विधायक विनीता मेहता ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सिर्फ राजनीति नहीं बल्कि सेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ गांव-गांव तक पहुंच रही है। उन्होंने डॉक्टरों की टीम और आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे शिविर बेहद जरूरी हैं। इस आयोजन में भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल सिन्हा की अहम भूमिका रही। साथ ही साथ वहीं कार्यक्रम का संचालन जिला मुख्य प्रवक्ता सह गोविंदपुर विधानसभा संयोजक कुन्दन कुमार प्रभाकर ने की। इस मौके अर मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार की अध्यक्षता तथा महामंत्री राहुल कुमार की देखरेख में पूरा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर को सफल बनाने में पूर्व मुखिया मुन्ना, राकेश कुमार, सिद्धेश्वर रविदास, मोती चौहान, अनील सिंह, महेश सिंह समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने डॉक्टरों और आयोजकों का तालियों के साथ आभार जताया।और कहा कि इस तरह का आयोजन नवादा जिले के हर गाँव कस्बे में होना चाहिए।

# फिट इंडिया अभियान के तहत राजगीर में सीआरपीएफ की साइकिल रैली



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र द्वारा रविवार को फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान के तहत राजगीर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य जवानों एवं आम नागरिकों के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के पुलिस उप महानिरीक्षक सह प्राचार्य निखिल रस्तोगी ने किया। रैली में संस्थान के अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नियमित व्यायाम, साइकिलिंग और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। रैली के दौरान निखिल रस्तोगी ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया अभियान के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उप कमांडेंट नरेश सिंह चौधरी, उप कमांडेंट राज मंगल भक्त तथा सहायक कमांडेंट चंदन कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में निखिल रस्तोगी ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

# आर्य वीर दल की बैठक सम्पन्न, युवाओं को संगठन से जोड़ने पर बल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के कौआकोल बाजार अवस्थित आर्य समाज मन्दिर परिसर में आर्य वीर दल बिहार प्रदेश के मार्गदर्शन तथा सहसंचालक कुंदन आर्य के आहवान पर आर्य समाज के प्रधान युगल किशोर आर्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित एवं आदिवासी क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से क्षेत्रीय आर्य वीर दल का गठन किया गया। जिसमें लखन कुमार को संचालक, चंदन कुमार को सह संचालक,रंधीर कुमार आर्य को मंत्री, आयुष कुमार को उपमंत्री तथा रामरतन आर्य को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आर्य वीर दल समाज सेवा,युवाओं में चरित्र निर्माण तथा वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा। साथ ही बालवाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन के लिए महिला संगठन के गठन पर भी जोर दिया गया। सभा में कुंदन आर्य ने आर्य समाज एवं आर्य वीर दल की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे युगल किशोर आर्य ने सभी युवाओं को माला पहनाकर एवं वैदिक साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर विन्देश्वरी मंडल, कृष्णनंदन आर्य,चंदेश्वर बाबू, तोष आर्य, निलेश,अयोध्या पासवान, श्रवण साव,डॉ. चंद्रिका प्रसाद, मुकलेश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बौद्ध विरासत के संवर्धन एवं प्रसार में नालंदा विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा विश्वविद्यालय में शंघाई सहयोग संगठन के महासचिव नुरलान यरमेकबायेव एवं उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के आमंत्रण पर भारत यात्रा के दौरान उनका नालंदा विश्वविद्यालय आगमन, विश्वविद्यालय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में सतत विकास, नेट ज़ीरो पहल, 'सहभागिता', बौद्ध विरासत तथा क्षेत्रीय सहयोग जैसे विषयों पर प्रस्तुतियाँ एवं संवाद आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ हुई चर्चाओं में ज्ञान-विनिमय, सांस्कृतिक समझ, विरासत संरक्षण तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर विशेष बल दिया गया। अपने संबोधन में एससीओ महासचिव नुरलान यरमेकबायेव ने एससीओ देशों की साझा बौद्ध विरासत पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं दूरदृष्टि में साझा बौद्ध विरासत को शंघाई सहयोग संगठन के एक नए स्तंभ के रूप में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि एससीओ देशों की साझा बौद्ध विरासत के संवर्धन एवं प्रसार में नालंदा विश्वविद्यालय की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि बौद्ध विरासत मध्य एशिया सहित रूस, मंगोलिया और चीन जैसे देशों के साथ सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत संबंधों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जहाँ आज भी बौद्ध समुदाय समृद्ध रूप से विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन बौद्ध नेटवर्क, सांस्कृतिक गलियारे, भाषाएँ, लिपियाँ एवं पांडुलिपियाँ इन क्षेत्रों के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंधों को दर्शाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय इन आयामों को अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोगों में सक्रिय रूप से शामिल कर रहा है, जिसमें विभिन्न देशों के संस्थानों के साथ साझेदारी तथा बौद्ध धर्म से संबंधित सांस्कृतिक पहलें भी सम्मिलित हैं।

# पर्यवेक्षण गृह नवादा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा अरविन्द कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश पर 24 मई 2026 को पर्यवेक्षण गृह, नवादा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल उमेश्वर प्रसाद सिंह, पी०एल०वी० मनीष कुमार सिन्हा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अपने संबोधन में डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल उमेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में आम लोगों के बीच कानून की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी के अभाव में लोग विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करते हैं तथा उनका भयादोहन भी किया जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों की सहायता कर उन्हें शोषण से बचाने में समाज को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए उमेश्वर प्रसाद सिंह एवं पी०एल०वी० मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि विधिक सेवाएं बच्चों के जीवन में न्याय, सुरक्षा एवं समान अवसर सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम हैं। सरकार एवं समाज दोनों का दायित्व है कि इन सेवाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे तक पहुंचा या जाए।

# खेत में लगे सबमर्सिबल की चोरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इन दिनों खेत में लगे समरसेबल की चोरी हो रही है। ऐसे में किसानों के सामने आर्थिक परेशानी बढ़ी हुई है। घटना के बाद चोर पुलिस की पकड़ से बाहर रह रहे हैं। ऐसे में शरारततत्त्वों का मनोबल बढ़ा हुआ है। ताजा घटना शनिवार की रात में नंदपुर गांव में घटी। इस गांव में नंदपुर निवासी अमरेन्द्र कुमार के खेत में लगे दो सबमर्सिबल और चालीस किलो पाइप की चोरी कर ली गई है। इस सम्बंध में नंदपुर निवासी इंदल राजवंशी ने नारदीगंज थाना में आवेदन पत्र देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा अमरेन्द्र कुमार का खेती करता हूं। रविवार की सुबह में जब खेत पर गया, वही पर बोरिंग किया हुआ था। तो देखा कि बोरिंग पर से दोनों सबमर्सिबल और चालीस किलो पाइप की चोरी कर ली गई है। चोरों ने बंद बक्सा का ताला को तोड़कर घटना का अंजाम दिया है।

# शिक्षक पर रंगदारी और अभद्र व्यवहार का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के नरहट प्रखंड स्थित जमुआरा कन्या विद्यालय में कार्यरत शिक्षक चंदन कुमार पर विद्यालय में रंगदारी करने तथा अनुशासनहीनता फैलाने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर विद्यालय परिसर में शिक्षकों और कर्मियों के बीच काफी चर्चा है। आरोप है कि हाजरी रजिस्टर में पहले लाल कलम से अनुपस्थित अंकित किए जाने के बावजूद बाद में ऊपर से उपस्थिति बना दी गई। इसको लेकर विद्यालय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। विद्यालय सूत्रों के अनुसार, बीओ स्तर से भी लाल कलम चलने के बाद उपस्थिति दर्ज किए जाने की बात सामने आई है। वहीं प्रधानाध्यापक के साथ शिक्षक द्वारा अभद्र व्यवहार और बदतमीजी किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के बाद विद्यालय का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। स्थानीय समाजसेवी हिमांशु पप्पू ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों से बातचीत की। इस दौरान अनेक छात्रो ने बताया कि शिक्षक चंदन कुमार नियमित रूप से विद्यालय नहीं आते हैं। इस बयान के बाद ग्रामीणों और अभिभावकों में और नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है और वहां इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। शिक्षा विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की गई है।

# 15 दिनों के अंदर बड़े नालों की सफाई कार्य पूर्ण करें : डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी स्थित जिला अतिथि गृह सभागार में नगर आयुक्त एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर शहर की सफाई व्यवस्था, नाला निर्माण, जलापूर्ति, सड़क निर्माण एवं शहरी विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक से पूर्व डॉ. प्रेम कुमार ने गया टाउन क्षेत्र का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि शहर के कई बड़े नालों की अब तक समुचित सफाई नहीं हुई है तथा अनेक नाले बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं जिससे आम लोगों को परेशानी एवं दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उन्होंने सफाई व्यवस्था में अनियमितता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर निगम अधिकारियों को व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान नगर निगम अधिकारियों के साथ शहर के 18 बड़े नालों की सफाई को लेकर विशेष चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने सवाल उठाया कि विभाग द्वारा 338 छोटे नालों की सफाई की जानकारी तो दी गई, लेकिन बड़े नालों की सफाई को लेकर कोई स्पष्ट कार्ययोजना प्रस्तुत नहीं की गई। उन्होंने सभी बड़े नालों की सफाई कार्य पूर्ण करने के लिए 15 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की। अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम के पास सफाई कार्य हेतु कुल 10 मशीनें उपलब्ध है। इस पर डॉ. प्रेम कुमार ने छोटे नालों को शीघ्र ढकने एवं नालों की वास्तविक स्थिति की जांच के लिए स्थल निरीक्षण कराने का निर्देश दिया। बैठक में सफाई कर्मियों के भुगतान संबंधी विषय पर भी चर्चा हुई। पूर्व में प्राप्त शिकायतों का उल्लेख करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को उनका निर्धारित उचित पारिश्रमिक 428 प्रतिदिन समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में पारदर्शी व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त पथ निर्माण विभाग से संबंधित तीन महत्वपूर्ण सड़कों के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु ट्रैफिक लाइट एवं सीसीटीवी अधिष्ठापन की वर्तमान स्थिति की जानकारी भी ली गई। डॉ. प्रेम कुमार ने टावर चौक के समीप पार्किंग व्यवस्था विकसित करने का निर्देश दिया ताकि यातायात दबाव को कम किया जा सके। बैठक में वार्ड संख्या 6, 7, 8, 9, 10 एवं 11 में गंभीर पेयजल संकट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में जलापूर्ति समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया शहर की स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, जलापूर्ति एवं आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

# डुब्बा, गुरुआ स्थित पुरातात्विक उत्खनन स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे आइजी एवं विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के डुब्बा गांव में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन स्नातकोत्तर विभाग द्वारा संचालित पुरातात्विक उत्खनन कार्य का आज मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास वैभव तथा गुरुआ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. उपेन्द्र प्रसाद ने निरीक्षण किया। उत्खनन स्थल पर पहुंचने के उपरांत दोनों विशिष्ट अतिथियों ने उत्खनन के दौरान प्राप्त प्राचीन अवशेषों, स्थापत्य संरचनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण पुरातात्विक सामग्रियों का गहन अवलोकन किया। स्थल से प्राप्त हो रही ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व की खोजों को देखकर वे अत्यंत प्रभावित एवं मंत्रमुग्ध हुए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खोजें न केवल मगध क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास को उजागर करती है बल्कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अनुप कुमार भारद्वाज एवं डॉ. चन्द्र प्रकाश ने उत्खनन स्थल का विस्तृत भ्रमण कराते हुए अब तक प्राप्त पुरावशेषों, संरचनाओं तथा शोध कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने उत्खनन की वैज्ञानिक प्रक्रिया, स्थल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा अब तक सामने आए महत्वपूर्ण तथ्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उत्खनन दल के अन्य सदस्यों ने भी अपने शोध एवं कार्य अनुभव साझा किए। आईजी विकास वैभव ने विभाग द्वारा किए जा रहे इस शोधकार्य की सराहना करते हुए कहा कि इतिहास और विरासत का संरक्षण समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। वहीं विधायक डॉ. उपेन्द्र प्रसाद ने इस उत्खनन कार्य को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय बुद्धिजीवी, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# पत्थरबाजी मामले में राजनीति तेज, मंत्री पर हमला गंभीर, प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड अंतर्गत सीसवर गांव स्थित संत थॉम्स इंग्लिश स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी पर हुए पथराव मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। घटना के बाद पुलिस द्वारा कुछ नाबालिग बच्चों को हिरासत में लेकर सुधार गृह भेजे जाने को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं प्रत्याशी वैजन्ती देवी ने प्रशासन की कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठायी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वैजयंती देवी सीसवर गांव पहुंचीं जहां उन्होंने हिरासत में लिए गए बच्चों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि बच्चे नाबालिग है और संभवतः नासमझी में ऐसी गलती कर बैठे। ऐसे मामलों में सीधे जेल या सुधार गृह भेजना उनके भविष्य पर नकारात्मक असर डाल सकता है। हालांकि उन्होंने इस घटना को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री जैसे बड़े नेता पर पथराव होना सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि यदि पत्थर किसी संवेदनशील जगह पर लगता तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। वैजयंती देवी ने कहा बच्चे नासमझ हैं, लेकिन यह घटना बहुत गंभीर है। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को भी नसीहत देते हुए कहा कि इस तरह की हरकतें युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर सकती है। साथ ही ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। मालूम हो कि सीसवर गांव स्थित संत थॉम्स इंग्लिश स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। इसी दौरान बाहर से फेंका गया पत्थर उनके अंगरक्षक को जा लगा। घटना के बाद मौके पर मौजूद खिजरसराय थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ युवकों और नाबालिगों को हिरासत में लिया था। इसके बाद से यह मामला अब राजनीतिक बहस और आरोप-प्रत्यारोप का विषय बन गया है।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिला अंतर्गत अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गयाजी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना तथा अस्पताल परिसर में उपलब्ध सफाई, दवाई, पेयजल, बिजली एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में डॉ. प्रेम कुमार ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, आपातकालीन सेवाओं एवं सुपरस्पेशलिटी भवन की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा अस्पताल प्रशासन को मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। अस्पताल प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संस्थान में 50 शैय्या वाला आपातकालीन ब्लॉक, 32 शैय्या का पी-के-पी आईसीयू, 100 शैय्या का एमसीएच, 100 शैय्या का पी-के-पी फील्ड अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर, मेडिकल ऑक्सीजन व्यवस्था, 300 एलपीएम एवं 2500 एलपीएम पीएसए प्लांट, नेत्र अधिकोष तथा 221 शैय्या वाला सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक कार्यरत है। इसके अतिरिक्त 12 शैय्या का बर्न आईसीयू तथा 100 शैय्या की क्रिटिकल केयर इकाई का कार्य भी प्रारंभ किया जा चुका है। अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि अस्पताल परिसर में 200 शैय्या वाले आपातकालीन एवं यूरोलॉजी ब्लॉक, 30 शैय्या के आईसीयू निर्माण, 400 शैय्या वाले ब्लॉक-ए एवं बी, आंतरिक सड़क एवं नाली निर्माण, मोर्चरी ब्लॉक तथा 800 शैय्या वाले नए अस्पताल भवन के निर्माण की प्रक्रिया प्रगति पर है। साथ ही अस्पताल में आधुनिक सुपरस्पेशलिटी सुविधाओं के लिए विद्युत, एचवीएसी, एमजीपीएस, लिफ्ट, फायर अलार्म, सोलर वाटर हीटर, भवन प्रबंधन प्रणाली, एसटीपी, ईटीपी एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं के विस्तार एवं मरम्मति की आवश्यकता भी बताई गई। निरीक्षण के क्रम में सेंटरलाइज एसी खराब पाया गया जिसपे डॉ प्रेम कुमार ने नाराजगी व्यक्त किया। अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए विभाग को प्राक्कलन तैयार कर भेज दिया गया है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में स्वीकृत सात विभागों में से कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी विभाग में चिकित्सा सेवाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। वहीं नेफ्रोलॉजी, सीटीवीएस, न्यूरोलॉजी एवं न्योनेटोलॉजी विभागों में चिकित्सकों की उपलब्धता नहीं होने के कारण सेवाएं पूर्ण रूप से प्रारंभ नहीं हो सकी है। इस पर डॉ. प्रेम कुमार ने संबंधित विभागों में चिकित्सकों एवं तकनीकी स्वास्थ्य कर्मियों की शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके। उन्होंने कहा कि गयाजी जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल पर उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है।



# फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** श्री कुणाल, कमांडेंट, 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी (बिहार) के मार्गदर्शन में क्षेत्रक मुख्यालय (वि.प्र.) गया जी (बिहार) एवं 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी (बिहार) के संयुक्त तत्वावधान में 'फिट इंडिया मूवमेंट' के 75वें संस्करण के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली 29 वाहिनी मुख्यालय परिसर धनावां से खटकाचक, गया जी तक लगभग 08 किलोमीटर की दूरी में आयोजित की गई। रैली का मुख्य उद्देश्य नागरिकों एवं जवानों में स्वास्थ्य, फिटनेस एवं नियमित व्यायाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। साथ ही लोगों को दैनिक जीवन में साइकिल चलाने, शारीरिक गतिविधियों को अपनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन में अबनीश यादव, उप कमांडेंट, रवि भूषण, उप कमांडेंट, 29 वाहिनी स.सी.ब., गया जी, रवि शेखर झा, उप कमांडेंट (संचार), क्षेत्रक मुख्यालय (वि.प्र.), स.सी.ब., गया जी (बिहार) सहित अधीनस्थ अधिकारीगण, स्कूल के विद्यार्थीयों एवं बलकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## महुआ शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के गोरकट्टी गांव निवासी शराब कारोबारी रवीश कुमार, पिता स्व. विलेश चौधरी को पुलिस ने 60 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि मामले में कांड संख्या 145/26 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# हत्या मामले में नामजद आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** खिजरसराय थाना पुलिस को हत्या के एक मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने फरार चल रहे एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेंद्र यादव के रूप में हुई है जो खिजरसराय थाना क्षेत्र के बनारसी बिगहा गांव का रहने वाला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खिजरसराय थाना कांड संख्या 142/26, 6 मई 2026, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1) के तहत दर्ज हत्या मामले में राजेंद्र यादव प्राथमिक अभियुक्त था। घटना के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को खिजरसराय थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी गया जिले के गेल्हौर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुखी बिगहा गांव में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हत्या जैसे गंभीर मामलों में फरार अपराधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। इस गिरफ्तारी को खिजरसराय पुलिस की एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। इलाके में इस कार्रवाई को लेकर चर्चा का माहौल है।

# अपराध की बदौलत संपत्ति जमा करने वाले 1433 अपराधी रडार पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राज्य में अपराध की बदौलत संपत्ति जमा करने वाले अपराधियों की पहचान कर उनकी संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। बीएनएसएस की धारा-107 के प्रावधानों के तहत अपराधियों की संपत्ति जब्त करने का प्रावधान है। इसके तहत अब तक 1433 अपराधियों की पहचान कर ली गई है। इसमें 428 व्यक्तियों की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू करने से संबंधित प्रस्ताव न्यायालय में भेजा गया है। इसमें 103 अपराधियों के खिलाफ संपत्ति जब्ती की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है जबकि 4 अपराधियों के खिलाफ संपत्ति जब्ती का आदेश कोर्ट के स्तर से पारित कर दिया गया है। यह जानकारी एडीजी (विधि-व्यवस्था) सुधांशु कुमार ने पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एडीजी ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ हर स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत बीएनएसएस की धारा 126 और 135 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इस वर्ष जनवरी से 15 मई तक 4 लाख 13 हजार 118 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। 1 लाख 34 हजार 358 से चेतावनी के तौर पर बंध-पत्र (बॉड) भरवाया गया है। ताकि भविष्य में वे इस तरह की किसी घटना को अंजाम नहीं दे सकें। इसी अवधि में 676 अपराधियों पर सीसीए लगाने के लिए संबंधित जिलों के डीएम को प्रास्ताव भेजा गया है। इसमें 252 लोगों के खिलाफ आदेश भी पारित हो गया है। एडीजी (विधि-व्यवस्था) ने बताया कि जनवरी से 15 मई तक अपराध के कुछ संगीन मामलों में 33 हजार 126 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इसमें हत्या में 2023, डकैती में 311, लूट में 573, एससी-एसटी एक्ट के मामले में 1572 अरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस मुख्यालय अपराधियों को सजा दिलाने पर भी खासतौर से फोकस कर रहा है। इसी क्रम में जनवरी से अप्रैल तक राज्य के विभिन्न न्यायालयों के स्तर से 52 हजार 567 कांड़ों में 70 हजार 624 व्यक्तियों को सजा दिलवाई गई है। इसी तरह विधि-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले मामलों में काफी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। सांप्रदायिक हिंसा के मामले में 57, पुलिस पर हमला मामले में 1065, भीड़ के स्तर से हिंसा के 4 और हर्ष फायरिंग के मामले में 20 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस तरह जनवरी से अब तक 1146 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अपराध नियंत्रित करने के लिए वाहन जांच पर लगातार जारी है। इस अवधि में 4 लाख 5 हजार 704 वाहनों की जांच की गई है जिसमें 48 हजार 216 को नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में 7 करोड़ 4 लाख 82 हजार रुपये वसूले गए हैं। अलग-अलग कांडों में जब्त वाहनों की संख्या 750 है।

## शिक्षाविद् रास बिहारी बोस की जयंती पर डॉ. प्रेम कुमार ने की भावभीनी भावांजलि अर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भारतीय स्वतंत्रता लीग के संस्थापक, प्रख्यात अधिवक्ता, महान क्रांतिकारी और शिक्षाविद् रास बिहारी बोस की जयंती पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी भावांजलि अर्पित की है। गदर क्रांति से लेकर आजाद हिंद फौज के संगठन को गढ़ने में उनका योगदान अतुल्य व अविस्मरणीय है। स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में उनका बलिदान, समर्पण और योगदान स्वर्ण अक्षरों से अंकित है। उन्होंने स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान विदेशों में भी संघर्ष किया और राष्ट्रप्रेम का अलख जगाया। मां भारती के अमर सपूत का मातृभूमि के लिए प्रेम,त्याग व समर्पण सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

## एक नजर

### दो चोर गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत केनारचट्टी गांव में बीते शुक्रवार की देर रात एक राशन की दुकान में चोरी के लिए घुसे दो शातिरों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि रात को छापेमारी के लिए निकली पुलिस बल ने जब सड़क किनारे ग्रामीणों की भीड़ देखी तो मामले का पता चला और दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। दुकानदार रजनीश कुमार ने बताया कि दुकान का वेंटीलेटर के सहारे चोर अंदर घुसे थे जिसकी जानकारी मुझे कुछ स्थानीय लोगों ने फोन पर दी, एक शातिर दुकान के अंदर में ही था। दुकान के बाहर रहे एक अन्य सहयोगी को भी ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। दुकानदार ने बताया कि दुकान से एक लाख रूपये नगद भी गायब है जो इनके अन्य सहयोगी लेकर चंपत हो गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुकानदार के बयान पर मामला दर्ज कर गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी में जुटी है तथा गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र में फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोंच पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि ग्राम कुंई निवासी मिथिलेश विंद के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था और वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष के निर्देश पर एसआई चंद्रशेखर कुमार ने पुलिस बल के साथ छापेमारी कर आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के बैनर तले महादेव घाट पर चला जनजागरण अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** लगातार आठ रविवार से स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के बैनर तले गया जी के स्थानीय महादेव घाट पर श्रमदान हेतु जनजागरण अभियान चलाया गया। अभियान के संयोजक प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, सह संयोजक टिंकू गिरी ने कहा कि गयाजी शहर के घनी आबादी वाले ऐतिहासिक महादेव घाट के सीढियों एवं वहां स्थित फल्गु नदी के भाग पर गंदगी का अम्बार लगा हुआ है जिसे साफ रखने हेतु स्थानीय सम्मानित लोगों, स्थानीय प्रशासन एवं गया नगर निगम को आगाह कर जनजागरण चला कर लोगों से प्रत्येक छुट्टी के दिन रविवार को घंटा दो घंटा श्रमदान करने का आह्वान किया गया। नेताओं ने कहा कि फल्गु नदी के महादेव घाट पर गिरने वाले नाले का पानी को अंडर ग्राउंड सीवरेज बना कर शहर के बाहर खेतों में गिरने की नितांत आवश्यकता है। साथ ही साथ प्रस्तावित बोधगया से चाकन्द तक मैरीन ड्राइव का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की भी मांग दोहराई गई।

# बंद घर को निशाना बना लाखों की चोरी, झारखंड पुलिस जवान के घर से जेवर-नकदी गायब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के शंकर बिगहा स्थित बगडीहा मोड़ पर शनिवार सुबह एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई। चोरों ने झारखंड पुलिस के रिजर्व बटालियन, हंटरगंज में तैनात जवान रंतोष कुमार सिंह के बंद घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये मूल्य के जेवरात, नकदी और कपड़े चोरी कर लिए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंतोष कुमार सिंह का पूरा परिवार गर्मी की छुट्टियों में घर बंद कर बाहर गया हुआ था। इसी दौरान देर रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कमरे में रखे सामान को खंगाल डाला। पीड़ित परिवार के अनुसार चोर करीब 8 लाख रुपये मूल्य के जेवरात, 52 हजार रुपये नगद तथा लगभग 50 हजार रुपये मूल्य के कपड़े चोरी कर फरार हो गए। शनिवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना कोंच थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा चोरी में शामिल अपराधियों की पहचान करने में जुटी है।

# देव राम चंद्रवंशी न्यास गया जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में देव राम चंद्रवंशी न्यास भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता न्यास के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता द्वारा की गई। इस अवसर पर न्यास के सदस्यगण, समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं चंद्रवंशी समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य न्यास को और अधिक सशक्त, संगठित एवं समाजोपयोगी बनाना था। बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि देव राम चंद्रवंशी न्यास केवल चंद्रवंशी समाज तक सीमित न रहकर पूरे गया जिले के लिए एक प्रेरणास्त्रोत एवं धरोहर के रूप में विकसित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की वास्तविक पहचान उसके सेवा कार्यों से होती है। यदि न्यास शिक्षा, स्वास्थ्य, विधि एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएगा तो आने वाले समय में यह संस्था समाज के लिए मिसाल बनेगी। डॉ. कुमार ने विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में गरीब एवं जरूरतमंद छात्रों के लिए सहयोग, मार्गदर्शन एवं छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाने पर बल दिया। इसके साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि विधि के क्षेत्र में भी समाज के गरीब एवं असहाय लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि न्याय सभी तक पहुंच सके। उन्होंने न्यास के सभी सदस्यों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती सामूहिक सहयोग एवं समर्पण से ही संभव है। उन्होंने कहा कि पूरा चंद्रवंशी परिवार यदि एकजुट होकर न्यास के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएगा तो यह संस्था आने वाले समय में समाज के उत्थान का मजबूत माध्यम बनेगी। बैठक में न्यास के सचिव गोपाल प्रसाद चंद्रवंशी डॉ रामसुंदर प्रसाद सिंह राकेश कुमार उर्फ मंटू राकेश कुमार पूर्व पार्षद संजय कुमार उर्फ छोटे लेफ्टिनेंट प्रदीप कुमार पंकज कुमार मुन्ना अजय प्रकाश, राजनंदन गांधी डॉक्टर अरुण कुमार मुन्ना कुमार शिक्षक पप्पू चंद्रवंशी उपस्थित लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखे तथा न्यास को सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से आगे बढ़ाने पर चर्चा की है। अंत में न्यास के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यास समाजहित में निरंतर कार्य करता रहेगा और सभी के सहयोग से इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

संपादकीय

# नॉर्वे की पत्रकार के सवाल पर बवाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल में अपने यूरोप दौरे के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब न देने को सोशल मीडिया में खासा लेकिन अनावश्यक बवाल मचा है। मोदी की नजर में अपने नंबर बढ़वाने के चक्कर में भाजपा समर्थक एक वरिष्ठ पत्रकार ने तो नॉर्वे में पीएम मोदी से एक तीखा सवाल कर उन्हें असहज किया। हालांकि मोदी ने अपनी आदत के अनुसार उस सवाल का कोई जवाब नहीं दिया और आगे बढ़ गए, लेकिन पीएम के इसी रवैए और उस महिला पत्रकार की बहादुरी को लेकर सोशल मीडिया में जिस तरह से ओछे कमेंट किए जा रहे हैं, वह अनावश्यक और काफी हद तक अस्वीकार्य हैं। यहां दो बातें हैं। पहला तो मोदी 12 सालों से देश के पीएम हैं, लेकिन वो मीडिया के सीधे सवालों से बचते रहे हैं। हालांकि मीडिया को ज्ञान उन्हें देना होता है, वो देते रहते हैं। कोई राष्ट्राध्यक्ष मीडिया से सीधे बात करे, न करे, कितनी करे, यह उसका अपना निजी निर्णय है। हालांकि माना यह जाता है कि मीडिया जो सवाल करता है, वो अमूमन उस मूक जनता के मन में उठने वाले प्रश्न होते हैं, जो वीवीआईपी सुरक्षा में रहने वाले राजनेता से नहीं कर पाते अथवा नहीं कर सकते। अगर मीडिया ने ऐसा कोई सवाल पीएम से कर लिया तो कोई गुनाह नहीं किया। किए गए प्रश्न का जवाब देना न देना सम्बंधित व्यक्ति पर निर्भर है। मोदी अपवादस्वरूप ही मीडिया से सीधे बात करते हैं और उसमें भी उनका जोर अपनी ही बात कहने पर रहता है। मोदी की नॉर्वे यात्रा के दौरान वहां के प्रधानमंत्री जोनस गार स्टोरे के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान नॉर्वे की एक महिला पत्रकार ने प्रधानमंत्री मोदी से मीडिया के सवालों का जवाब देने का आग्रह किया था। हेला ने पूछा था कि प्रधानमंत्री मोदी, आप दुनिया की सबसे स्वतंत्र प्रेस के सवाल क्यों नहीं लेते? क्या आप हमारी सरकार के विश्वास के योग्य हैं? पीएम मोदी ने इन सवालों का कोई जवाब नहीं दिया था। इस पर भारत में भी बहस शुरू हो गई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को आड़े हाथों लिया और पूछा कि सवालों से घबरा क्यों रहे हैं? हेला लेंग ने विदेश मंत्रालय की ब्रीफ़िंग में भी मानवाधिकारों को लेकर सवाल उठाए। इस पर विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत एक सिवलाइज़ेशनल नेशन है। इस घटनाक्रम के बाद जहां भारत में हेला लिंग के बचाव में अभियान शुरू हो गया वहीं दूसरे खेमे में हेला पर चौतरफा हमले शुरू कर दिए। हिंदी के एक वरिष्ठ पत्रकार ने अपने नंबर बढ़वाने की नीयत से एक बेहद घटिया पोस्ट फेसबुक पर पोस्ट की। जिसमें पत्रकार हेला बिकीनी में नहा रही है। उसके साथ कैप्शन था कि मोदी से सवाल करने वाली महिला का असली चरित्र। यह निहायत ओछी प्रतिक्रिया थी। किसी महिला का बिकीनी में नहाना उसके चरित्र का परिचायक कैसे हो गया? हेला ने पत्रकार के रूप में सवाल पूछकर कर्तव्य निभाया। मोदी को जवाब नहीं देना था, इसलिए वो सवाल सुनकर आगे बढ़ गए। इस पूरे घटनाक्रम को अनावश्यक तूल देकर नरेटिव बनाना अपने आप में घटिया और कुंठित मानसिकता का परिचायक है। वरिष्ठ भारतीय पत्रकार वर्गीज़ के जॉर्ज ने एक्स पर सही लिखा कि यह मान लेना कि नॉर्वे लोकतंत्र या पत्रकारिता का कोई अंतिम मानक है तो यह अलग-अलग देशों की विशिष्ट परिस्थितियों की अनदेखी करना होगा। पश्चिम में अमेरिका में राष्ट्राध्यक्षों दवारा मीडिया से बात करने को स्वस्थ लोकतंत्र का प्रतीक माना जाता है। लेकिन भारत में यह परिभाषा नेताओं को मान्य नहीं है। उन्हें जबरन मनवाया भी नहीं जा सकता।

# दिखावे की संस्कृति से नाखुश लोग

**देश कठिन दौर से गुज़र रहा है। भारत में इस प्रकार का संकट कभी नहीं आया था, जो आज आ पड़ा है। देश बहुत बड़ा है जनसंख्या की दृष्टि से और अपनी पहचान की दृष्टि से भी लेकिन अब दोनों अपने लिए ऐसे सिंड्रोम की तलाश में हैं जिससे उन्हें अपने अस्तित्व को बचाने में मदद मिले। युद्ध दूसरे देशों में हो रहे हैं लेकिन उसका असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पर पड़ चुका है। एक तरफ पेट्रोल, डीज़ल, गैस की कीमतों की बढ़ोतरी असह्य हो गयी है तो दूसरी ओर इसकी वजह से जो दूसरे सामान महंगे होते जा रहे हैं उसे झेल पाना भारतीय जनमानस के बस की बात नहीं है, ऐसा लगने लगा है। भारत के प्रधानमंत्री ने अपील की है कि देश के लोग सोना न खरीदें, यात्राओं में खर्च न करें। इलेक्ट्रिक सवारियों का उपयोग करें। इससे लोगों में रोष नहीं। इसे लोग स्वीकार भी कर लिए लेकिन इससे ज्यादा रोष उन्हें इस बात से है कि विधायक, मंत्री, मुख्य मंत्री दिखावा करते नज़र आए।**

डॉ. कन्हैया त्रिपाठी



इस देश में दिखावे की संस्कृति से सच में अब भारतीय जनमानस परेशां है। दुखी है। असहज सा है। हमारे देश में ऐसी बातें केवल खुश करने के लिए की जाती रही है। खुश करने के लिए किसी भी तरह का जोखिम आखिर लोग उठा ही क्यों रहे हैं, समझ में नहीं आता। देश की मूल समस्या का इस प्रकार मज़ाक बन जाता है और जो देश की लीडरशिप की ओर से अपील होती है वह भी हलके में ली जाने लगती है। ऐसे समय में तो चाहिए कि सभी संवेदनशील होकर एक ऐसा सामाजिक ढांचा सशक्त बनाएं जिससे भारत्त की समस्या को हम इंडीजेनस उपलब्धियों से निपटा दें। आजकल हमारे विश्वविद्यालय के मेस में बड़े चूल्हे पर लकड़ी से बहुत सी सामग्रियां तैयार हो रही हैं। इसके पहले गैस से ही ब्रेड पकौड़े, चाय, दोपहर का लंच और शाम का डिनर तैयार होता था। जब से गैस मेस चलाने वालों को नहीं मिल रही है वे चूल्हे की व्यवस्था करके लकड़ी से खाना पका रहे हैं। खाना उसी मात्र में तैयार हो रहा है। कुछ अच्छा खाना बन रहा है और लोग अच्छा खा रहे हैं वरना गैस के चूल्हे पर सेंकी हुई रोटियां बनती थीं और उसे ही लोग खाते थे। गैस चूल्हे पर सिंकी हुई रोटियों से जो स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहे थे हो सकता है, वे अब कम हो जाएँ क्योंकि चूल्हे पर लकड़ी से सिकी हुई रोटियों की खुशबू और स्वाद पूरे भारत की अपनी सभ्यता में पहले से स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छा था फिर आज कैसे न होगा?

देश के विविध विश्वविद्यालयों में इस दौरान मेरा भ्रमण जारी रहा है। अच्छे संस्थाओं में भी अब मेस लकड़ी के सहारे जो चलना शुरू हुए हैं, वे कभी न होते लेकिन आज अधिकांश जगह इसी माध्यम से भोजन तैयार हो रहे हैं। मिड डे मील में ज़रूर प्राइमरी में की आंगनवाड़ी कार्यकत्री और भोजन के लिए रखे गए डेलीवेज के लोग लकड़ियों पर खाना पकाते थे। अब यह विश्वविद्यालयों में हो रहा है। अब हमारी आज की पीढ़ी यह अब समझ पा रही है कि आपातकाल से हम कैसे निपटेंगे। ऊर्जा का संकट देश में अभी डीजल-पेट्रोल व गैस से के संकट की अपेक्षा बहुत मामूली माना जा रहा है लेकिन आने वाले समय में ऊर्जा का संकट भी पूरे विश्व को झेलना है। पूरे विश्व को अँधेरे का भय आज हो न हो लेकिन एक दिन हो सकता है कि यह सबसे बड़ा भय बन जाए। इसलिए आज की आबादी जो कल की समस्या के लिए तैयार नहीं है, उसे तैयार होना होगा।

भारत के बठिंडा शहर में इन्डेकशन चूल्हा ऑनलाइन या दुकानों पर पिछले महीने मिलना बंद हो गया। गैस की समस्या आने पर लोग इस चूल्हे को खोजते रहे, नहीं मिला। यही हालत भारत के अनेक शहरों की भी होगी लेकिन इसको लेकर लोग कुछ कह न सके। चूल्हे नहीं मिले और गैस न मिलने पर शहर खाली हो गए। जो प्रवासी मजदूर थे वे अपने-अपने घरों की ओर परिवार सहित फिर जाने लगे। सोचिये आज जो एसी, कूलर, फ्रिज, मोबाइल, कम्प्यूटर और हॉस्पिटल में उपयोग में आने वाली विभिन्न जांच मशीने ऊर्जा के अभाव में बंद हो जाएँगी और अँधेरे में हम सन डूबेंगे तो इस पूरी पृथ्वी का क्या होगा? और यह होना ही है क्योंकि हम उपभोगवादी संस्कृति की ओर पिछले कई वर्षों से निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। अँधेरे में ऑक्सीजन नहीं होगा। फिर क्या होगा। यह एक भयावह समय होगा। इस समय के बारे में आज का युवा कोई चिंता नहीं कर रहा है। वह न पेड़ लगाने में दिलचस्पी रखता है और न ही पेड़ बचाने में। जंगल साफ़ हो गए। बाग़-बगीचे कट गए हैं। हमारे गाँव के आसपास आज से 10 वर्ष पहले जो पेड़ थे वे अब दीखते नहीं। अब वहां कोई कुछ दुकाने दिखती हैं या खेती होने लगी उन जमीनों पर। पहले जिन बागों में हम गाय चराने जाते थे और दोपहर में पेड़ों के नीचे छाँव देखकर बैठते थे। वह विश्राम के लिए सभी पेड़ नदारद हैं। अब न छाँव है और न ठांव। अब केवल दूर तक धूप है। देश के लोग अब देस में अपने पेड़, अपने बगीचे और अपनी देसी औषधियों को नहीं खोज सकते, ऐसा भारत बनता गया है। इसलिए लकड़ी व चूल्हे की जो आज की पीढ़ी अनुभव कर रही है वह शायद उन्हें यह सोचने के लिए बाध्य करे कि हमें अपने देश में देसज देस की खोज कायम रखनी चाहिए।

आज हम मानें या न माने लेकिन सचाई यही है कि वर्तमान में पृथ्वी तिहरे संकट जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता के नुकसान का सामना कर रही है। मानवीय गतिविधियों और अनियोजित विकास के कारण पृथ्वी का प्राकृतिक संतुलन बुरी तरह बिगड़ गया है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की विभिन्न योजनाओं में हाल ही में एक अहम रिपोर्ट जारी की गई है जिसमें डिजिटल महामारी ज़िक्र किया गया है। इस रिपोर्ट का नाम है व्हेन डिजिटल सिस्टम फेल। इस प्रकार के पेंडमिक एक तरफ और दूसरी ओर इंडीजेनस अज्ञानता, इससे हमारा आने वाला समय सुरक्षित तो आज नहीं महसूस हो रहा है। आदिवासी इलाके में आज भी पेट्रोल, गैस या डीजल की कीमतों से फर्क पड़ने वाला नहीं है लेकिन अपने को मुख्यधारा का हिस्सा समझने वाला समाज तो अब ऐसा लगता है कि बिना इसकी उपलब्धता के रह ही नहीं सकता। बिना बिजली की उपलब्धता के वह जी नहीं सकता। इससे कई मोर्चे पर आज की पीढ़ी को लड़ाई लड़नी है, यह तो समझ लेना होगा। यह भी मानकर चलना होगा कि इससे भी बड़े संकट हमारे सामने आने वाले हैं और उसके लिए हमें तैयार रहना होगा।

दिखावे की जगह सच में जीना और सच के अपील करना इसलिए आज ज़रूरी हो गया है। अपने देश के कठिन दौर को हम महसूस करें यह ठीक है लेकिन इसके लिए केवल हमें प्रश्न करने की अनुमति तो नहीं है और न ही कोसने की अनुमति है। हरहाल में खुशहाल जीने की कोशिश में देश निदान की ओर बढ़ते हैं। समाधान ढूंढते हैं। भारत में आज क्या हो रहा है, यह किसी से छुपा नहीं है। दिखावे की संस्कृति से नाखुश भारतीयों के बारे में आज कोई सोचने को क्यों तैयार नहीं है? इसलिए आवश्यकता यह है कि हम भविष्य की थोड़ी सी चिंता सच में कर लें और उस समाधान की ओर बढ़ें जिसमें भारत की खुशी है। भारत की खुशी की खोज ज़रूरी है वरना अंधकार तो हमें ढंक ही लेंगे।

अध्यात्म

## जीवन को सफल बनाने के लिए अहंकार से बचें

पुराने समय की लोक कथा है। किसी राज्य में एक डाकू और एक संत रहते थे। दोनों का जीवन बिल्कुल अलग था। डाकू ने पूरी जिंदगी लूटपाट, हिंसा और पाप में बिताई थी, जबकि संत ने अपना जीवन तप, पूजा और भक्ति में लगाया था। संयोग से एक ही दिन दोनों की मृत्यु हो गई और दोनों का अंतिम संस्कार भी एक ही श्मशान घाट पर हुआ। मृत्यु के बाद दोनों की आत्माएं यमलोक भी साथ ही पहुंचीं। वहां यमराज ने उनके कर्मों का लेखा-जोखा देखा और दोनों से कहा, 'अगर आप अपने कर्मों के बारे में कुछ कहना चाहते हैं, तो कह सकते हैं।' डाकू हाथ जोड़कर विनम्र स्वर में बोला, 'प्रभु, मैं जानता हूं कि मैंने जीवनभर पाप किए हैं। मैंने कई लोगों को दुख पहुंचाया। मुझे अपने कर्मों पर पछतावा है। आप जो भी दंड देंगे, मैं उसे सहर्ष स्वीकार करूंगा।' इसके बाद संत बोले, 'महाराज, मैंने जीवनभर भगवान की भक्ति की है। तपस्या की है। मैंने कभी कोई गलत काम नहीं किया। इसलिए मुझे स्वर्ग का अधिकारी माना जाना चाहिए।' यमराज ने दोनों की बातें ध्यान से सुनीं। फिर उन्होंने डाकू से कहा, 'अब से तुम्हें इस संत की सेवा करनी होगी, यही तुम्हारा दंड है।' डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली, लेकिन यह सुनते ही संत क्रोधित हो गए। उन्होंने नाराज होकर कहा, 'महाराज! यह पापी और अपवित्र व्यक्ति मेरी सेवा करेगा? इसने जीवनभर अधर्म किया है। इसका स्पर्श भी मुझे अपवित्र कर देगा।' संत की बातें सुनकर यमराज गंभीर हो गए। उन्होंने कहा, 'डाकू ने जीवनभर पाप किए, लेकिन मृत्यु के बाद उसके भीतर विनम्रता और पश्चाताप जाग गया। वह सेवा करने के लिए भी तैयार है। जबकि आपने पूरी जिंदगी तपस्या की, फिर भी आपके भीतर अहंकार भरा हुआ है। आपकी भक्ति अधूरी है, क्योंकि सच्ची भक्ति व्यक्ति को विनम्र बनाती है, अहंकारी नहीं।' इसके बाद यमराज ने कहा, 'अब आप इस डाकू की सेवा करोगे। यही आपकी सजा है।' संत यह सुनकर मौन हो गए। उस दिन उन्हें समझ आया कि केवल अच्छे कर्म ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि अच्छे स्वभाव और विनम्रता का होना भी जरूरी है। यह कहानी हमें जीवन प्रबंधन का बहुत बड़ा संदेश देती है। अक्सर लोग अच्छे काम तो करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे उन कामों पर गर्व करने लगते हैं। यही गर्व धीरे-धीरे अहंकार में बदल जाता है और व्यक्ति की सारी अच्छाइयों को खत्म कर देता है। जीवन को सफल और संतुलित बनाने के लिए विनम्रता सबसे जरूरी गुण है।

**इन दिनों भारत की मीडिया में बंदिशों और लोकतंत्र के सिकुड़ते जाने की कथाएं हवा में तैर रही हैं। लोकतंत्र बचाने में वे सब आगे हैं जिनके शासन की कथाएं उन्हें खुद मुंह चिढ़ा रही हैं। मीडिया को दबाने, नियंत्रित करने की कहानियां आज की नहीं हैं। लेकिन मीडिया की हिम्मत भी आज की नहीं है। हमारे देश में पत्रकारिता की शुरुआत ही जेम्स आगस्टस हिकी की क्रांतिकारी लेखनी से प्रारंभ होती है, जिसने अंग्रेज लाट साहबों की बैंड बजा दी।**

# भारतीय मीडिया की बड़ी होती दुनिया!

प्रो.संजय द्विवेदी



अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध फूंककर उसने अंग्रेज होकर भी जेलें झेलीं, जुर्माने चुकाए और खामोश मौत पाई। किंतु हिकी यह बता गया कि पत्रकारिता क्यों और कैसे करनी है। इसके बाद आजादी के आंदोलन में यही पत्रकारिता 'खबर' की जगह 'पैगाम' देने वाली बन गयी। जिसके कारण शायर को कहना पड़ा कि जब तोप मुकाबिल तो अखबार निकालो।

सुनने और देखने का समय हमारे देश के हर क्रांतिकारी और आजादी के नायकों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पत्रकारिता को एक अस्त्र की तरह इस्तेमाल किया। लोकमान्य तिलक, विपिन चंद्र पाल, लाला लाजपत राय, सुभाषचंद्र बोस, महात्मा गांधी, माधवराव सप्रे, गणेशशंकर विद्यार्थी, माखनलाल चतुर्वेदी सबने पत्रकारिता के माध्यम से राष्ट्र को जागृत किया। पत्रकारिता की भावभूमि आजादी के आंदोलन ने तय कर दी। वह थी जनपक्षधरता, न्याय के लिए संघर्ष और सत्यान्वेषण। आजादी के बाद देश के नवनिर्माण का काम हो या आपातकाल विरोधी संघर्ष हमारे पत्रकारों ने हर जगह अपने उजले पदचिन्ह छोड़े। आज मीडिया का स्वरूप बहुत व्यापक हो गया है। वह अनेक मंचों से की जा रही है। प्रिंट, टीवी, रेडियो से अलग मोबाइल पर हो रही पत्रकारिता गजब कर रही है। कहा जा रहा कि डिजिटल का सूरज कभी नहीं डूबता। इसलिए आप देखें तो पाएंगे मीडिया की पहुंच मोबाइल के माध्यम से ज्यादातर लोगों तक हो रही है। मीडिया कन्वर्जेंस का माध्यम मोबाइल बने हैं। ऐसे में ज्यादातर चीजें सुनी और देखी जा रही हैं। पठनीयता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। फिर भी इतना बड़ा देश अगर कुछ प्रतिशत में भी पढ़ता है तो भी संख्या आसानी से करोड़ों में होती है। दुनिया के तमाम देश एक भाषा में सोचते, पढ़ते और बोलते हैं। हिंदुस्तान 22 बड़ी भाषाओं और तमाम बोलियों में सुनता, पढ़ता और देखता है। इसलिए भारत के मीडिया का आकार बहुत व्यापक है।

डिजिटल मीडिया ने हमारे माध्यमों को वैश्विक किया है। भारतीय भाषाओं को वैश्विक किया है। कभी फिल्में हमारे भारतीय समाज का वैश्विक चेहरा बनाती थीं। अब मीडिया इसके केंद्र में है। यू-ट्यूब,सोशल मीडिया, वेब माध्यमों , ई-पेपर और ई-बुक्स से एक नई दुनिया बन रही है, जिसने भारत की वैश्विक छवि बनाने का काम किया है। आज भारत और उसकी भाषाओं के साथ अंग्रेजी भाषा में भी भारतीयों की खास उपस्थिति है। वे जो लिख, कह और कर रहे हैं उसने देश को दुनिया में व्यक्त किया है। हिंदुस्तानी जहां-जहां गए अपनी भाषा और संस्कृति के साथ गए और वहां एक लघु भारत खड़ा किया। यह लघु भारत आज मीडिया और संचार माध्यमों से शक्ति पाता है। अपनी जड़ों से जुड़ा हुआ महसूस करता है। एक समय में अपनी भाषा के प्रकाशनों, पत्र-पत्रिकाओं, किताबों और मनोरंजन को प्राप्त करना मुश्किल था, किंतु डिजिटल माध्यमों ने इसे संभव किया है। दूरियां, भूगोल और भाषा सबके अंतर को पाटकर भारत आपके घर पहुंच जाता है। इससे भारत की शक्ति बन रही है। साफ्टपावर क्या कर सकती है, इसे हम सब महसूस कर रहे हैं।

एक नया भारत बनाने और उसके एकीकरण में भारतीय मीडिया की भूमिका को स्वीकार करना चाहिए। अपने प्रारंभ से ही उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम भारतीय पत्रकारिता और साहित्य का स्वर एक रहा है। सबने भारत बोध को स्वर दिया है। एकत्व को स्थापित किया है। जगद्गुरु शंकराचार्य के बाद भारत के एकीकरण का काम पत्रकारिता और साहित्य ने ही किया है। अपने राष्ट्रीय विचारों के समाचार पत्र से तमिलनाडु के सुब्रम्यण्यम भारती जो कर रहे थे, वही काम हिंदी में माखनलाल चतुर्वेदी कर रहे थे। उनके साहित्य और पत्रकारिता दोनों में भारत बोलता है। इस तरह हम देखते हैं कि समाचार माध्यमों ने न सिर्फ सूचनाओं का आदान प्रदान किया बल्कि एक देश में एक भाव भी भरा। यही हमारी पत्रकारिता की मूल शक्ति है। पत्रकारिता के नायक लोकमान्य तिलक का वाक्य स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, देश की वाणी बन गया। देश ने आजादी के सपने देखने प्रारंभ किए। उनकी प्रेरणा से अनेक लोग पत्रकारिता में आए और उसी भाव को लेकर आगे बढ़े। इनमें हिंदी के माधवराव सप्रे का उदाहरण सबसे खास है, जिन्होंने तिलक जी के मराठी अखबार 'केसरी' से प्रेरणा लेकर 'हिंदी केसरी' प्रारंभ किया। ऐसे अनेक नायक देश को जोड़ने के सूत्र खोजकर पत्रकारिता के माध्यम से सामने आते रहे। समस्त भारतीय भाषाओं के श्रेष्ठ संपादकों ने इस दौर में जो भाव जागरण किया है, वह अप्रतिम है।

इतनी सारी भाषाओं, बोलियों, खानपान, स्थानीय प्रतीकों को लेकर चलता हुआ देश अगर एक है तो इसका कारण है, उसके सांस्कृतिक प्रवाह का एक होना। लंबी गुलामी, वैचारिक दासता से घिरे बुद्धिजीवियों द्वारा किए लंबे अनर्थ चिंतन के बाद भी इस देश की प्रज्ञा अगर सो नहीं गयी तो इसका कारण इस देश की गहरी सांस्कृतिक जड़ें हैं। समय-समय पर नायक आते रहे हैं। जो हमें याद दिलाते हैं कि सब कुछ कभी खत्म नहीं हो सकता। भारतेंदु हरिश्चंद्र उनमें एक हैं, गांधी हैं, बाद के दिनों में दीनदयाल उपाध्याय, डा. राममनोहर लोहिया, अटलबिहारी वाजपेयी हैं। इनमें से सब पत्रकारिता को अपनी अभिव्यक्ति का केंद्र बनाते हैं। मीडिया के माध्यम से समाज को उसके बोध से जोड़ते हैं। उसी समय समाज को राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त याद दिलाते हैं -

हम कौन थे, क्या हो गये हैं, और क्या होंगे अभी
आओ विचारें आज मिल कर, यह समस्याएं सभी।

जाहिर है हमारी चुनौतियां अभी समाप्त नहीं हुई हैं। हमें नित अपने राष्ट्र के समक्ष उपस्थित संकटों के ठोस और वाजिब हल तलाशने हैं। पत्रकारिता, साहित्य और प्रदर्शन कलाओं में यह सामर्थ्य है कि वे समाज को संबल देते हुए उन्हें एकजुट कर सकते हैं। उनको रास्ता दिखा सकते हैं। भारतीय पत्रकारिता कमोबेश अपनी इस भूमिका पर आज भी कायम है। अपनी इस भूमिका को और प्रखर करते हुए पत्रकारिता जगत को वह सब करना ही होगा, जो अपेक्षित है। इसकी कसौटी भी तय है- जनपक्ष और सत्यान्वेषण। इसी में भारतीय पत्रकारिता की मुक्ति है, इसी में उसका गौरव है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिये कुछ विशेष है। शरीर में पानी की कमी न होने दें। घर के लोगों की सलाह पर विचार अवश्य करें। आज शान्ति और धैर्य का परिचय दें।

**वृषभ**
जीवनसाथी को कुछ उपहार देने का विचार बनायेंगे। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मिथुन**
किसी बुद्धिजीवी से गम्भीर विषय पर चर्चा करेंगे। भाई-बहनों के साथ आपके सम्बन्ध अत्यन्त मधुर रहने वाले हैं। बच्चों के भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे।

**कर्क**
आज पुनर्गतिमान होने की सम्भावना बन रही है। अधिकारी वर्ग से प्रशंसा मिलेगी। दोस्तों की मदद लेकर आप कोई भी काम आज शुरू कर सकते हैं।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में अधिकार कम किये जा सकते हैं। दूसरों के कार्यभार को अपने ऊपर लादना भी आपके लिये उचित नहीं है। बेवजह की यात्रा नुकसान पहुँचा सकती है।

**कन्या**
दिन की शुरुआत में आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। जिसकी थकान आपको रात में अनुभूत होगी। पर्याप्त नींद लें और तनाव न लें।

**तुला**
जीवनसाथी अत्यधिक देखभाल करेगा। अपनी बातों को प्रभावी ढंग से स्पष्ट कर पायेंगे। आपका व्यवहार अत्यधिक संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा।

**वृश्चिक**
अधिकांश समय घर पर बिताना चाहिये। जोखिम भरे कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। परिजनों के साथ बैर अथवा का मनमुटाव आज दूर हो सकता है।

**धनु**
दिनभर के कार्यों के कारण थकान रहेगी। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें। आपको कर्ज और उधार नहीं लेना चाहिये। सरकार से जुड़े लोगों को परेशानी हो सकती है।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपको व्यापार में काफी अच्छा धन मिलेगा। वरिष्ठ लोगों की सलाह का अनुसरण करें। दूसरे लोगों की बात को अधिक तूल न दें।

**कुंभ**
आज रुके कार्यों को पूर्ण करने का दिन है। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। किसी बाहरी व्यक्ति से नोक-झोंक न करें।

**मीन**
दैनिक पूजा-पाठ को अत्यधिक समय देंगे। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर अत्यधिक प्रभाव रहेगा। काम के बीच आप आराम करेंगे।

# आईआईटी पटना में 'युवा संगम फेज-6' का भव्य शुभारंभ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार और पंजाब का संबंध बहुत पुराना एवं अत्यंत आत्मीय रहा है। दोनों राज्यों के लोग मेहनती, कर्मठ और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले हैं। पंजाब के विकास में बिहार के लोगों की अहम भागीदारी रही है। वहीं धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी दोनों राज्यों के बीच गहरा जुड़ाव है, जिसका प्रमुख उदाहरण तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा है। उक्त बातें बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत आयोजित 'युवा संगम फेज-6' कार्यक्रम में पंजाब से आए प्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आईआईटी पटना में कही। कार्यक्रम का शुभारंभ आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी. एन. सिंह, डीजीपी विनय कुमार, प्रो. जिमसन मैथ्यू, डॉ. सतेंद्र कुमार, नोडल अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी. एन. सिंह ने मुख्य अतिथि विनय कुमार को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में प्रो. टी. एन. सिंह ने कहा कि 'युवा संगम' जैसे कार्यक्रम देश की साहित्यिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से विभिन्न राज्यों के युवाओं को एक-दूसरे की भाषा, संस्कृति, परंपराओं, धार्मिक मान्यताओं एवं सामाजिक मूल्यों को निकट से समझने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि बिहार राज्य के लिए आईआईटी पटना को 'युवा संगम' कार्यक्रम का नोडल संस्थान बनाया गया है। 'युवा संगम' भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण युवा विनिमय पहल है, जिसका उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं के बीच भावनात्मक एकता, आपसी समझ तथा राष्ट्रीय एकीकरण को मजबूत करना है। उद्घाटन समारोह में हेरिटेज सोसाइटी के महानिदेशक डॉ. अनन्ताशुतोष द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा डीन एडमिन प्रो. ए. के. ठाकुर, डॉ. ऋषभ सिंह, डॉ. सुनील सिंह, विजय कुमार, श्री कृपाशंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में फैकल्टी सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत पंजाब से आए अतिथियों को बिहार की ऐतिहासिक धरोहरों, समृद्ध संस्कृति एवं गौरवशाली विरासत से परिचित कराया जाएगा। आज प्रतिनिधिमंडल महाबोधि मंदिर (बोधगया), मंगलागौरी मंदिर एवं विष्णुपद मंदिर (गया) का भ्रमण करेगा। वहीं कल अतिथियों को नालंदा जिले के घोड़ाकटोरा झील, प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेष, नालंदा विश्वविद्यालय तथा पावापुरी जल मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा, जिससे उन्हें बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को निकट से जानने और समझने का अवसर प्राप्त होगा।






# सुई-धागे से बुन रहीं आत्मनिर्भरता की कहानी

## जीविका दीदियों की सिलाई सेंटर से संवर रही सैकड़ों परिवारों की जिंदगी

शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कभी घर की चारदीवारी में सिमटी रहने वाली महिलाएं आज सुई-धागे से न सिर्फ आंगनबाड़ी के नौनिहालों के कपड़े सी रही हैं, बल्कि अपने और परिवार के सपनों को भी नया आकार दे रही हैं। मसौढ़ी प्रखंड के अंतर्गत चल रही जीविका के द्वारा सिलाई सेंटर से करीब 150 महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का मजबूत मंच बन गया है। जहां मसूरी के दहिभता, नदौल और भैंसवा गांव में सिलाई सेंटर चल रहा है। ऐसे में भैसवां गांव स्थित प्रकाश सिलाई सेंटर में 20 से अधिक महिलाएं जीविका से जुड़कर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही है।चौखट लांघकर पहली बार सिलाई सेंटर पहुंचीं नितू सिंह कहती हैं, 'पहले पति की कमाई पर निर्भर थे। अब महीने के 6-7 हजार कमा लेती हूं। बेटी की फीस और घर का राशन खुद भरती हूं।' सेंटर में दीदियां आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए यूनिफॉर्म, तैयार कर रही हैं। सरकार से मिले ऑर्डर ने इनकी जिंदगी बदल दी। बीपीएम दिग्विजय नारायण बताते हैं कि मसौढ़ी प्रखंड की 150 जीविका दीदियां यहां जुड़ी हैं। हर दीदी को प्रशिक्षण के बाद मशीन दी गई। अब ये हर महीने हजारों यूनिफॉर्म तैयार करती हैं। 45 वर्षीय शांति देवी की आंखें भर आती हैं, "पति की मौत के बाद लगा जिंदगी थम गई। आज इसी सेंटर से दो बच्चों को पढ़ा रही हूं। अब किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ता। बीपीएम दिग्विजय नारायण ने बताया कि यहां दीदियां सिलाई के साथ हिसाब-किताब, बैंकिंग और मार्केटिंग भी सीख रही हैं। समूह में काम करने से आत्मविश्वास बढ़ा है। अब ये महिलाएं ब्लॉक ऑफिस में अपनी बात रखती हैं, लोन के लिए बैंक जाती हैं। भैसवां की रिना कुमारी, पुष्पा, सोनी,अंजुला आदी ने बताया की,अब आंगनबाड़ी यूनिफॉर्म का ऑर्डर मिलने से दीदियों को सालभर काम मिला है। प्रति यूनिफॉर्म सिलाई पर तय राशि सीधे खाते में जाती है। इससे न सिर्फ आमदनी बढ़ी, बल्कि समाज में सम्मान भी मिला। अब गांव के लोग इन्हें 'दीदी' नहीं, 'उद्यमी दीदी' कहकर बुलाते हैं।कभी दूसरों के कपड़े रफू करने वाली ये हाथ आज सैकड़ों बच्चों का तन ढंक रहे हैं और साथ ही खुद की जिंदगानी भी संवार रहे हैं। सुई-धागे की टक-टक के बीच मसौढ़ी की ये दीदियां आत्मनिर्भर भारत की सबसे खूबसूरत इबारत लिख रही हैं। सिलाई सेंटर में कपड़े सिलाई कर रही भैंसवा गांव की सभी महिलाओं ने कहा कि एक कपड़े पर ₹25 मिलते हैं प्रतिदिन 200 300 रुपए की अच्छी आमदनी हो जा रही है सरकार से गुजारिश करेंगे कि इलेक्ट्रिक वाला सिलाई मशीन दिया जाए। भैंसवां में प्रकाश सिलाई सेंटर में सिलाई कटाई कर रही नीतू सिंह, रीना कुमारी, अंजुला कुमारी, संजू कुमारी, सफलता देवी, सोनी कुमारी, संगीता देवी, पुष्पा कुमारी समेत 20 जीविका दीदी शामिल है।वहीं भीआरपी रणबहादुर सिंह इस पूरे सिलाई सेंटर का देख रहे करते हैं।




# चोरी कांड: जुटाए गए फिंगरप्रिंट ताले पर मिले निशान, जांच तेज

## फॉरेंसिक टीम पहुंची गांव, अटैची-बक्से और लोटे-गिलास से लिए सैंपल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के गुलरिया बिगहा गांव में शुक्रवार की रात हुई लाखों की चोरी के दूसरे दिन रविवार को एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। टीम ने घर से अटैची, बक्सा, लोटा, गिलास और ताले पर मिले फिंगरप्रिंट के नमूने लिए हैं। दरअसल शुक्रवार की देर रात चोर घर में घुसे थे। सबसे पहले उन्होंने घर में सो रहे कुमार गौरव उर्फ लाला यादव के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद घर में रखी अटैची और बक्सा लेकर खेत में चले गए। वहां तोड़कर करीब 3 से 4 लाख के सोने-चांदी के गहने, 20 हजार नगद, चुरा ले गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पीड़ित कुमार गौरव ने धनरुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शनिवार को डॉग स्क्वॉड की मदद से पूरे गांव में छानबीन की गई थी।रविवार को एफएसएल की टीम गांव पहुंची। टीम ने चोरी वाले कमरे और घर के अंदर रखे सामानों की बारीकी से जांच की। अटैची, बक्सा, लोटा-गिलास समेत कई जगहों से फिंगरप्रिंट व अन्य सैंपल इकट्ठा किए। ताले पर भी फिंगरप्रिंट मिले हैं। धनरुआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम से मिले नमूनों व अन्य सूत्रों के आधार पर कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों का सुराग लगाकर गिरफ्तारी की जाएगी।



# धनरुआ से लापता दो सहेलियों में एक बरामद, दूसरी की तलाश में जुटी पुलिस

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव से 19 मई को स्कूल जाने के लिए निकली दो सहेलियां अचानक लापता हो गई थीं। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने दो दिन बाद एक छात्रा को बरामद कर लिया है। दूसरी की तलाश जारी है। मामला नीमा गांव का है। जहाँ बेबी देवी, पति शंकर कुमार ने थाने में आवेदन दिया था कि 19 मई को सुबह करीब 6 बजे उनकी बेटी अंजली कुमारी, उम्र 16 वर्ष, पिता शंकर कुमार और उसकी सहेली अंजली कुमारी, उम्र 17 वर्ष, पिता मनोरंजन साव राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नदवां के लिए घर से निकली थीं। मनोरंजन साव की बेटी स्कूल में परीक्षा देने गई थी, उसके साथ शंकर कुमार की बेटी भी चली गई थी। दोपहर बाद तक दोनों लड़कियां घर नहीं लौटीं। परिजनों ने खोजबीन शुरू की। सभी रिश्तेदारों के यहां पता किया, लेकिन दोनों का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद थाने में आवेदन दिया गया। बेबी देवी ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी अंजली पिछले दो महीने से एक अज्ञात लड़के से मोबाइल पर बात करती थी। इसको लेकर उन्होंने बेटी को डांट-फटकार भी लगाई थी।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लापता छात्रों में से एक अंजली कुमारी को बरामद कर लिया है। दूसरी छात्रा अंजली कुमारी, पिता मनोरंजन साव की तलाश की जा रही है। पुलिस का दावा है कि उसे भी जल्द बरामद कर लिया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है।

# दो भाइयों के बीच मारपीट लिया हिंसक रूप, एक दर्जन घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी थाना क्षेत्र अंतर्गत दरियापुर गांव में ईंट के लेन-देन का विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दो भाइयों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी-डंडे तथा ईंट-पत्थर चलने लगे। घटना में करीब एक दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।घटना की सूचना मिलते ही बेलछी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सकसोहरा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों की स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल बाढ़ रेफर कर दिया गया है।घायल पक्ष के बच्चु यादव ने बताया कि उन्होंने राजबल्लभ यादव को लगभग 900 ईंट दिए थे। उनका आरोप है कि जब उन्होंने ईंट वापस करने या उसके हिसाब-किताब की बात उठाई तो विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ी और मामला मारपीट तक पहुंच गया। उनका कहना है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे कई लोग घायल हो गए।वहीं दूसरे पक्ष के राजबल्लभ यादव ने आरोपों से अलग पक्ष रखते हुए कहा कि ईंट का हिसाब पहले से तय था और पैसे का लेन-देन भी हो चुका था। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच हिसाब-किताब को लेकर बातचीत चल रही थी और मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया था।जानकारी के अनुसार पुलिस के वापस लौटने के कुछ समय बाद फिर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया और उसने हिंसक रूप ले लिया। एक पक्ष से सात तथा दूसरे पक्ष से चार लोगों के घायल होने की बात सामने आ रही है, हालांकि घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है।पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मसौढ़ी नप सशक्त स्थायी समिति का चुनाव 30 मई को

## पुनपुन में 29 को होगा मतदान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढ़ी की सशक्त स्थायी समिति का चुनाव 30 मई को होगा। चुनाव को लेकर शहर में सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड पार्षदों की मैराथन बैठकें शुरू हो चुकी हैं। वहीं पुनपुन में यह चुनाव 29 मई को कराया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। चुनाव प्रक्रिया 30 मई को सुबह 8 बजे शुरू होगी। नामांकन, मतदान और निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने तक की पूरी कार्यवाही एक ही दिन में पूरी कर ली जाएगी। दरअसल सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव पार्षदों के गुप्त मतदान से होगा। प्रत्येक रिक्ति के लिए अलग-अलग मतपेटिकाएं क्रमांक 1, 2, 3 आदि रखी जाएंगी। एक वार्ड पार्षद एक रिक्ति के विरुद्ध एक ही बार मतदान कर सकेगा। बहरहाल चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। हर वार्ड पार्षद अपने स्तर से सक्रिय हो गया है। सूत्रों के मुताबिक उम्मीदवार के तौर पर राकेश कुमार, कुमारी प्रीतिलता, नीलम देवी, रूबी देवी आदि के नाम की चर्चा जोरों पर है। अब देखना यह होगा कि सशक्त स्थायी समिति के सदस्य के रूप में किसे जीत मिलती है।

# भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में बाबा साहेब की प्रतिमा लगाने की मांग

## समाजसेवियों ने सरकार से किया आग्रह

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार ने एससी-एसटी छात्र-छात्राओं के लिए भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय का निर्माण तो करा दिया, लेकिन विद्यालय परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा नहीं है। इसे लेकर स्थानीय समाजसेवियों ने सरकार से प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। दरअसल मसौढी प्रखंड के सगुनी गांव में 720 बेड का भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया गया है, जिसका विधिवत ऑनलाइन उद्घाटन 29 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किया गया था,ऐसे मे अब नामांकन शुरू हो गया है हालांकि इस विद्यालय के निर्माण के बाद स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग किया है कि जिस महापुरुष के नाम पर यह विद्यालय बना है उनकी भी प्रतिमा विद्यालय में स्थापित होनी चाहिए। मसौढ़ी के समाजसेवी डॉ. राम जयपाल, नवल भारती, शिवकुमार यादव समेत कई लोगों ने कहा कि जिस महापुरुष के नाम पर विद्यालय बना है, उनकी प्रतिमा भी वहां होनी चाहिए। इससे आवासीय शिक्षा ग्रहण करने वाले एससी-एसटी वर्ग के छात्र बाबा साहेब को देख-समझ सकेंगे और उनके विचारों को आत्मसात कर सकेंगे। समाजसेवियों का कहना है कि सरकार ने वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आवासीय शिक्षा की बेहतर व्यवस्था की है। अब जरूरी है कि विद्यालय में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित हो। इससे नई युवा पीढ़ी संविधान निमार्ता के संघर्ष, समानता और शिक्षा के संदेश से प्रेरित होगी।स्थानीय लोगों ने सरकार से आग्रह किया है कि भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में जल्द बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित की जाए। इससे विद्यालय का नाम भी सार्थक होगा और बच्चों को महापुरुष के जीवन से सीखने का मौका मिलेगा।




## संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी में अतिक्रमणकारियों को 48 घंटे का अल्टीमेटम

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद ने शहर के मेन रोड, स्टेशन रोड समेत विभिन्न जगहों पर पहुंच पथ पर अतिक्रमण करने वालों को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। तय समय में अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन अभियान चलाकर कार्रवाई करेगा।जारी निर्देश के अनुसार मसौढ़ी बाजार रेलवे गुमटी पर निमार्णाधीन आरओबी के पहुंच पथ पर अतिक्रमण किया गया है। पूर्व में भी अतिक्रमणकारियों को सूचना दी जा चुकी है। अब अंतिम चेतावनी जारी कर 48 घंटे के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है।आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान होने वाले नुकसान की वसूली संबंधित व्यक्तियों से ही की जाएगी। अभियान के दौरान होने वाली किसी भी क्षति के लिए अतिक्रमणकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।नगर परिषद ने कहा है कि शहर को जाम मुक्त और आरओबी निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए यह कदम उठाया गया है। सभी अतिक्रमणकारियों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपना सामान हटा लें।

### भैंस ले जाने के दौरान विवाद में मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सकसोहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दल्लोचक गांव में भैंस लेकर जा रहे रोहित कुमार को कुछ लोगों ने रास्ते के विवाद में मारपीट कर जख्मी कर दिया। जख्मी की मां रिंकू देवी ने बताया कि उसका पुत्र भैंस चराकर घर लौट रहा था ।इसी दौरान रास्ते में जब उसके पुत्र ने ग्रामीण सदन पंडित को रास्ते से हटाने के लिए कहा तो गुस्से में आकर उसने मारपीट कर जख्मी कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को धनरुआ थाने में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अमित कुमार ने की। बैठक में धनरुआ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। थानाध्यक्ष ने बकरीद पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण से जुड़े कई जरूरी बिंदुओं पर चर्चा की थानाध्यक्ष अमित कुमार ने सभी से अपील की कि पर्व को आपसी भाईचारा और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया और त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया।



### भदौर में लाखों की चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुशहालचक गांव में भी अपराधियों ने मीना देवी के घर में दरवाजे का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। मीना देवी घर में ताला लगाकर बिहार शरीफ काम से गई थी। इसी दौरान अपराधियों ने घर में घुसकर डेढ़ लाख रुपए से ऊपर नगदी, सोने और चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गये। मौके पर बदमाशों का टॉर्च और चप्पल छूट गया है जिसे पुलिस को सौंप दिया गया। उधर दूसरी तरफ बाढ़ नगर के मुरलीधर मेमोरियल हॉस्पिटल के सामने अचुआरा गांव निवासी निशिकांत सिंह की मोटरसाइकिल अपराधियों ने चोरी कर ली। निशिकांत इलाज करने के लिए बाइक मेन गेट पर लगाकर क्लीनिक में गया था। इस संबंध में थाने में केस दर्ज कराया गया है।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**अरवल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले मे दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान जिला अरवल प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया, सांसद राज्य सभा शिवेश राम विधायक मनोज शर्मा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पीयूष शर्मा शामिल हुए। समापन सत्र को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को देश की एकता और अखंडता के साथ केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति को लाभ पहुंचाना है।

# 27 मई तक कक्षा आठ तक का स्कूल बंद, अन्य कक्षाएं 11 बजे तक

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वर्तमान में भोजपुर जिला अन्तर्गत बढ़ रहे तापमान, विशेष रूप से दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। उक्त के आलोक में भोजपुर जिला के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों (प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रो तथा कोचिंग संस्थानों सहित) में वर्ग-08 तक की कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधियों पर दिनांक-27.05.2026 तक प्रतिबंधित किया गया है। वर्ग 8 से उपर की कक्षायें पूर्वाह्न 11:00 बजे तक ही संचालित होंगी। जिला प्रशासन की ओर से यह जानकारी सभी सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों को उपलब्ध करा दी गई है। उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए गए हैं।

# शहीद विजय प्रीमियर लीग: सेमीफाइनल की जंग तैयार, रविवार रात ग्रीनटॉप पर होगी खिताबी टक्कर

## सरथुआ का रेलवे ग्राउंड बना युवा जोश का अखाड़ा

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहीद विजय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में सेमीफाइनल की चार टीमें तय हो गई हैं। सरमेरा, चंडासी, सुमित इलेवन पटना और स्थानीय तोप की टीमें रविवार रात ट्रॉफी और आकर्षक नकद राशि के लिए भिड़ेंगी। सरथुआ के ग्रीनटॉप विकेट पर खिताबी जंग के रोमांच का पारा चढ़ा हुआ है।

### शनिवार रात क्वार्टर फाइनल का रोमांच: विकेट भी गिरे, रिकॉर्ड भी बने

**मैच-1:** हुरारी डेयरडेविल्स ने अथमलगोला को 45 रन से रौंदा

हुरारी डेयरडेविल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 10 विकेट पर 90 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में वाई.सी.सी. अथमलगोला की टीम 8 ओवर में 9 विकेट पर 45 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच सोनू अश्विन ने 11 रन बनाने के साथ 3 विकेट चटकाकर ऑलराउंड प्रदर्शन किया।

**मैच-2:** चंडासी की आंधी में उड़ा मुंगेर

विश्वकर्मा स्पोर्टिंग मुंगेर ने 8 ओवर में 5 विकेट पर 68 रन बनाए। नवीन इलेवन चंडासी ने 6.5 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंकित यादव ने 2 ओवर में 15 रन देकर 2 विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच बने।

**क्वार्टर फाइनल-4:** अमन यादव का तूफान, 11 गेंद में 42 रन

हुरारी डेयरडेविल्स 8 ओवर में 7 विकेट पर 50 रन ही बना सकी। नवीन इलेवन चंडासी ने सिर्फ 3.2 ओवर में 2 विकेट पर लक्ष्य पा लिया। अमन यादव ने 11 गेंद में 42 रन की तूफानी पारी खेलकर मैच एकतरफा कर दिया।

### सेमीफाइनल लाइन-अप: कौन मारेगा बाजी?

सरमेरा, चंडासी, सुमित इलेवन पटना, स्थानीय तोप

### 'खेल सिर्फ खेल नहीं, जिंदगी की ट्रेनिंग है'

आयोजन समिति के मुकेश कुमार, ई. विक्कू रंजन, मंटू कुमार, अंबर पटेल, बमशंकर, मुन्ना कुमार, मनोज कुमार, रविरंजन, राकेश कुमार, टीपू सुल्तान व संतोष रंजन ने कहा — "आज खेलों में भी आजीविका की अपार संभावना है। वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, सार्थक रंजन, साकिब हुसैन जैसी प्रतिभाएं बिहार की इसी मिट्टी की देन हैं। ये गुदरी के लाल हैं। हम चाहते हैं पटना जिले की इस ऐतिहासिक जमीन से भी यंग टैलेंट निखरे।"

वरिष्ठ मीडिया कर्मी डॉ. राजीव कुमार नयन ने कहा, "खेलों से मैत्री, सद्भावना, प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। यह टीम भावना समाज को जुझारूपन और विपरीत हालात में हार न मानने का संदेश देती है। मनोरंजन से बढ़कर यह सामाजिक मूल्यों की जीत है।"

### रविवार रात: गण्यमान्य लोगों से सजेगा सरथुआ

विजेता टीम को पुरस्कृत करने के लिए पूर्व एमएलसी वाल्मीकि सिंह, दनियावां पंचायत के मुखिया नवनीत कुमार, युवा समाजसेवी राजू दानवीर, कुर्मी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, हिलसा के युवा व्यवसायी दीपक कुमार कुटीरयार सहित कई गण्यमान्य लोग मैदान में मौजूद रहेंगे।

### ग्रीनटॉप से निकलेंगे अगले वैभव

सरथुआ गांव के युवाओं और खेल प्रेमियों ने टूर्नामेंट को सफल बनाने में दिन-रात एक कर दिया। देर रात्रि तक दर्शकों का जोश कम नहीं हुआ। यही जुनून बताता है कि बिहार की गलियों से ही अगला आईपीएल स्टार निकलेगा। शहीद विजय की याद में हो रहा यह टूर्नामेंट सिर्फ छक्के-चौकों का खेल नहीं। यह 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का मिनी संस्करण है - जहां सरमेरा, चंडासी, पटना और दनियावां एक साथ मैदान में हैं, और जीतता 'भाईचारा' है।




CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### गैस आपूर्ति व्यवस्था पर प्रशासन सख्त, बांका में लगातार चल रहा निरीक्षण अभियान

**बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। नवदीप शुक्ला के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में गैस एजेंसियों की निगरानी, निरीक्षण और छापेमारी अभियान लगातार जारी है। प्रशासन की ओर से बताया गया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने और किसी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता रोकने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को लगातार दिशा- निर्देश दिए जा रहे हैं। जिला पदाधिकारी स्वयं समय-समय पर बैठक एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जानकारी दी कि अब तक जिले की 8 गैस एजेंसियों और 20 प्रमुख स्थानों पर जांच अभियान चलाया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान गैस वितरण व्यवस्था, स्टॉक और उपभोक्ताओं को हो रही आपूर्ति की गहन जांच की गई। उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए समाहरणालय परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। यहां प्राप्त शिकायतों का तय समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासन के अनुसार वर्तमान में जिले में घरेलू गैस की उपलब्धता सामान्य बनी हुई है। हाल के दिनों में 2668 उपभोक्ताओं द्वारा गैस बुकिंग कराई गई, जबकि 5215 उपभोक्ताओं तक सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और जिले में पर्याप्त मात्रा में घरेलू रसोई गैस उपलब्ध है।

### हथियार के बल पर लूटकांड का खुलासा, तीन शातिर अपराधी गिरफ्तार

**रजौन/बांकानवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रजौन थाना क्षेत्र के खैरा मोड़ के पास हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का बांका पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लूटी गई बाइक, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त दो अन्य मोटरसाइकिल



बरामद की है। इस कार्रवाई के बाद अपराधियों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार 10 मई 2026 की शाम बौंसी थाना क्षेत्र के गाजियाडीह निवासी प्रिंस कुमार अपने मित्र राहुल कुमार की हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक से भागलपुर जा रहे थे। रजौन बाजार पार करने के बाद खैरा मोड़ के समीप दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। हथियार का भय दिखाकर बदमाश युवक को मुख्य सड़क से दूर बड़ी मुरादपुर स्थित शिव मंदिर के पास ले गए, जहां उसकी बाइक, मोबाइल फोन और नकद रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद रजौन थाना में कांड संख्या 163/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। बौंसी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में रजौन थाना एवं डीआईयू की संयुक्त टीम ने वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मंगल कुमार, शिवशक्ति कुमार तथा लड्डू यादव उर्फ आर्यन कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान तीनों ने लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने लूटी गई हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक और मोटो 5ऋ मोबाइल फोन बरामद कर लिया। इसके अलावा घटना में इस्तेमाल की गई एक अन्य स्प्लेंडर प्लस और यामाहा फ्ा5 बाइक भी जब्त की गई है। इस अभियान में राज रतन, एसआई मुकेश कुमार, विनोद कुमार, शुभम कुमार तथा डीआईयू के एसआई सुशील राज सहित कई पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल एक अन्य फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### मालदा मंडल का बड़ा टिकट जांच अभियान, 527 यात्री पकड़े गए

**भागलपुरनवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे राजस्व की सुरक्षा और यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मालदा मंडल द्वारा विभिन्न रेलखंडों में व्यापक टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह विशेष अभियान मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। अभियान के तहत कार्तिक सिंह के नेतृत्व में भागलपुरझ्रगोड्डा रेलखंड के कोईली खुटाहा हाल्ट, गोनू धाम हाल्ट, हाटपुरैनी हाल्ट, टिकानी, मंदार हिल, गोड्डा समेत कई स्टेशनों पर गहन टिकट जांच की गई। इस दौरान वाणिज्य निरीक्षक, टिकट जांच कर्मचारी तथा रेलवे सुरक्षा बल के जवान भी मौजूद रहे। रेलवे अधिकारियों ने ट्रेनों और स्टेशनों पर टिकट रहित एवं अनियमित यात्रा करने



वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। साथ ही भागलपुरझ्र जमालपुर और भागलपुरझ्रसाहिबगंज रेलखंडों में भी समानांतर रूप से विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान कुल 527 मामले पकड़े गए, जिनमें बिना टिकट और नियम विरुद्ध यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। इन मामलों से रेलवे को ₹3,10,945 का जुमार्ना राजस्व प्राप्त हुआ। मालदा मंडल ने स्पष्ट किया कि रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित करने और वास्तविक यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक यात्रा अनुभव देने के लिए आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा शुरू करने से पहले वैध टिकट अवश्य लें, क्योंकि बिना टिकट यात्रा करना दंडनीय अपराध है।

# फंदे से लटककर किशोरी की मौत

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ●मृतका की मां ने यूडी केस दर्ज करने को लेकर थाना में दिया आवेदन**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के महुआवा गांव के पुरवारी टोला में रविवार को एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर मौत हो गई। मृतका की पहचान उक्त गांव निवासी भिखर पासवान की 17 वर्षीय पुत्री मुस्कान कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब 11:30 बजे घर के सभी सदस्य पड़ोस में आयोजित पूजा-पाठ को लेकर पंचायत भवन स्थित पोखर में स्नान करने गए हुए थे। इस दौरान मुस्कान घर में अकेली थी। जब परिजन वापस लौटे तो उसे कमरे में पंखे से लगे फंदे से लटका पाया। आनन-फानन में



परिजनों ने उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना के बाद परिजन शव के दाह संस्कार की तैयारी में जुट गए थे। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष महेश कुमार एवं एसआई कोमल कुमारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। बाद में एफएसएल टीम को बुलाकर कमरे से साक्ष्य जुटाए गए। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया। मामले को लेकर मृतका की मां मिथिलेश देवी ने थाना में आवेदन देकर यूडी केस दर्ज करने की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि मुस्कान इंटर की परीक्षा में कम अंक आने के कारण पिछले कुछ दिनों से तनाव में रह रही थी। परिवार के लोगों के घर से बाहर रहने के दौरान उसने यह कदम उठा लिया। बताया गया है कि मृतका तीन बहनों और दो भाइयों में दूसरे स्थान पर थी। उसकी बड़ी बहन मनीषा कुमारी जमुई जिले में होमगार्ड में कार्यरत है, जबकि पिता भिखर पासवान नेपाल में कबाड़ी खरीद-बिक्री का काम करते हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि मृतका की मां की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस आत्महत्या और अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल पाएगा।

## विशेष समकालीन अभियान में 7 अभियुक्त गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र में चलाए गए विशेष समकालीन अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न कांडों में कार्रवाई



करते हुए कुल 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुराने आपराधिक कांड में दो आरोपी दबोचे गए। घोड़ासहन जितना थाना कांड संख्या 382/14 ,15 सितंबर 2014 में दर्ज मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह मामला IPC की धारा 120, 120(इ), 109, 115, 114, 117, 411, 412, 413, 414, 34, 35, 37 एवं 38 से संबंधित है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मोनू कुमार 32 वर्ष पिता अशोक कुमार जायसवाल, निवासी घोड़ासहन तथा तेरे नाम उर्फ पवन 36 वर्ष पिता शंकर दास, निवासी घोड़ासहन शामिल हैं। दोनों अभियुक्त पूर्वी चंपारण जिले के रहने वाले हैं।

**मद्य निषेध मामलों में पांच गिरफ्तार**

जितना थाना कांड संख्या 129/26,23 मई 2026 में धारा 30(अ) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2022 के तहत अभियुक्त रविरंजन कुमार 17 वर्ष पिता मुन्नीलाल राम, निवासी कटहा रघुनाथपुर थाना मुफस्सिल, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया।

## मोकामा स्टेशन पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता अभियान, यात्रियों को दिया स्वच्छता का संदेश

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेल द्वारा चलाए जा रहे त्रि-साप्ताहिक अभियान के तहत शनिवार को मोकामा रेलवे स्टेशन पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक दिनेश झा ने किया। उन्होंने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को संबोधित करते हुए प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग




से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को होने वाले गंभीर खतरों के बारे में विस्तार से बताया। श्री झा ने यात्रियों से अपील की कि यात्रा के दौरान पानी पीने के लिए प्लास्टिक की बोतलों के बजाय स्टील या अन्य नन-प्लास्टिक बोतल अपने साथ रखें।अभियान के दौरान पूरे स्टेशन परिसर में पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से लगातार यात्रियों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान और स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, स्टेशन के विभिन्न हिस्सों में बैनर और पोस्टर लगाए गए। जागरूकता टीम ने स्टेशन परिसर में घूम-घूम कर यात्रियों से संपर्क किया और उन्हें प्लास्टिक मुक्त स्टेशन बनाने में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर रंजीत कुमार, सुबोध कुमार, रीता देवी, शोभा देवी, सुन्दरी देवी, परदेशी पासवान, शत्रुघ्न राम एवं शिवम् कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए यात्रियों को जागरूक किया और स्वच्छता का संदेश दिया।

## प्रेम विवाह के बाद पति ने दहेज के लिए की विवाहिता की पिटाई, आंख फोड़ी

**पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पति को किया गिरफ्तार**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के सिरौना गांव की एक विवाहिता को प्रेम विवाह करना महंगा पड़ गया। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति द्वारा बेरहमी से मारपीट कर उसकी आंख फोड़ देने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़िता गुड़िया कुमारी (22) के पिता भरत मुखिया ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि पताही थाना क्षेत्र के छोटका बलुआ गांव निवासी स्व. रामभरोस मुखिया के पुत्र जगदीश मुखिया ने 23 मई की रात करीब 10:30 बजे दहेज में तीन लाख रुपये की मांग को लेकर अपनी पत्नी गुड़िया कुमारी की बेरहमी से पिटाई की।



मारपीट के दौरान उसकी बाईं आंख, नाक समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। गंभीर स्थिति में उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी रेफर कर दिया। बाद में उसका इलाज मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट और अभद्र व्यवहार किया गया। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी पति को हिरासत में लेकर थाना ले गई। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2024 में युवती ने घर से भागकर युवक से प्रेम विवाह किया था। बाद में दोनों पक्षों की मौजूदगी में ग्राम कचहरी में हिंदू रीति-रिवाज से शादी कराई गई थी। शादी के बाद से ही पति लगातार दहेज में तीन लाख रुपये की मांग कर विवाहिता को प्रताड़ित करता था। इस संबंध में शिकारगंज थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## हरिहरा स्वास्थ्य केंद्र में सरकारी दवाइयों को जलाने का वीडियो वायरल, स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

**ग्रामीणों ने लगाया इलाज में लापरवाही और दवाइयों की बबार्दी का आरोप**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के हरिहरा गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सह अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर विवादों में आ गया है। अस्पताल परिसर में सरकारी दवाइयों को जलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और कर्मियों की नियमित उपस्थिति नहीं रहने के कारण मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। दवाइयों का वितरण भी सही तरीके से नहीं होने से बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयां लंबे समय तक गोदाम में पड़ी रहीं। रखरखाव के अभाव में कई दवाइयां खराब हो गई और उनमें दीमक



तक लग गई। आरोप है कि खराब हो चुकी दवाइयों को नष्ट करने के लिए अस्पताल कर्मियों ने उन्हें अस्पताल के पीछे ले जाकर आग के हवाले कर दिया। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने धुआं उठता देख मौके पर पहुंचकर वीडियो बना लिया। वायरल वीडियो में बड़ी मात्रा में दवाइयों की बोतलें और पैकेट जलते दिखाई दे रहे हैं। कई पैकेटों पर 'बिहार गवर्नमेंट सप्लाई- नॉट फॉर सेल' भी स्पष्ट रूप से लिखा नजर आ रहा है, जिससे यह पुष्टि हो रही है कि दवाइयां सरकारी आपूर्ति की थीं। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मामले की जांच की बात कह रहे हैं।

### सोनपुर मंडल में वॉटर रिफिल पॉइंट्स को बढ़ावा देने हेतु विशेष अभियान

**सोनपुर मंडल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक प्रदूषण में कमी लाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत मंडल के विभिन्न प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्थापित वॉटर रिफिल पॉइंट्स का निरीक्षण किया गया तथा उनकी कार्यप्रणाली एवं यात्रियों को उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गई । इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को अपनी पानी की बोतल स्वयं भरने के लिए प्रोत्साहित करना तथा सिंगल यूज प्लास्टिक बोतलों के उपयोग को कम करना है। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान स्टेशनों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से विशेष घोषणाएं भी की गई।

## भारत-नेपाल सीमा पर जाली नोट गिरोह का मास्टरमाइंड एसटीएफ के हत्थे चढ़ा

**कई बड़े खुलासों की उम्मीद**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर लंबे समय से सक्रिय अंतरराष्ट्रीय जाली नोट गिरोह के मुख्य सरगना दया तिवारी उर्फ सुशील तिवारी को बिहार



एसटीएफ, आर्मी इंटेलिजेंस लखनऊ और हरैया थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां उससे लगातार पूछताछ कर रही हैं। माना जा रहा है कि इस नेटवर्क से जुड़े कई और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। बिहार पुलिस मुख्यालय (विशेष कार्य बल) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मिलिट्री इंटेलिजेंस (टक) लखनऊ से मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए मेजरगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी कर वांछित आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी दया तिवारी उर्फ सुशील तिवारी, महेंद्र तिवारी का पुत्र है और सीतामढ़ी जिले के मेजरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरवा गांव का निवासी बताया गया है। उसके खिलाफ हरैया थाना कांड संख्या 23/26, दिनांक 01 फरवरी 2026 में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 317(5), 318(4), 61(2), 338, 336(3), 340(2), 111, 178, 179, 180, 181 एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज है। एसटीएफ ने उसे 22/23 मई 2026 की रात गिरफ्तार किया। बताया गया है कि बीते 31 जनवरी को हरैया थाना पुलिस ने जाली नेपाली और भारतीय नोटों के कारोबार का बड़ा खुलासा करते हुए नेपाली नागरिक समेत कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उस कार्रवाई में करीब 25 लाख रुपये की नेपाली जाली मुद्रा, 18 हजार 500 रुपये की भारतीय जाली मुद्रा, एक दर्जन मोबाइल फोन, पासपोर्ट, मोटरसाइकिल, कार, नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले सादा पेपर, रसायन और अन्य उपकरण बरामद किए गए थे। उसी मामले में दया तिवारी को पूरे गिरोह का मास्टरमाइंड बताया गया था, जो घटना के बाद से फरार चल रहा था। जांच एजेंसियों के अनुसार, आरोपी का नेटवर्क भारत, नेपाल और बांग्लादेश तक फैला हुआ था। वह लंबे समय से जाली नोटों की छपाई, सप्लाई और तस्करी के कारोबार में सक्रिय था। आर्मी इंटेलिजेंस और बिहार एसटीएफ उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही थी। तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसटीएफ द्वारा जारी प्रेस नोट के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी के पास से 4050 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

## अंडर प्रोटेस्ट मैच में सैंट जार्ज हाई स्कूल मोतिहारी बना विजेता

**डॉ अतुल कुमार विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी प्रदान किये**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय नेहरू स्टेडियम में चल रहे आशीर्वाद मेमोरियल इंटर स्कूल टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में इमैनुएल स्कूल मोतिहारी ने सैंट जार्ज हाई स्कूल मोतिहारी को 7 विकेट से हरा दिया। हालाँकि यह मैच अंडर प्रोटेस्ट खेला गया जिसमें इमैनुएल स्कूल मोतिहारी का खिलाड़ी अकरम अली दोषी पाया गया।इस कारण मैच हारने के बावजूद भी मैच रेफरी ने क्रिकेट नियम के अनुसार सैंट जार्ज हाई स्कूल मोतिहारी को विजयी घोषित कर दिया। मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन ने जानकारी देते हुए बताया की फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले खेलने उतरी सैंट जार्ज हाई स्कूल की टीम एकमात्र दहाई स्कोरर अजमल के 12 रन की पारी के बदौलत सिर्फ 49/10 रन(9.4ओवर) का स्कोर बना सकी। इमैनुएल स्कूल के गेंदबाज रजनीश व अनुराग ने 4 - 4 विकेट लिया ' जवाब में इमैनुएल स्कूल ने रजनीश के नाबाद 21 रन व साहिद के नाबाद 16 रन की पारी के बदौलत 53/3(10.5ओवर) का स्कोर बनाकर मैच तो जीत लिया लेकिन उनका एक खिलाड़ी अंडर प्रोटेस्ट दोषी होने के कारण उन्हें उपविजेता ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। इमैनुएल पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी रजनीश को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



## महाबोधि महाविद्यालय की बैठक में बड़े फैसले, नए सत्र से पहले बनेगा प्लस टू भवन

**ग्रामीण विकास मंत्री, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता में हुई यह बैठक**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ग्रामीण विकास मंत्री, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता में नालंदा स्थित महाबोधि महाविद्यालय के शासी निकाय की बैठक हुई। मंत्री महोदय इस महाविद्यालय की शासी निकाय के अध्यक्ष भी हैं। महाविद्यालय कार्यालय में आयोजित इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। इसमें पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय की संपुष्टि की गई।



इसके अलावा इन्टर की परीक्षा 2018 में उतीर्णता के आधार पर बिहार सरकार से 26 लाख 32 हजार 600 रु अनुदान राशि प्राप्त हुई है। सरकार के निदेर्शानुसार 2016-18 में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षेतर कर्मियों के बीच इस राशि को वितरित कर दिया गया है। इसके विपत्र की समीक्षा कर इसे संपुष्ट किया गया। इस दौरान महाविद्यालय में बन रहे प्लस टू भवन के निर्माण पर हो रहे व्यय की समीक्षा भी की गई। सर्व सहमती से प्रभारी प्राचार्य के स्तर से प्रस्तुत व्यय की समीक्षा की गई और इस पर सहमति दी गई। यह निर्देश दिया गया कि नए शैक्षणिक सत्र से पहले भवन का निर्माण कर लिया गए। इस बैठक में शिक्षक एवं शिक्षेतर कर्मियों की सेवा संपुष्ट की गई। शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए सुझाव एवं उचित निर्देश दिए गए। इसके अलावा शिक्षक एवं प्राचार्य की स्थाई नियुक्ति के लिए चयन समिति के गठन करने पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में महाविद्यालय के सचिव श्री राजेन्द्र प्रसाद, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के सदस्य के रूप में बिहारशरीफ के सोहसराय स्थित किसान कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के श्री सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा, दानदाता सदस्य श्री अनीश भारती महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि डॉ सुधीर कुमार तथा महाबोधि कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार मौजूद थे।

# मुंशी सिंह महाविद्यालय में इग्नू इंडक्शन मीटिंग आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में अध्ययन केंद्र के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नव नामांकित विद्यार्थियों को इग्नू की शैक्षणिक व्यवस्था, अध्ययन पद्धति तथा विभिन्न सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना था।






कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इग्नू क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र, दरभंगा के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. आकाश अवस्थी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इग्नू दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, असाइनमेंट एवं ऑनलाइन सुविधाओं का समुचित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इग्नू सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में भविष्य तलाशने का सुअवसर प्रदान करती है ।इग्नू आज शिक्षा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर सुदूर इलाकों तक पहुंचा है। यह एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर मुंशी सिंह महाविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. ए. के. रंजन ने विद्यार्थियों को अध्ययन केंद्र की गतिविधियों, परीक्षा प्रक्रिया, अध्ययन सामग्री तथा शैक्षणिक सहयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. जमुना राम ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन तथा सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन केंद्र के समन्वयक डॉ. ए. के. रंजन ने किया । इंडक्शन मीटिंग में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्ययन केंद्र के कर्मी राजीव रंजन कुमार सिंह, संतोष कुमार, अनिल सिंह, कुमार संभव, प्रहलाद आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह जानकारी केंद्र के समन्वयक डॉ. ए. के. रंजन के हवाले से मुंशी सिंह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी ।

# ईद-उल-अजहा को लेकर बारून थाना में शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**बारून (औरंगाबाद)।** ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को बारून थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, धार्मिक नेताओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। बैठक में साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा बिजली-पानी जैसी मूलभूत समस्याओं पर भी चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक में अनिल टाइगर, बाबूधन सिंह, उपेंद्र सिंह, सतीश सिंह, रंजीत कुमार, देव कुमार चौधरी, मुश्ताक अहमद, मोहतार खान, रिजवान इदरीसी, दीपक कुमार प्रजापति, नीतीश सिंह, इरशाद आलम, कामता यादव तथा मो. कुमैल अशरफ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।
बैठक के अंत में सभी लोगों से सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील की गई।

## शम्भू शरण सत्यार्थी को मिला 'सावित्रीबाई फुले पत्रकारिता सम्मान'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**हसपुरा।** हसपुरा निवासी लेखक एवं पत्रकार शम्भू शरण सत्यार्थी को वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित "सावित्रीबाई फुले पत्रकारिता सम्मान" प्रदान किया गया। यह सम्मान सामाजिक संगठन अगला पड़ाव की ओर से आयोजित समारोह में दिया गया। समारोह में साहित्य, पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों ने शम्भू शरण सत्यार्थी के साहित्यिक एवं पत्रकारिता योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उनकी लेखनी हमेशा सामाजिक सरोकारों, मानवीय संवेदनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में मुखर रही है। सम्मान प्राप्त करने के बाद शम्भू शरण सत्यार्थी ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी समाज और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को अपनी लेखनी के माध्यम से उठाते रहेंगे। सम्मान मिलने की सूचना के बाद विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक अमरेन्द्र कुशवाहा, वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल, श्रीनिवास मंडल, अम्बुज कुमार, राजेश विचारक, पूर्व प्रमुख आरिफ रिजवी, रंगकर्मी अशोक जैन, समाजसेवी कौशल शर्मा तथा डॉ. बिपिन कुमार कृष्णा सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने कहा कि यह सम्मान जनपक्षधर पत्रकारिता और सामाजिक चेतना को मजबूती देने वाला है। बधाई संदेश में वक्ताओं ने कहा कि शम्भू शरण सत्यार्थी ने साहित्य और पत्रकारिता को समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रभावी माध्यम बनाया है। यही कारण है कि वे साहित्य और पत्रकारिता जगत में लगातार अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहे हैं।

## एक नजर

### दो वारंटी गिरफ्तार

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हसपुरा थाना की पुलिस नें पुराने मामले में फरार चल रहे दो कुर्की वारंट को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार नें बताया कि हसपुरा थाना क्षेत्र के बख्तियारपुर गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह एवं इनके पिता विजय सिंह पर मारपीट का पुराना मामला दर्ज था। कोर्ट द्वारा दोनों के खिलाफ कुर्की करने का आदेश था। रविवार की दोपहर कुर्की करने गई हसपुरा थाना के पुलिस को देखते हीं दोनों पिता-पुत्र अपने आप को आत्मसमर्पण कर दिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

### समाजसेवी शालीग्राम वर्मा के पुत्र के निधन पर शोक

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के सर्वोदय नगर स्थित शालीग्राम वर्मा के पुत्र प्रदीप कुमार वर्मा के निधन पर रविवार को ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के पदाधिकारी उनके आवास पर परिजनों से मिलने पहुंचे। इस क्रम में परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए ढ़ाढ़स बंधाया। बता दें कि पिछले 19 मई को उनके पुत्र का पटना के वेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वे करीब 67 वर्ष के उम्र में आखिरी सांस ली। वे पिछले तीन वर्ष से इलाजरत थे। वे बड़े ही मृदुल स्वभाव के थे और व्यवहारिक व्यक्ति थे। उनकी मुखाग्नि बड़े राहुल पराग ने किया। उनके निधन पर जीकेसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. कमल किशोर, जिला महासचिव अजय कुमार वर्मा, अजय कुमार श्रीवास्तव, गणेश प्रसाद उर्फ लाल बाबू, राजू रंजन सिन्हा, महेंद्र प्रसाद सिंह, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, दीपक बलजोरी, सुनील कुमार सिन्हा, राजेश सिन्हा सहित ने शोक संवेदना प्रकट किया।

### नगर निकायों में नई व्यवस्था पर बढ़ा विरोध, बौंसी नगर अध्यक्ष ने उठाए सवाल

**बौंसी/बांका।** बिहार नगर पालिका संशोधन अधिनियम 2026 के तहत सशक्त स्थायी समिति के चुनाव संबंधी प्रावधान को लेकर राज्यभर के नगर निकायों में असंतोष का माहौल बनता जा रहा है। इसी क्रम में बौंसी नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल भारती ने नई व्यवस्था पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे नगर विकास के लिए बाधक बताया है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि यदि मुख्य पार्षद को अपनी कार्यशैली और प्राथमिकताओं के अनुरूप टीम चुनने का अधिकार नहीं मिलेगा, तो नगर निकायों में विकास कार्य प्रभावित होना तय है। उन्होंने तंज भरे अंदाज में कहा कि यदि हर व्यवस्था चुनाव के माध्यम से ही तय करनी है, तो मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के मंत्रिमंडल का भी चुनाव सांसदों और विधायकों द्वारा कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राज्य और केंद्र सरकार में मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार कैबिनेट का गठन करते हैं, उसी प्रकार नगर निकायों में भी अध्यक्ष को सशक्त स्थायी समिति के गठन में प्रभावी भूमिका मिलनी चाहिए। कोमल भारती ने सशक्त स्थायी समिति को नगर निकायों की "कैबिनेट" बताते हुए कहा कि यही समिति सफाई, पेयजल, सड़क-नाला, स्ट्रीट लाइट तथा अन्य विकास योजनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेती है। ऐसे में यदि समिति में केवल राजनीतिक विरोध के आधार पर सदस्य चुन लिए जाते हैं, तो प्रत्येक निर्णय विवाद का विषय बन सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि वर्तमान प्रावधान के तहत यदि समिति में विरोधी सदस्य अधिक संख्या में आ गए, तो विकास योजनाओं में रुकावट, बैठकों में गतिरोध और राजनीतिक दबाव जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इससे नगर निकायों का प्रशासनिक संतुलन बिगड़ेगा और जनता से जुड़े आवश्यक कार्य समय पर पूरे नहीं हो पाएंगे। नगर अध्यक्ष ने कहा कि नगर निकायों का मूल उद्देश्य राजनीतिक खींचतान नहीं, बल्कि आम जनता को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और शहर के विकास को गति देना है। उन्होंने बिहार सरकार से जनहित एवं प्रशासनिक स्थिरता को ध्यान में रखते हुए बिहार नगर पालिका संशोधन अधिनियम 2026 के इस प्रावधान पर पुनर्विचार करने की मांग की, ताकि नगर निकायों में विकास कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

## शांति समिति की बैठक में अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। अध्यक्षता एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने की। पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने कहा कि बकरीद को सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। संवेदनशील और चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने वाले संदेश साझा नहीं करने की भी हिदायत दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शांति और सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, डिहाइड्रेशन के मरीज बढ़े

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**चांदन (बांका)।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। रविवार को दिनभर चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित रहा। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकलते नजर आए। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना जताई है, जिससे गर्मी और अधिक परेशान कर सकती है। जिले में रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर के समय लू चलने की आशंका को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। तेज धूप और उमस का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। स्थानीय चिकित्सक डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मरीजों में चक्कर आना, कमजोरी, शरीर में पानी की कमी और थकावट जैसी शिकायतें देखने को मिल रही हैं। उन्होंने लोगों को अधिक मात्रा में पानी पीने, हल्का भोजन करने तथा दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। इधर, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 27 मई तक दक्षिण बिहार के कई जिलों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। अगले दो दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है, लेकिन इसके बाद गरज-चमक के साथ तेज आंधी और हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। सुबह के समय नमी का स्तर 70 से 75 प्रतिशत तक रह सकता है, जबकि दोपहर में यह घटकर 20 से 25 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेतों में रखे अनाज और कृषि उपकरणों को सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी है। तेज आंधी और बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई गई है। वहीं प्रशासन और मौसम विभाग ने आम लोगों से गर्मी के दौरान सतर्कता बरतने और आवश्यक सावधानी अपनाने की अपील की है।

## 'बिहारी हीरो अवार्ड' से सम्मानित हुए रौशन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
दाउदनगर (औरंगाबाद)। शिक्षा एवं स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक रौशन कुमार सिन्हा को प्रतिष्ठित "बिहारी हीरो अवार्ड 2026" से पटना में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें युवाओं के बीच स्किल डेवलपमेंट और कंप्यूटर एजुकेशन के क्षेत्र में नई क्रांति लाने के लिए प्रदान किया गया। यह भव्य सम्मान समारोह बड़े ही शानदार माहौल में आयोजित किया गया, जहां विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल ने रौशन कुमार सिन्हा को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रौशन कुमार सिन्हा पिछले कई वर्षों से बिहार के युवाओं को तकनीकी शिक्षा, डिजिटल स्किल और रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने हजारों छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। राजेश सिन्हा, मनीष, पंकज और विशाल कुमार सहयोगी की भूमिका में रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद रौशन कुमार सिन्हा ने कहा कि यह अवार्ड केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी छात्रों, शिक्षकों और सहयोगियों का सम्मान है जो शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने के मिशन में जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संस्थान और भी आधुनिक तकनीकी एवं एआई आधारित शिक्षा को युवाओं तक पहुंचाने का कार्य करेगा। इस उपलब्धि से दाउदनगर एवं पूरे औरंगाबाद जिले में खुशी का माहौल है। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों एवं छात्रों ने रौशन कुमार सिन्हा को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया।

## मई में पटना में होगा वैश्य समाज के मंत्रियों का सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**हसपुरा।** वैश्य चेतना समिति द्वारा बिहार मंत्रिमंडल में शामिल वैश्य समाज के मंत्रियों एवं बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक के सम्मान में 26 मई को पटना स्थित बाबू जगजीवन राम संसदीय शोध संस्थान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर हसपुरा में आयोजित बैठक में इसकी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक विजय कुमार अकेला ने कहा कि यह सम्मान समारोह ऐतिहासिक और भव्य होगा। उन्होंने बताया कि समारोह में बिहार सरकार के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, केदार प्रसाद गुप्ता, अरुण शंकर प्रसाद, डॉ. रामचंद्र प्रसाद, डॉ. श्वेता गुप्ता तथा बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक डॉ. संजीव चौरसिया को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में क्षेत्र से वैश्य समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और इसे सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। बैठक की अध्यक्षता रामचंद्र प्रसाद ने की। इस अवसर पर युवा प्रखंड अध्यक्ष राजू भारती, प्रो. जयराम प्रसाद, सेवानिवृत्त शिक्षक रामजीत प्रसाद, मनोज कुमार गुप्ता, सूरज साव, संतोष कुमार सोनी, भोलू, पंकज समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## बकरीद को लेकर अमरपुर थाना में शांति समिति की बैठक

**प्रशासन ने शांति, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**अमरपुर (बांका)।** बकरीद पर्व के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में आयोजन को लेकर रविवार की संध्या अमरपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लेकर पर्व को आपसी प्रेम, सद्भाव और शांति के साथ मनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि बकरीद मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण पर्व है और इसे शांति एवं सामाजिक सौहार्द के वातावरण में मनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं अलर्ट मोड में है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा नहीं करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें, ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने भी आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक में मुखिया सदानंद मंडल, नरोत्तम तिवारी, उपप्रमुख महेश मंडल, सांसद प्रतिनिधि मृत्युंजय शर्मा, मोहम्मद जफरुल, मोहम्मद असगर, मोहम्मद सज्जाद उर्फ बबलू सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना
पशुओं की बेहतर सेहत—पशुपालकों की खुशहाली

बिहार के समस्त पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना की आधुनिक प्रयोगशालाओं में आपके पशुओं के स्वास्थ्य की जाँच हेतु निम्नलिखित सुविधाएँ नियमित रूप से नि:शुल्क उपलब्ध हैं–

उपलब्ध नि:शुल्क जाँच सुविधाएँ:

| जाँच का प्रकार | प्रमुख परीक्षण |
|---|---|
| खून की जाँच | ब्लड प्रोटोजोआ, T.C., D.C., ESR, हीमोग्लोबिन |
| संक्रामक रोग | जोन्स डिजीज, T.B., ब्रुसेलोसिस, ग्लैंडर्स टेस्ट |
| दूध एवं मूत्र | मिल्क कल्चर सेंसिटिविटी, यूरिन रूटीन एवं यूरिन कल्चर |
| पोल्ट्री (मुर्गी पालन) | P.M., पैरासिटोलॉजिकल, पैथोलॉजिकल बैक्टीरियोलॉजिकल एवं जल जाँच |
| अन्य महत्वपूर्ण जाँच | गोबर (Fecal) जाँच, स्किन स्क्रेपिंग, लिम्फ नोड बायोप्सी<br>पशु आहार टेस्ट (सशुल्क) |

अपने बीमार पशुओं के सटीक उपचार और बेहतर उत्पादन के लिए आज ही संस्थान की सेवाओं का लाभ उठाएं। नि:शुल्क जाँच हेतु सैंपल के साथ पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना से संपर्क करें।



स्थानः पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के समीप, पटना।

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार
@BiharDFARD

PR No.- 004056 (Animal)D. 2026-27

# पुलिस ने अंतर जिलास्तरीय हथियार तस्कर गिरोह के तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार

## 120 जिंदा कारतूस, एक देसी पिस्तौल के साथ साढ़े चार लाख नगदी बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुंगेर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में आज आग्नेयास्त्र और जिंदा कारतूस की तस्करी करने वाले अंतर जिला गिरोह के तीन सदस्यों को मुंगेर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मुंगेर पुलिस ने भारी मात्रा में जिंदा कारतूस, देशी पिस्तौल और मैगजीन भी बरामद किया है। मुंगेर पुलिस ने आज शस्त्र तस्करों के अड्डों से साढे चार लाख नकद राशि भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने मीडिया वार्ता में बताया है कि मुंगेर मुफस्सिल पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में मुंगेर पुलिस ने एक देसी पिस्टल, एक मैगजीन, 120 जिंदा कारतूस, एक चार चक्का की गाड़ी, एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल और साढ़े चार लाख नकद राशि बरामद की है। पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि गिरफ्तार शस्त्र तस्करों में मोहम्मद साहिल मलिक, मोहम्मद आजाद और मोहम्मद गोपाल दास है जो मुंगेर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बाकरपुर, मिर्ज़ापुर बरदह और मिल्की चक गांव का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि मुख्य अभियुक्त मोहम्मद साहिल मल्लिक का पिता इम्तियाज उर्फ अब्बू अभी पश्चिम बंगाल के एक जेल में शस्त्र तस्करी के आरोप में न्यायिक हिरासत में है। पुलिस अधीक्षक के आगे बताते हैं कि जीवित कारतूस की तस्करी में जो गिरोह संलग्न है अब पुलिस उसे पूरे गिरोह के उद्भेदन में जुट गई है।

## एक्सप्रेस ट्रेन से अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ एवं सीआईबी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हावड़ा-गया एक्सप्रेस से 26 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो पर हुई कार्रवाई के बारे में सीआईबी इंस्पेक्टर एस.के. सुधा ने बताया कि स्टेशन पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। इसी दौरान अप हावड़ा-गया एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या दो पर पहुंची। ट्रेन के एसी कोच के गेट पर एक व्यक्ति दो बैग लेकर खड़ा दिखाई दिया। ट्रेन रुकने के बावजूद उसकी गतिविधियां संदिग्ध लग रही थीं और वह लगातार इधर-उधर झांक रहा था। संदेह होने पर सीआईबी टीम ने युवक को रोककर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान वह घबराया हुआ नजर आया। जब जवानों ने उसके बैग की तलाशी लेने की कोशिश की तो वह वहां से निकलने का प्रयास करने लगा, लेकिन सतर्क टीम ने तुरंत उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दोनों बैग से कुल 26 बोतल शराब बरामद हुई। इसके बाद आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान भागलपुर जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के कसमाबाद वार्ड संख्या 10 निवासी विक्रम साहू के रूप में हुई है। सीआईबी टीम आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसकी सप्लाई किस इलाके में की जानी थी। इधर लगातार ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों से शराब बरामद होने की घटनाओं ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। तस्कर अब बिहार में अवैध शराब पहुंचाने के लिए रेलवे मार्ग का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि आरपीएफ और सीआईबी की सक्रियता के चलते ऐसे मामलों का लगातार खुलासा हो रहा है।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं बकरीद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को नावकोठी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक रामकुमार सिंह ने की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न पंचायतों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया तथा पर्व के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने पर बल दिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ बखरी कुन्दन कुमार ने कहा कि बकरीद त्याग, बलिदान और मानवता का संदेश देने वाला पर्व है। इसे आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान नहीं देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। अंचलाधिकारी सूरज कुमार ने कहा कि प्रशासन सभी समुदायों के साथ मिलकर पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों एवं उपद्रव फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट साझा करने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, विवाद या उपद्रव की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस गश्ती बढ़ाई जाएगी तथा सभी प्रमुख चौक-चौराहों एवं मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि नावकोठी, हसनपुर बागर, इसफा, विष्णुपुर, देवपुरा, समसा, रजाकपुर, खैरबन, वृन्दावन, छतौना एवं पहसारा स्थित मस्जिदों में सुबह साढ़े सात बजे से बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। नमाज के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी करने की बात कही गई।

# भवानंदपुर में सर्पदंश से युवक की मौत

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के भवानंदपुर पंचायत मे सर्पदंस से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भवानंदपुर गांव निवासी बीनू शर्मा के 22 वर्षीय पुत्र राम जी शर्मा के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि राम जी शर्मा घर में चारपाई पर सोए हुए थे देर रात किसी विषैला सर्प ने उन्हें डस लिया सर्पदंस का एहसास होने पर उन्होंने अपनी पत्नी को इसकी जानकारी दी इसके बाद परिजन तुरंत में उसे झार फुक के लिए गांव के ओझा के पास ले गए जहां ओझा द्वारा उसकी करीब 3 घंटे तक झाड़फुक की गई हालत बिगड़ने पर परिजन युवक को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलिया लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक की को मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया सुबह शव गांव पहुंचते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई पूरे गांव में शोक का माहौल बन गया मृतक अपने पीछे पत्नी एक छोटा पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गई है।

# किशोर न्याय अधिनियम व पोक्सो एक्ट की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मटिहानी।** प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय रामदीरी के प्रांगण मे राष्ट्रीय प्राधिकार नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विस फॉर चिल्ड्रन स्कीम 2024 विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस जागरूकता शिविर में उपस्थित विद्यालय के बच्चों शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता पंकज कुमार अधिकार मित्र मुरारी कुमार एवं शैलेश कुमार ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। उन्हें डर का नहीं दोस्ताना माहौल में पढ़ाई लिखाई का अवसर विद्यालय के द्वारा मुहैया कराया जाता है। यह जानकर हम सभी को अत्यंत हर्ष हो रहा है। साथ ही साथ उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं पोक्सो अधिनियम 2012 की मुख्य बातें सरल भाषा में बच्चों को समझाया। उन्होंने उपस्थित बच्चों से मोबाइल के दुष्प्रभाव सुखे नशे के चपेट एवं गलत संगति में आकर समाज की मुख्य धारा से भटक जाने पर होने वाले नुकसान के बारे मे विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने बच्चों से अपील किया कि आप जब घर से विद्यालय पढ़ने के लिए निकले तो सीधे विद्यालय आवे और यहां पढ़ाई करके वापस फिर घर वापस जाए । रास्ते में किसी भी मित्र के द्वारा बहलाने फुसलाने पर उनकी संगति में न पड़े यह आपके लिए सही नहीं होगा। इसलिए आप सभी अपने अभिभावकों की बातो का ध्यान रखते हुए समाज की मुख्य धारा में जुड़े रहे। उपस्थित बच्चों को गलत संगति में पढ़ने के कारण जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उस बारे में विस्तृत रूप से बताया गया ।मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सुबोध कुमार ने भी उपस्थित अभिभावकों एवं बच्चों को यह बताया कि समय-समय पर विद्यालय में विधिक जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम होते रहते हैं। और हम लोगों के द्वारा भी सप्ताह में एक बार विधि के संबंध में बच्चों को बताया जाता है। जिससे बच्चे समाज की मुख्य धारा में जुड़े रहे मौके पर विद्यालय की सहायक शिक्षक रश्मि कुमारी रंजना कुमारी मंटू कुमारी आदि उपस्थित थी।

# तेजस्वी यादव के आवास का घेराव करेंगे हम पार्टी के नेता : निलेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमालपुर (मुंगेर)।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर के राष्ट्रीय सचिव निलेश कुमार के नेतृत्व में पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक रामपुर जमालपुर में हुई। बैठक में राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एवं राजद पार्टी एवं उनके समर्थकों द्वारा दलित विधायक ज्योति मांझी के ऊपर जो टिप्पणी एवं गलत व्यवहार किया गया है इसकी घोर निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि राजद पार्टी के जो भी समर्थन द्वारा ऐसी घिनौनी हरकत की है उसका समर्थन तेजस्वी यादव मौन होकर कर रहे हैं इसलिए हम पार्टी के नेता कार्यकर्ता यह निर्णय लिया है कि अगर सार्वजनिक रूप से तेजस्वी यादव माफी नहीं मांगते हैं तो उनके आवास का घेराव किया जाएगा। राष्ट्रीय सचिव ने यह भी कहा कि जीतन राम मांझी देश के सर्वमान्य नेता है इनके नेतृत्व में बिहार के दलित महादलित नेता कार्यकर्ता एवं आम जनता अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। लेकिन तेजस्वी यादव के इशारे पर जो घिनौनी हरकत उनके समर्थकों ने हम पार्टी के दलित विधायक के साथ किया है वह माफी योग नहीं है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सप्ताह भर के अंदर तेजस्वी यादव अपने समर्थकों की ओर से माफी नहीं मांगेंगे तो उनके आवास का घेराव दलित महिला विधायक के सम्मान में किया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राज मंगल शर्मा, मोहम्मद नुरुल्लाह, शबनम मांझी, रविंद्र मांझी, राजेंद्र मांझी सहित कई मौजूद थे।

# बीपीएस पब्लिक स्कूल ने मनाया 21वां वार्षिकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखण्ड के बीपीएस पब्लिक स्कूल नावकोठी में 21 वाँ वार्षिकोत्सव सह सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन रविवार को किया गया। इसका संचालन उप प्राचार्य सुशील कुमार तथा तृप्ति कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य डा अरविंद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 21 वर्षों के सफर में विद्यालय कई झंझावातों को झेलते हुए अपने संकल्प पर अडिग है। इस विद्यालय के कई छात्र, छात्राओं ने न केवल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि इंजीनियरिंग, चिकित्सा सहित कई क्षेत्रों में अपना परचम लहराया है। आगे भी इसी तरह के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सचेष्ट है। कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना, लंबोदर गज बदन विनायक के साथ हुआ। इसका स्वर सावनी तथा मंजुषा ने दी तथा भाव नृत्य की प्रस्तुति मानवी, अनुष्का राज, साक्षी आदि ने किया। प्रस्तुति पर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। वही पार्वती बोले शंकर से, सत्यम, शिवम, सुंदरम पर प्रस्तुत भाव नृत्य ने दर्शकों मंत्रमुग्ध कर दिया। दुखदायी तंत्र नाटिका ने आज के प्रजातंत्र पर करारा प्रहार किया तो नाटक बरसाती काका, बूढ़ी काकी ने वृद्धजनों की दुर्दशा का चित्रण कर दर्शकों को आज के समाज में आ रही गिरावट पर सोचने के लिए बाध्य कर दिया। स्कूली बच्चे, बच्चियाँ द्वारा प्रस्तुत विभिन्न कार्यक्रमों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र, छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर अवकाश प्राप्त शिक्षक रामस्वरूप साह, स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार, पूर्व मुखिया मुक्ति नारायण सिंह, अंजनी कुमार, अधिवक्ता बबलू कुमार, पूर्व सरपंच मृत्युंजय कुमार, शिक्षक डा समुद आलम, अमरेश कुमार आदि सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

# टिकट की दलाली मामले में आरपीएफ ने की बड़ी कार्रवाई, एक गिरफ्तार

## जमालपुर स्टेशन परिसर से गिरफ्तार हुआ टिकट का दलाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** स्टेशन पर रेलवे टिकट दलाली के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक टिकट दलाल को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दलाल जमालपुर छोटी केशोपुर निवासी आकाश कुमार है। पुलिस ने दलाल के पास से एसी और स्लीपर क्लास के तत्काल टिकट, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की गई है। इस कार्रवाई के बाद स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया तथा टिकट दलालों के बीच अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। आरपीएफ पोस्ट जमालपुर के इंस्पेक्टर राजीव नयन के नेतृत्व में एसआई जेआर मीणा, एएसआई वाई पाठक एवं कांस्टेबल मो. मंसूरी की टीम ने आरक्षण टिकट काउंटर पर विशेष छापेमारी अभियान चलाया। सुबह करीब 10 बजे से शुरू हुई जांच के दौरान एक युवक संदिग्ध तरीके से एसी और स्लीपर दोनों श्रेणी के टिकट खरीदता दिखाई दिया। संदेह होने पर टीम ने उसे मौके पर ही रोककर पूछताछ की। आरोपी आकाश कुमार की तलाशी के दौरान उसके पास से हाजीपुर से कोयंबटूर जाने वाली ट्रेन संख्या 12521 का चार यात्रियों के नाम पर बना एसी तत्काल टिकट बरामद हुआ, जिसकी कीमत 12 हजार 320 रुपये थी। इसके अलावा चार यात्रियों के नाम पर बना स्लीपर क्लास का लाइव तत्काल टिकट भी बरामद किया गया, जिसकी कीमत 5 हजार 120 रुपये बताई गई। आरोपी के पास से एक पुराना सैमसंग मोबाइल फोन और 110 रुपये नकद भी जब्त किए गए। मोबाइल की जांच में कई रेलवे टिकट और टिकट रिक्विजिशन फॉर्म भी पाए गए। कड़ी पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अधिक कीमत पर रेलवे टिकट बेचने का काम करता था। आरपीएफ ने मौके पर ही वीडियोग्राफी के साथ जब्ती की कार्रवाई पूरी की और आरोपी को रेलवे एक्ट की धारा 143 (1) के तहत गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे आरपीएफ पोस्ट जमालपुर लाया गया, जहां कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इस बावत इंस्पेक्टर राजीव नयन ने कहा कि रेलवे टिकटों की कालाबाजारी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्टेशन परिसर और आरक्षण केंद्रों पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा टिकट दलालों के खिलाफ आगे भी सघन अभियान जारी रहेगा। दूसरी ओर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से टिकट दलालों में खौफ का माहौल है। वहीं दूसरी ओर लोगों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई लगातार होते रहना चाहिए।

# चोरी का गहना और सामान वापस नहीं करने पर मामला दर्ज

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के नौला गांव वार्ड संख्या 21 निवासी संजीव झा के पत्नी संगीता देवी के द्वारा थाना में आवेदन देकर अपने घर से चोरी किए हुए सामान की वापसी को लेकर गुहार लगाई है। जिसमें उन्होंने बताया है कि गांव के ही रविन्द्र झा के नाती अतुल अमन भारती उर्फ गोलू ने विगत 6 फरवरी को सोने का दो जोड़ी कान बाली और एक नथुनी समेत पच्चीस हजार रुपए का चोरी कर लिया। जानकारी के बाद ग्रामीण स्तर पर पंचायत में कबूल कर नगद समेत सभी समान वापस करने की बात की लेकिन अब न तो समान दे रहा है और उपर से मेरे बेटे को जान से मारने की लगातार धमकी दे रहा है। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष राजू रंजन ने बताया कि आवेदन पत्र के आधार पर मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है दोषी जो भी हो बख्शा नहीं जाएगा।

# इंटर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

## गीत-संगीत, नृत्य एवं नाटक के माध्यम से प्रतिभागियों ने प्रदर्शित किया कला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** इंटर मंडलीय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय संस्थान ईस्ट कॉलोनी जमालपुर में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। अंतर मंडलीय प्रतियोगिता में जहां रेल कर्मियों के बच्चों ने गीत संगीत नृत्य एवं नाटक के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन प्रतिभागी निरूला, शुभांगी वर्मा, अर्पिता बाजपेई,गणेश कुमार, मोहम्मद अरशद सिद्दीकी,गार्गी कुमारी,गुनगुन कुमारी, रंजीत कुमार, आयुष्मान राज, मिस्टी कुमारी, पृथा मिश्रा ने करते हुए अतिथि अभिभावक एवं निर्णायक मंडली को अपनी ओर आकर्षित किया। वही मुख्य अतिथि श्री बरनवाल ने कहा रेलवे हमेशा रेल कर्मी एवं उनके बच्चों के उज्जवल भविष्य को एक मंच प्रदान करने का काम करती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बेहतर कला का प्रदर्शन करने की शुभकामना दिए। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डिप्टी डॉ अभ्युदय, डिप्टी सीपीओ बीके राय, संगीत शिक्षक सौरभ दा सहित एडब्ल्यूओ संजय ताती, कल्याण पदाधिकारी सुमन कुमार, अजय कुमार विश्वास, बिहारी प्रसाद जायसवाल,भानु प्रताप, रंजन कुमार, बृजमोहन, राम रतन सिंह मुंडा, प्रवीण कुमार साहित कई अभिभावक प्रतिभागी मजबूत थे।

# व्यवहार न्यायालय बक्सर में नवनियुक्त लिपिकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

## न्यायिक अभिलेखों को नकल शाखा में भेजने सहित दी गईं अन्य जानकारिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** व्यवहार न्यायालय बक्सर में नवनियुक्त लिपिकों के लिए आयोजित दो दिवसीय रविवासरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया। स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर के विधिक सेवा सदन में आयोजित समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी सह न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि न्यायालयीय प्रक्रिया में नवनियुक्त लिपिकों का कुशल प्रशिक्षण आवश्यक है, ताकि वे तकनीकी और न्यायिक प्रक्रियाओं से भलीभांति परिचित रह सकें।

उन्होंने कहा कि कुशल, प्रशिक्षित और अनुशासित न्यायिक कर्मचारी न्याय प्रशासन के अभिन्न अंग होते हैं तथा उनकी दक्षता और सहभागिता से न्यायालयीय अभिलेखों का सुचारु निष्पादन संभव हो पाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए वरिष्ठ सेवानिवृत्त कर्मचारी अजय कुमार सिंह ने कहा कि कर्मचारियों को न्यायिक अभिलेखों को सुरक्षित एवं निष्पादन तक अक्षुण्ण बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायालय में अभिलेख ही न्याय प्रक्रिया के पवित्र दस्तावेज होते हैं और इनके बिना न्याय की कल्पना नहीं की जा सकती। न्यायालय के नाजिर संतोष कुमार द्विवेदी ने नवनियुक्त लिपिकों को न्यायिक अभिलेखों को नकल शाखा में भेजने की प्रक्रिया, उसकी बारीकियों एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी।

प्रभारी प्रशासन न्यायालय राजीव कुमार श्रीवास्तव ने न्यायिक प्रक्रिया में लिपिकों के दायित्वों और अनुशासन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वहीं सिरेस्तदार रजनीकांत मिश्र ने न्यायालयीय कार्यों में कर्मचारियों की सहभागिता तथा न्यायिक अभिलेखों की महत्ता से अवगत कराया। वरिष्ठ कर्मचारी कौशलेंद्र कुमार ओझा ने कर्मचारियों को न्यायिक शुचिता, गंभीर अनुशासन और उच्च स्तर की न्यायिक संवेदनशीलता के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि न्यायालय एक मंदिर के समान है और यहां पवित्र भावना एवं निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने पत्राचार, न्यायिक प्रक्रिया, अभिलेख संधारण और न्यायालयीय कार्यप्रणाली के विभिन्न पहलुओं की भी जानकारी दी। इस अवसर पर सिस्टम ऑफिसर विजय कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि सिस्टम असिस्टेंट सद्दाम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से न्यायिक तकनीक की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुनील कुमार, मनोज कुमार रवानी, दिनेश कुमार पाण्डेय तथा पारा विधिक सेवक हरेराम प्रसाद सहित अन्य कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नवनियुक्त लिपिक अविनाश कौशल रंजन, शशि भूषण, अभिषेक रंजन, दिलीप कुमार, रणवीर कुमार, गौरव कुमार, चंदन कुमार, रचिता कुमारी, सोनिका मुक्ता, वंदना कुमारी, पूजा कुमारी, सोनल कुमारी, साक्षी कुमारी और नेहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी।** थाना के समसा पंचायत से नावकोठी पुलिस ने एक नामजद वांछित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार वांछित समसा के तुलसी महतो का पुत्र प्रिंस कुमार है। वह नावकोठी थाना कांड संख्या 46/26 का प्राथमिकी नामजद था। उस पर गांव के ही एक किशोरी को भगाने का आरोप था। कांड अंकित होने के बाद वह दो महीने से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे गांव से ही धरदबोचा गया। अग्रेतर कार्रवाई हेतु न्यायालय भेज दिया गया है।

# इंटर स्कूल चित्रकला प्रतियोगिता का रिजल्ट घोषित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमालपुर (मुंगेर)।** रीना कला केंद्र की ओर से आयोजित इंटर स्कूल चित्रकला प्रतियोगिता का रिजल्ट घोषित कर दिया गया। रिजल्ट को लेकर बच्चों में काफी उत्साह और खुशी देखने को मिली। बच्चे अपने परिणाम को लेकर बहुत उत्साहित नजर आए। रीना कला केंद्र की ओर से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गई। इस अवसर पर मोहम्मद इशा, चंचल, रमेश प्रसाद, राजदीप, साहिल, जतिन, दीपक एवं अन्य कलाकार उपस्थित रहे। सभी के देखरेख में प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। निशांत सर ने बताया कि बच्चों को सात वर्गों में पुरस्कार वितरित किए गए। सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा गया कि वे इसी प्रकार मेहनत और लगन से ड्राइंग बनाते रहें, जिससे वे भविष्य में और आगे बढ़ सकें।साथ ही रीना कला केंद्र द्वारा समर कैंप का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। समर कैंप का ग्रैंड फिनाले 14 जून को संपन्न होगा। प्रतियोगिता मैं विजेता प्रतिभागी में रेयांश, तनीषा राज, दिव्या कुमारी, देवश्री, श्वेता वर्मा, निशा शर्मा, कौस्तुभ सोनी, अनंत आरव मंडल सहित कई पुरस्कृत हुए।

# दधीचि देहदान समिति के जिला कार्यकारिणी की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** दधीचि देहदान समिति के जिला कार्यकारिणी की बैठक मुगेरीगंज स्थित भारत विकास परिषद के कार्यालय मे हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप मेयर अनिता राय ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र मे जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए। इसमे सभी वार्ड पार्षदो से सहयोग लिया जाएगा। साथ ही महीना में एक बार सांगठनिक बैठक होनी चाहिए। बैठक मे पूर्व मेयर आलोक कुमार अग्रवाल ने हरसंभव सहयोग करने का वादा किया है। उन्होंने पूर्व की गतिविधियो की सराहना की है। बैठक मे संस्था के मुख्य संरक्षक दिलीप कुमार सिन्हा ने कहा कि हम अपनी गलतियो से सीखते है। अभियान के दौरान आलोचना से घबराने की जरूरत नही है। बैठक मे कॉलेजो मे छात्र छात्राओ एव प्राध्यापक के बीच जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अभियान के लिए सोनू सरकार को संयोजक बनाया गया है। बैठक मे समिति के जिलाध्यक्ष सुशील राय ने अतिथियो का स्वागत करते हुए संगठन के हो रहे विस्तार को सराहा है। बैठक का संचालन कर रहे सचिव निरंजन कुमार सिन्हा ने जून माह मे राजकुमार गुप्ता के आवास पर बैठक रखने का प्रस्ताव रखा जिससे सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक मे जयराम दास, उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, गंगा प्रसाद, डा एके गुप्ता ने आदि उपस्थित थे।

# बकरीद को लेकर अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

## पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण एवं भीड़ प्रबंधन का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही (हजारीबाग)।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को पटना रोड बरही में पुलिस प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीओ जोहान टुडू विशेष रूप से मौजूद रहे। वहीं मॉक ड्रिल का संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार के निर्देशन में किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से पुलिस बल ने त्योहारों अथवा भीड़भाड़ के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित विपरीत परिस्थितियों से निपटने की तैयारी का प्रदर्शन किया। इस दौरान रैप एवं जैप के



जवानों ने दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन तथा आपातकालीन स्थिति में पुलिस कार्रवाई का प्रदर्शन किया। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी तनावपूर्ण स्थिति में पुलिस सबसे पहले वार्ता एवं समझाइश का प्रयास करती है। आवश्यकता पड़ने पर पानी की बौछार, अश्रुगैस एवं अन्य उपायों का उपयोग किया जाता है। ड्रिल के दौरान दंगा विरोधी वाहन, फव्वारा वाहन एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का भी प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में एसडीओ ने लोगों से बकरीद का त्योहार आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील किया। इंस्पेक्टर ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अफवाहों से बचने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष पर अररिया में प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को शहर के शिवपुरी स्थित वंदना विजय मैरेज हॉल में ल्लप्रमुख नागरिक गोष्ठीङ्क का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों की बड़ी भागीदारी रही। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के क्षेत्र सह कार्यवाह विनेश जी मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण में समाज की सहभागिता




को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि देश के विकास के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को सकारात्मक सोच और समर्पण के साथ आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जागरूक और संगठित समाज ही मजबूत राष्ट्र की आधारशिला रखता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। वक्ताओं ने समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण और नागरिक जिम्मेदारियों के निर्वहन पर भी अपने विचार रखे। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज और राष्ट्र के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। गोष्ठी को सफल बनाने में जिला संघचालक सच्चिदानंद मेहता और जिला सह संघचालक रूपचंद्र बड़रिया की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोजन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिले के कई गणमान्य नागरिक एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# तालाब में मिला मजदूर का शव, इलाके में सनसनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अफरा-तफरी**

**बरही (हजारीबाग)।** गया रोड स्थित वीर कुंवर सिंह पथ के समीप एक तालाब (पांडेय आहरा) से रविवार सुबह एक मजदूर का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने सुबह तालाब के पानी में शव को तैरता देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकाला। मृतक की पहचान अफीम कोठी निवासी मुनेश्वर राम के रूप में की गई है। जो पेशे से मजदूर बताया जाता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार मौत का कारण शराब का सेवन बताया जा रहा है। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध स्थिति की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने की अपील की है।

# तेज आंधी-बारिश का कहर : फारबिसगंज में दुकान पर गिरा विशाल पीपल का पेड़, लाखों का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**फारबिसगंज (अररिया)।** अररिया जिले के फारबिसगंज में शनिवार रात आए तेज़ आंधी-तूफान और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। करीब 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं के कारण शहर के सदर रोड स्थित एक विशाल पीपल का पेड़ अचानक धराशायी हो गया। पेड़ गिरने से आसपास की करीब आठ दुकानें और मकान क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तूफान इतना तेज था कि वर्षों पुराना विशाल पीपल का पेड़ भी हवाओं का दबाव नहीं झेल सका और सीधे दुकानों पर जा गिरा। गनीमत रही कि देर रात होने के कारण कोई बड़ा जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। आंधी-तूफान का असर सिर्फ फारबिसगंज तक सीमित नहीं रहा। जिले के कई अन्य हिस्सों में भी पेड़ गिरने, बिजली के तार टूटने और मकानों को नुकसान पहुंचने की खबरें सामने आई हैं। तेज आंधी के कारण कई इलाकों की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घटना की सूचना मिलते ही नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से गिरे हुए पीपल के पेड़ को हटाने का काम शुरू किया गया। स्थानीय प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# निर्माण के तीन साल में ही धंसा परमान नदी पुल, जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** जिले के झमटा गांव स्थित परमान नदी पर करोड़ों रुपये की लागत से बना पुल निर्माण के महज तीन-चार वर्ष के भीतर ही जर्जर होने लगा है। पुल का स्लैब धंस जाने और रेलिंग में दरारें आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। मामले को लेकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा संभावित भ्रष्टाचार पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा करीब चार वर्ष पूर्व 7 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत से इस पुल का निर्माण कराया गया था।



निर्माण कार्य की जिम्मेदारी प्रकाश कंस्ट्रक्शन को दी गई थी। लेकिन अल्प समय में ही पुल की स्थिति खराब हो जाने से ग्रामीणों और राहगीरों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप हुआ होता तो इतनी जल्दी पुल में दरार और धंसाव जैसी समस्या नहीं आती। मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को पटना और पूर्णिया से विशेषज्ञ इंजीनियरों की टीम झमटा गांव पहुंची और पुल की जांच शुरू कर दी। जांच दल में ब्रिज एक्सपर्ट अरुण मिश्रा, चीफ इंजीनियर दीप नारायण प्रसाद तथा अधीक्षण अभियंता रविन्द्र कुमार सिंह समेत कई तकनीकी अधिकारी शामिल हैं। टीम आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक से पुल की स्थिति का आकलन कर रही है। अधीक्षण अभियंता रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच के लिए टीम गठित की गई है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यकता पड़ने पर उच्च स्तरीय जांच भी कराई जा सकती है। फिलहाल जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुल की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज है कि कहीं निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता तो नहीं किया गया। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# प्रतियोगी परीक्षा में 126 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के शिवाजीनगर स्थित डॉ. कलाम फाऊंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट सह पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा भावी माध्यमिक परीक्षा 2027 में टॉप 10 में चयन की तैयारी को लेकर प्रतियोगिता परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के कुल 126 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया संस्था की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल



उपलब्ध कराना, उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। परीक्षा के दौरान अनुशासन एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया परीक्षा के सफल संचालन में संस्था के अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, सचिव राज नारायण सहित अरबिंद सर, विकेश सर, डॉ. रमाकांत सिन्हा, रामपुकार सिन्हा, बाबू साहब सर, राजन सर, संतोष सर, ललित सर, विजय सर, प्रदीप सर, नीरज सर, सुशील सर, राजा सर, सुरेश जी एवं अन्य सक्रिय सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी शिक्षकों एवं सदस्यों ने परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में सक्रिय भूमिका निभाई संस्था के सदस्यों ने बताया कि आगे भी इस तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मार्गदर्शन मिल सके और वे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने संस्था के इस सराहनीय प्रयास की जमकर प्रशंसा की। अभिभावकों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की शैक्षणिक पहल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए काफी लाभदायक साबित होगी।

# 23 मई से जिले में चलेगा विशेष 'जल जांच अभियान'

## जलसहिया के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के घरों के जल श्रोतों की हो रही है जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए जिला प्रशासन, हजारीबाग ने जिलेवासियों से जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु पेयजल स्रोतों की नियमित जांच कराने की अपील की है। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) द्वारा दिनांक ''23 मई 2026 से 23 जून 2026'' तक पूरे जिले में विशेष 'जल जांच अभियान' संचालित किया जा रहा है। उप विकास आयुक्त रिया सिंह ने बताया कि जिले के प्रत्येक गांव में एक



जलसहिया कार्यरत हैं, जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा फील्ड टेस्ट किट उपलब्ध कराया गया है। विभागीय प्रावधानों के अनुसार सभी जलसहियाओं द्वारा गांव के सभी घरों के पेयजल स्रोतों की जांच मानसून के पूर्व एवं मानसून के बाद अनिवार्य रूप से की जाएगी।

एफटीके के माध्यम से पेयजल में कुल 10 प्रकार की जांच की जाती है। इनमें मुख्य रूप से पीएच, फलोराइड, आर्सेनिक, क्लोरीन आदि महत्वपूर्ण जांच शामिल हैं। इन परीक्षणों के माध्यम से जल की गुणवत्ता का आकलन कर संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से बचाव सुनिश्चित किया जा सकेगा।

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जलसहियाओं को जांच कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा अपने घरों एवं आसपास के पेयजल स्रोतों की नियमित जांच अवश्य कराएं। यदि किसी स्रोत का पानी दूषित पाया जाता है तो उसके उपयोग से बचें तथा इसकी सूचना संबंधित विभाग को दें।

जिला प्रशासन ने कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित किया जा सकता है। सभी नागरिकों से इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई है।

# 27 करोड़ की जलापूर्ति योजना फेल, आंदोलन की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सदर प्रखंड के बेरदोंगा समेत आसपास के चार पंचायतों में 27.44 करोड़ रुपये की पेयजल योजना के बावजूद लोगों को पानी नहीं मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया है। शनिवार को बेरदोंगा पंचायत भवन के समक्ष आयोजित बैठक में पूर्व जिप सदस्य व ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने विधायक, सांसद और अधिकारियों पर जनता की समस्या की अनदेखी करने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने से लगातार पानी संकट को लेकर आवाज उठाई जा रही है, लेकिन प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। इसको लेकर 30 मई को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष पानी दो आंदोलन करने की घोषणा की गई बैठक की अध्यक्षता संजय चौधरी ने की, जबकि मुखिया अर्जुन मरांडी और पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बिरका हांसदा ने भी आंदोलन का समर्थन किया। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नन्हा सा दिल कार्यक्रम के तहत बच्चों का हृदय संबंधी जांच व उपचार नि:शुल्क : चिकित्सा प्रभारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पाटन प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर एनएचएम,आरबीएसके के साथ सरकार के संयुक्त पहल से एवं सीसीएल रांची के सीएसआर के आर्थिक सहयोग से सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल के बैनर तले नन्हा सा दिल कार्यक्रम चलाई जा रही है। इस बाबत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मिथिलेश कुमार ने बताया कि यह नन्हा सा दिल कार्यक्रम आम अवाम के लिए एवं मुख्य रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि इसमें बच्चों का ह्रदय जांच से लेकर उसका उपचार ऑपरेशन सब कुछ नि:शुल्क किया जाता है। डॉ. मिथिलेश ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर इस कार्यक्रम का आयोजन की जा रही है उन्होंने आम आवाम से अपील किया कि सभी इस कार्यक्रम में जाकर अपने बच्चों का हृदय जांच कराएं तथा इस कार्यक्रम का लाभ लें। वहीं इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं प्रोजेक्ट मैनेजर गौरव दत्ता ने बताया कि नन्हा सा दिल कार्यक्रम श्री सत्य साईं संजीवनी संस्थान द्वारा एक अनोखी एवं जनहितकारी कार्यक्रम है। इसके तहत जन्मजात हृदय रोग का निवारण पूरी तरह से नि:शुल्क रूप से किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह 20 मई से 30 मई यानी दस दिनों तक चलने वाला यह कार्यक्रम है। इसमें जीरो से 18 वर्ष के बच्चों को निशुल्क ह्रदय जांच की जा रही है। बताया कि तीन दिनों में 1087 बच्चों का जांच किया गया जिसमें कुल 17 बच्चों को एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया। श्री दत्ता ने बताया कि ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में पहुंचकर ऐसे बच्चों को पहचान करना जिन्हें हृदय रोग की जानकारी नहीं है तथा आर्थिक अभाव के कारण इलाज नहीं करा पा रहे हैं, उन्हें इस कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क रूप से उनका उपचार करवाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

# पुलिस ने दो मामलों में चार आरोपितों को किया गिरफ्तार

## गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** अररिया पुलिस ने जिले में दो बड़े मामलों का सफल उद्भेदन करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहला मामला फर्जी केवाला बनाकर जमीन रजिस्ट्री कराने से जुड़ा है, जबकि दूसरा मामला कुर्साकांटा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित फर्जी आधार कार्ड निर्माण केंद्र का है। कुर्साकांटा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बाड़ी टोला वार्ड संख्या-05 स्थित एक घर में छापेमारी कर फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कुर्साकांटा थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि बिना किसी सरकारी अनुमति के बाईपास सिस्टम के जरिए अवैध रूप से आधार कार्ड बनाने का काम किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने चिन्हित ठिकाने पर अचानक दबिश दी। पुलिस की गाड़ी देखते ही अंदर मौजूद दोनों संचालक कमरे की खिड़की फांदकर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर काफी मशक्कत के बाद दोनों को खदेड़कर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद आरिफ निवासी बाड़ी टोला, कुर्साकांटा तथा मोहम्मद आबिद निवासी वार्ड संख्या-10, कुर्साकांटा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने अवैध केंद्र से भारी मात्रा में तकनीकी उपकरण बरामद किए हैं। जब्त सामानों में एक लैपटॉप, हाई-टेक आई स्कैनर समेत कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल हैं, जिनका इस्तेमाल फर्जी आधार कार्ड बनाने में किया जा रहा था। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है और मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी पड़ताल की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ के जशपुर में कृषि क्षेत्र में हो रही क्रांति

## परंपरागत फसलों के स्थान पर बागवानी और नकदी फसलों पर दे रहे जोर, किसान बना रहे अलग पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ का जशपुर हमेशा फसल विविधताओं के लिए जाना जाता रहा है। यहां के किसान परंपरागत फसलों के साथ बागवानी और नकदी फसलों पर भी जोर दे रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर में बागवानी फसलों के लिए अनुकूल वातावरण को देखते हुए किसानों को उद्यानिकी और नगद फसलों के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर स्थानीय जिला प्रशासन, नाबार्ड और उद्यानिकी विभाग द्वारा इस दिशा में विशेष प्रयास किया जा रहा है। किसानों को उद्यानिकी फसलों के लिए विशेष प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। इन समन्वित प्रयासों से पिछले दो-ढाई सालों में



यहां के किसान परंपरागत फसलों के स्थान पर उद्यानिकी एवं नगदी फसलों में रुचि लेने लगे हैं। जशपुर के किसान अब चाय, लीची, स्ट्राबेरी, नाशपाती के साथ सेब के बगान भी तैयार कर रहे हैं। जिला प्रशासन, उद्यानिकी विभाग, रूरल एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सोसाइटी और नाबार्ड के समन्वित प्रयासों से जशपुर ने फलोत्पादन व बागवानी में नई पहचान बनाई है। इन पहलों से स्थानीय किसानों की आय सुदृढ़ हुई है। कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। पिछले तीन वर्षों में ही सेब के उत्पादन में जिले ने अच्छी उपलब्धि हासिल की है। जशपुर में सेब उत्पादन वर्ष 2023 में आरंभ हुआ। सेब की खेती अब लगभग 410 एकड़ क्षेत्र में विस्तारित है, जिसमें लगभग 410 किसान सेब की खेती कर रहे हैं। जशपुर के मनोर और बगीचा विकासखंड तथा शैला, छतौरी, करदना व छिछली जैसे पंचायतों में लगाए गए सेब के पौधों ने इस वर्ष उत्कृष्ट गुणवत्ता और आकार के फल दिए हैं। स्थानीय किसान बताते हैं कि जशपुर के सेब स्वाद और गुणवत्ता के लिहाज से कश्मीर व हिमाचल के सेबों के समकक्ष हैं। रूरल डेव्हलपमेंट एंड डेव्हलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि जशपुर जिले के 410 किसानों ने अपने 1-1 एकड़ जमीन पर सेब की खेती कर रहे हैं। इसी तरह जिले में नाशपाती के बाग लगभग 3,500 एकड़ में फैले हुए हैं, जहाँ 3,500 से अधिक किसान नाशपाती की खेती कर रहे हैं। जिले के सन्ना, पंडरापाठ, कंवई, महुआ, सोनक्यारी, मनोरा, धवईपाई, गीधा आदि लाखों में नाशपाती की खेती हो रही है। यहीं से नाशपाती पैक कर दिल्ली, उत्तरप्रदेश और उड़ीसा सहित दूसरे राज्यों में भेजी जाती है। नाशपाती का वार्षिक उत्पादन लगभग 1,75,000 क्विंटल तक पहुँच चुका है। किसानों को नाशपाती से प्रति एकड़ वार्षिक आमदनी लगभग एक से डेढ़ लाख रुपये मिल रहा है। उद्यान विभाग के अधिकारियों के अनुसार राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और बाजार पहुँच जैसी योजनाएँ हैं, जिनसे किसान आत्मनिर्भर बने हैं और नई फसल विविधिकरण के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण प्राप्त कर रहे हैं। जशपुर में चाय की खेती पहले से होती आ रही है और यहां की चाय पत्ती की गुणवत्ता अच्छी है। अब जशपुर में सेब व नाशपाती उत्पादन के सफल विकास से जशपुर न केवल नए बाजारों के रूप में स्थापित हुआ है बल्कि स्थानीय किसानों के जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार आया है। भविष्य में इन फसलों का दायरा और विस्तारित करने की योजना है।

## पृष्ठ एक का शेष

### बिहार को विकसित और ...

दवा, आईटी, टेक्नोलॉजी, एमएसएमइ और छोटे उद्योगों के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने उद्योगपतियों से बिहार में निवेश बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि अब बिहार छोड़कर जाने का नहीं बल्कि घर वापसी का समय है। सरकार ने प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर भी बड़ा संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी आवेदन पर 10 दिनों तक कार्रवाई नहीं होने पर संबंधित अधिकारी को नोटिस दिया जाएगा। वहीं 31 दिन तक कार्रवाई लंबित रहने पर निलंबन तक की कार्रवाई हो सकती है। कार्यक्रम के अंत में सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार को विकसित और समृद्ध राज्य बनाने में उद्योग जगत की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि जब बिहार आगे बढ़ेगा, तभी देश भी तेजी से विकास करेगा।

# ट्रैक्टर पलटने बाइक सवार किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को हुई दर्दनाक सड़क हादसे 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। यह हादसा देव-मदनपुर रोड पर पूर्णाडीह के समीप चिड़िया स्थान मंदिर के पास हुआ, जहां सड़क पर बने तीखे मोड़ पर ओवरटेक के दौरान एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बाइक पर पलट गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग दौड़ पड़े। मृतक की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के आजाद बिगहा गांव निवासी देव मुन्ना भुइयां उर्फ बीरी भुइयां के 14 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश कुमार के रूप में की गई है। वहीं घायल युवक की पहचान गांव के ही पांचु भुइयां के पुत्र राजू कुमार के रूप में हुई है। दोनों युवक बाइक से किसी जरूरी काम से मदनपुर की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि चिड़िया स्थान मंदिर के पास सड़क पर बेहद तीखा मोड़ है। इसी क्रम में बाइक चालक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था तभी पीछे से ट्रैक्टर ने



बाइक में टक्कर मार दी और संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर बाइक के ऊपर ही पलट गया। हादसे में दोनों युवक ट्रैक्टर के नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को बाहर निकालकर मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने ओमप्रकाश को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल राजू कुमार का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मदनपुर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर रहेगी विशेष नजर : एसडीओ

## बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने को लेकर अनुमंडलस्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, नगर निकाय प्रतिनिधियों तथा शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने कहा कि इस वर्ष ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व 28 मई को मनाए जाने की संभावना है। पर्व के अवसर पर जिले के विभिन्न मस्जिदों एवं ईदगाहों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा नमाज अदा की जाएगी तथा परंपरागत रूप से पशुओं की कुर्बानी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पर्व को शांतिपूर्ण,



सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। बैठक में विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर विस्तृत समीक्षा करते हुए बताया गया कि संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही संभावित अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर भारतीय न्याय संहिता, 2023 के विभिन्न प्रावधानों के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फ़ेसबुक, व्हाट्सएप एवं अन्य इंटरनेट माध्यमों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा अफवाह फैलाने वाली पोस्ट पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजनों से अपील की कि किसी भी अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में यह भी बताया गया कि विधि-व्यवस्था की किसी भी स्थिति से त्वरित रूप से निपटने हेतु जिला, अनुमंडल एवं थाना स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। वहीं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जिला पुलिस, एसटीएफ एवं सीआरपीएफ के द्वारा लगातार एरिया डोमिनेशन एवं गश्ती अभियान चलाया जाएगा ताकि पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह कायम रहे। बैठक में एसडीपीओ-1 सुशील कुमार, एसडीपीओ-2 आदित्य कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, नगर थानाध्यक्ष सहित शांति समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# फरार अभियुक्त के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई से हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के देव-मदनपुर रोड स्थित उतरी उमगा पंचायत के उमगा टोले बर्छीवीर गांव में रविवार को पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। न्यायालय के आदेश पर हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। जानकारी के अनुसार बर्छीवीर निवासी स्वर्गीय गंगा भुइयां के पुत्र बैजू भुइयां एक आपराधिक मामले में नामजद अभियुक्त है और लंबे समय से फरार चल रहा है। अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने के बाद न्यायालय से कुर्की-जब्ती का आदेश जारी किया गया था। रविवार को पीएसआई सुरेन्द्र कुमार तथा एएसआई श्रीकांत पाण्डेय पुलिस बल के साथ अभियुक्त के घर पहुंचे और न्यायालय के आदेश का तामिला करते हुए कुर्की की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने अभियुक्त के घर से जब्त सामानों को थाना लाया है। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके में पुलिस की कड़ी मौजूदगी रही। स्थानीय लोगों के अनुसार पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना रहा। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त के खिलाफ पुलिस की यह सख्त कार्रवाई अन्य अपराधियों के लिए भी चेतावनी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# बटाने पुल से भारी वाहनों के परिचालन पर रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ सं.-139 के किमी 141 पर अवस्थित बटाने पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए भारी वाहनों के आवागमन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आदेश निर्गत किया गया है। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल के कार्यपालक अभियंता द्वारा सूचित किया गया कि पथ निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बटाने पुल (कुल लंबाई 225 मीटर) काफी जर्जर स्थिति में है। पुल के विभिन्न गर्डरों में दरार तथा बियरिंग के पेडस्टल के पास भी दरार पाई गई है। निरीक्षण के दौरान लिए गए स्थलीय फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराए गए हैं। संभावित दुर्घटना की आशंका को देखते हुए कार्यपालक अभियंता द्वारा तत्काल प्रभाव से भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने तथा केवल हल्के वाहनों के आवागमन की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था। उक्त प्रतिवेदन एवं स्थलीय स्थिति के




अवलोकन के उपरांत उनके द्वारा बटाने पुल से भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आदेश दिया गया है। पुल से केवल हल्के वाहनों के परिचालन की अनुमति रहेगी। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक संकेतक बोर्ड एवं क्रैश बैरियर लगाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही भारी वाहनों के वैकल्पिक परिचालन हेतु अम्बा से देव (एनएच-19) एवं अम्बा से बारून (एनएच-19) भाया नवीनगर मार्ग पर आवश्यक संकेतक बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया गया है ताकि भारी वाहनों के परिचालन में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त संबंधित पुल की मरम्मति हेतु अविलंब आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा की गई कार्रवाई से जिला प्रशासन को यथाशीघ्र अवगत कराने का निर्देश भी दिया गया है।

# स्कूल गई दो छात्रा चार दिनों से लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत पौथु बाजार से दो किशोरी रहस्यमय तरीके से लापता हो गई है। दोनों छात्राएं नौवी कक्षा में पढ़ती हैं और बीते चार दिनों से उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों के अनुसार, 20 मई को दोनों छात्राएं घर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पौथु के लिए निकली थीं। दोनों सहेलियां है और रोजाना साथ ही स्कूल जाया करती थीं। स्कूल के बाद वे ट्यूशन भी जाती थीं और शाम तक घर लौट आती थीं। लेकिन उस दिन देर शाम तक जब दोनों घर नहीं पहुंचीं, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। अगले दिन परिजन स्कूल पहुंचे, जहां जानकारी मिली कि दोनों छात्राएं लंच टाइम तक स्कूल में मौजूद थीं। स्कूल से लंच के बाद दोनों ने बैंक जाने की बात कही थी और फिर वहां से निकल गईं। गांव के एक ऑटो ड्राइवर ने भी बताया कि दोनों किशोरियां बराही स्थित बैंक तक गई थीं। इसके बाद परिजन बैंक पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई। फुटेज में दोनों छात्राएं बैंक में प्रवेश करती दिखाई दीं। बैंक से निकलने के बाद दोनों जाखिम रेलवे स्टेशन की ओर जाती दिखीं। इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। काफी प्रयास के बाद भी सफलता नहीं मिलने पर परिजनों ने थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई। प्रभारी थानाध्यक्ष प्रेम कुमार ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल फोन के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि दोनों किशोरियां बराही बैंक से पैसा निकालने पहुंची थीं। वहां से वे फ़ेसर पहुंचीं और फिर ऑटो से औरंगाबाद के रमेश चौक तक गईं। इसके बाद उनकी लोकेशन नहीं मिल सकी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगातार छापेमारी और पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही दोनों छात्राओं को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का रविवार को सम्राट अशोक भवन में समापन हो गया। जिला प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन संगठन की मजबूती, वैचारिक स्पष्टता और राष्ट्रहित में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तृत मंथन हुआ। प्रशिक्षण शिविर में पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यशैली, अनुशासन, सेवा भावना और जनसंपर्क की बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के



संकल्प के साथ कार्य करने वाला कार्यकर्ता आधारित संगठन है। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही पार्टी कार्यकर्ताओं का मुख्य उद्देश्य है। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा समाज के हर वर्ग से संवाद बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेंद्र ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को नई दिशा और ऊर्ज़ा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज सेवा में जुटा है। राज्यसभा सांसद शिवेश राम ने संगठन की वैचारिक शक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। वहीं दीघा विधायक संजीव चौरसिया ने कार्यकर्ताओं से आम लोगों के बीच जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की अपील की। प्रशिक्षण शिविर में विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह, औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख आदित्य रजक, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा तथा जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व विधायक सुरेश मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, युवा मोर्चा के नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए। समापन सत्र में कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता और जनसेवा के संकल्प के साथ प्रशिक्षण शिविर से नई ऊर्ज़ा लेकर लौटने की बात कही।

# विभिन्न मामलों में 68 गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** औरंगाबाद पुलिस ने जिले में अपराध नियंत्रण एवं विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 68 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान हत्या, बालात्कार, पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, मद्यनिषेध और वारंट मामलों में कार्रवाई की गई। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्तों में हत्या के दो, बलात्कार के एक, पॉक्सो एक्ट के एक, एससी-एसटी एक्ट के दो तथा मद्यनिषेध अधिनियम के 21 आरोपी शामिल हैं। इसके अलावा अन्य मामलों में 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान 53 वारंटों एवं एक कुर्की का निष्पादन भी किया गया। जिले में शराब के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने 81.30 लीटर देसी शराब तथा 124 लीटर विदेशी शराब बरामद की गयी है।

# बोलेरो के धक्के से बाइक सवार महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 42 साल की महिला की मौत हो गई। तेतरिया मोड़ स्थित निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चालक गाड़ी समेत फरार हो गया। मृतका की पहचान मंजु देवी के रूप में की गई है। मंजु देवी अपने बेटे सोनू कुमार के साथ बाइक से नवीनगर रोड स्टेशन जा रही थीं। उन्हें किसी रिश्तेदार के घर सासाराम जाना था, जिसके लिए वे घर से निकली थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेतरिया मोड़ पथ रेलवे क्रॉसिंग के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो अचानक बेकाबू हो गई और बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मां-बेटे सड़क पर गिर पड़े। हादसे में मंजु देवी के सिर में गंभीर चोट लगी जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बेटा सोनू कुमार घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल बेटे की मदद से मंजु देवी को अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में भी शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर नवीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। थाना अध्यक्ष मृत्युंजय उपाध्याय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस फरार बोलेरो ड्राइवर और गाड़ी की पहचान में जुटी हुई है।

# सड़क निर्माण कार्य के दौरान युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत ईटार गांव निवासी भागीरथ यादव के पुत्र सहेन्द्र यादव (35 वर्ष) की हसपुरा में सड़क निर्माण कार्य के दौरान संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि सहेन्द्र यादव मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे और इन दिनों हसपुरा क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए थे। काम के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथी मजदूरों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि सड़क निर्माण के दौरान किसी बिजली तार या उपकरण की चपेट में आने से सहेन्द्र यादव की मौत हुई है। हालांकि प्रशासन की ओर से अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण हसपुरा पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने घटना की निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गयी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# बकरीद को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर औरंगाबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रही है। इसी कड़ी में रविवार को नवीनगर थाना क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों एवं संवेदनशील इलाकों में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में पुलिस अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में जवान शामिल रहे। पुलिस बल ने पैदल मार्च करते हुए लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा पर्व को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। मार्च के दौरान पुलिस ने बाजार क्षेत्र, धार्मिक स्थलों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों का जायजा लिया। अधिकारियों ने संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# पुलिस टीम पर हमला करने समेत समेत अन्य मामलों में आठ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** जिले के नवीनगर और टंडवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक ओर जहां शराब कारोबारी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया, वहीं दूसरी ओर मारपीट और हत्या के प्रयास मामले में पांच आरोपियों को दबोचा गया। पहला मामला नवीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या-12 भवानो खाप का है, जहां शराब मामले के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बीती रात पुलिस टीम शराब कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी पक्ष के लोगों ने अचानक पुलिस टीम पर हमला बोल दिया और जवानों के साथ मारपीट की। इस घटना में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विजय पासवान, निरंजन पासवान और पप्पू पासवान को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपी भवानो खाप के निवासी बताए जाते हैं। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं दूसरी कार्रवाई टंडवा थाना क्षेत्र के कर्मा लहंग गांव में की गई, जहां मारपीट और हत्या के प्रयास मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में कुंदन कुमार, संतोष कुमार, सुनील कुमार, गोलू कुमार और अभिषेक कुमार शामिल हैं। सभी आरोपी कर्मा लहंग गांव के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार कुछ दिन पूर्व गांव में दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट हुई थी जिसके बाद हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने कांड दर्ज कर जांच शुरू की थी। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सभी आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

